www.epaper.azadsipahi.in

25 नवंबर, 2025
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 11, अंक 37


भारत-दक्षिण अफ्रीका मैच : टिकट की ऑफलाइन बिक्री आज से शुरू



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHARM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## बॉलीवुड के 'ही-मैन' का 89 वर्ष में निधन, हुआ अंतिम संस्कार

- विले पार्ले श्मशान घाट में परिवार के लोगों के अलावा अमिताभ बच्चन, सलमान खान समेत अन्य अभिनेता-अभिनेत्री और फिल्मी हस्तियां मौजूद थे




आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र (ही-मैन) का निधन हो गया है। 89 साल के धर्मेंद्र ने सोमवार दोपहर अपने घर पर अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार विले पार्ले श्मशान भूमि में हुआ। जिसमें सलमान खान, संजय दत्त, अमिताभ बच्चन, आमिर खान, संजय दत्त, शाहरुख खान समेत कई अभिनेता-अभिनेत्री और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोग पहुंचे। धर्मेंद्र के घर पर भी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का पहुंचना रात तक जारी रहा। सभी ने पत्नी हेमा मालिनी और परिवार के अ्न्य सदस्यों से मुलाकात कर संवदेना व्यक्त की।

उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत हर क्षेत्र से लोगों ने अभिनेता धर्मेंद्र के निधन पर दुख व्यक्त किया है। बताते चलें कि सोमवार दोपहर लगभग एक बजे धर्मेंद्र के घर के बाहर एंबुलेंस पहुंची थी। घर के बाहर बैरिकेडिंग, सिक्योरिटी बढ़ायी गयी। साथ ही विले पार्ले श्मशान भूमि में सिक्योरिटी बढ़ायी गयी। इस बीच 1 बजकर 10 मिनट पर आइएएनएस ने धर्मेंद्र के निधन की जानकारी दी। इसके बाद उनका पार्थिव शरीर एम्बुलेंस से श्मशान घाट पहुंचाया गया। दोपहर 3 बजे के करीब धर्मेंद्र का अंतिम संस्कार हुआ। धर्मेंद्र कुछ समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। उन्हें 10 नवंबर को सांस लेने में दिक्कत आयी थी, जिसके बाद मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती किया गया। इस दौरान उन्हें वैंटिलेटर में रखा गया। धर्मेंद्र को 12 नवंबर को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया था। **(पेज 12 भी देखें)**

### एक युग के अंत का प्रतीक: नरेंद्र मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि धर्मेंद्र जी का निधन भारतीय सिनेमा के एक युग के अंत का प्रतीक है। वह एक प्रतिष्ठित फिल्म हस्ती थे, एक अद्भुत अभिनेता, जिन्होंने हर किरदार में गहराई और आकर्षण भरा। विभिन्न भूमिकाओं को निभाने का उनका अंदाज अनगिनत लोगों के दिलों को छू जाता था। धर्मेंद्र जी को उनकी सादगी, विनम्रता और गर्मजोशी के लिए भी उतना ही सराहा जाता था। इस दु:ख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, मित्रों और असंख्य प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति।

### अंतिम जोहार ही-मैन : हेमंत सोरेन



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कहा कि भारतीय सिनेमा के महान अभिनेता धर्मेंद्र जी के निधन का समाचार अत्यंत व्यथित करने वाला है। धर्मेंद्र जी ने अपने सरल, सहज और प्रभावशाली अभिनय से पीढ़ियों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी। उनका व्यक्तित्व जितना विनम्र था, उतना ही प्रेरणादायक भी। धर्मेंद्र जी का जाना फिल्म जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। मैं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए मरांग बुरु से प्रार्थना करता हूं और शोकग्रस्त परिवारजनों, उनके प्रशंसकों एवं शुभचिंतकों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। अंतिम जोहार ही-मैन!

### दिशोम गुरु के सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

## झारखंड के युवाओं के सपनों को मिलेगी नयी उड़ान : हेमंत सोरेन

- सीएम ने दुमका में सिदो-कान्हू एयरपोर्ट से 'झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट' का किया शुभारंभ
- विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास
- लाभुकों के बीच नियुक्ति पत्र, परिसंपत्तियों का वितरण हुआ



आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर झारखंड विकास के एक नये दौर में प्रवेश कर रहा है। संथाल परगना से खींची गयी विकास की लकीर अब राजधानी रांची तक फैलेगी। यह सिर्फ भौगोलिक विस्तार नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम है। आने वाले समय में यह फ्लाइंग इंस्टीट्यूट राज्य के युवाओं के सपनों को साकार करने के साथ-साथ झारखंड को विमानन प्रशिक्षण के क्षेत्र में देशभर में एक विशिष्ट पहचान दिलायेगा। वर्ष 2008 में जिसकी आधारशिला रखी गयी थी, उस फ्लाइंग इंस्टीट्यूट ने आज अपने सपनों के पंख खोल दिये हैं। यह सिर्फ एक संस्थान नहीं बल्कि बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री सोमवार को दुमका में सिदो-कान्हू एयरपोर्ट से 'झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट' के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे।

**हेमंत ने प्रशिक्षण तकनीक के बारे में ली जानकारी :** इस मौके पर हेमंत सोरेन ने प्रशिक्षण से जुड़ी हर बारीकी को गहरायी से समझा। उन्होंने स्वयं प्रशिक्षुओं और कैप्टन के साथ मिलकर विमानन प्रशिक्षण की तकनीकों, उपकरणों और ट्रेनिंग के हर पहलू का निरीक्षण किया। इस दौरान विमानन सुरक्षा, पायलटों को दी जाने वाली कड़ी थ्योरी कक्षाओं, सिम्युलेटर ट्रेनिंग, फ्लाइट ऑपरेशंस और आपात स्थिति प्रबंधन को भी देखा।

**हमारी सरकार जो कहती है, करके दिखाती है :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जो कहती है, करके दिखाती है। राज्य की आधी आबादी को सशक्त बनाने के लिए सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, और आर्थिक सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में विशेष कदम उठाये हैं। मुख्यमंत्री ने शिक्षा से जुड़ी मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना का जिक्र करते हुए युवाओं को मिलनेवाले लाभ के बारे में बताया।

**सरकार हेडक्वार्टर से नहीं बल्कि गांव से चलती :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हेडक्वार्टर से नहीं बल्कि गांवों से चलने वाली सरकार है। इस दिशा में 'सेवा का अधिकार' कार्यक्रम एक अहम पहल बनकर उभरा है, जिसके तहत अधिकारी अब पंचायत स्तर पर जाकर सीधे ग्रामीण जनता की समस्याओं को सुनकर समाधान कर रहे हैं। अभी पंचायत स्तर तक शिविर लगाये जा रहे हैं। आप सरकारी योजनाओं के लिए आवेदन भी शिविरों में ही कर सकते हैं।

**190.647 करोड़ रुपये की योजनाओं का उद्घाटन :** मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों की 190.647 करोड़ रुपये की 12 योजनाओं का उद्घाटन एवं 123.48 करोड़ रुपये की 14 योजनाओं की आधारशिला रखी। साथ ही 23 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस अवसर पर सांसद नलिन सोरेन, विधायक बसंत सोरेन, प्रदीप यादव, लुईस मरांडी और विधायक आलोक सोरेन के अलावा जिला परिषद अध्यक्ष जॉयस बेसरा, मुख्य सचिव अविनाश कुमार समेत अन्य अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद थे।

### 15 पायलटों के प्रशिक्षण का खर्च सरकार उठायेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फ्लाइंग इंस्टीट्यूट के माध्यम से पहले चरण में 30 पायलटों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। इनमें से 15 पायलटों के प्रशिक्षण का पूरा खर्च राज्य सरकार स्वयं वहन करेगी। इससे झारखंड के युवाओं को न केवल उच्चस्तरीय विमानन प्रशिक्षण मिलेगा, बल्कि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकेंगे। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान राज्य सरकार ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए हवाई जहाज से हजारों प्रवासी श्रमिकों को उनके घर सुरक्षित वापस लाया था। आज उन्हीं श्रमिक परिवारों के बेटों और बेटियों में से पायलट और विमान इंजीनियर तैयार करने की दिशा में ठोस कदम उठाया जा रहा है। यह बदलाव की वह कहानी है जो झारखंड की नयी उड़ान का संकेत दे रही है।

## सरकार निकाय चुनाव कराने को तैयार

- हाइकोर्ट में हुई सुनवाई, कहा कि तैयारी करने के लिए आठ सप्ताह और इसके बाद 45 दिन की जरूरत
- कोर्ट ने 30 मार्च को अगली सुनवाई की दी तारीख

### 9 नगर निगम, जहां होने हैं चुनाव

रांची, हजारीबाग, मेदनीनगर, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, चास, आदित्यपुर और मानगो।

### 20 नगर परिषद, जहां होने हैं चुनाव

गढ़वा, विश्रामपुर, चाईबासा, झुमरी तिलैया, चक्रधरपुर, चतरा, चिरकुंडा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, गुमला, जुगसलाई, कपाली, लोहरदगा, सिमडेगा, मधुपुर, रामगढ़, साहिबगंज, फुसरो और मिहिजाम।

### 19 नगर पंचायत, जहां होने हैं चुनाव

बंशीधर नगर, मझिआंव, हुसैनाबाद, हरिहरगंज, छतरपुर, लातेहार, कोडरमा, डोमचांच, बड़की सरैया, धनवार, महगामा, राजमहल, बरहरवा, बासुकीनाथ, जामताड़ा, बुंडू, खूंटी, सरायकेला, चाकुलिया।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में लंबे समय से लंबित शहरी निकाय चुनाव नहीं होने पर रौशनी खलखो की ओर से दायर अवमानना याचिका पर सोमवार को झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस आनंदा सेन की अदालत में सुनवाई हुई। राज्य निर्वाचन आयोग ने कोर्ट को बताया है कि विस्तृत तैयारी के लिए आठ सप्ताह की जरुरत पड़ेगी। साथ ही चुनावी प्रक्रिया पूर्ण करने में अतिरिक्त 45 दिन लगेंगे। इस बाबत सीलबंद शपथ पत्र 22 नवंबर को ही दाखिल कर दिया गया था।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता विनोद सिंह ने ईटीवी भारत को बताया कि सभी पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 30 मार्च तय कर दी है।

**राज्य निर्वाचन आयोग ने तैयारी के लिए मांगा समय :** प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह जबकि राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने पक्ष रखा। वहीं राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया ने दलील पेश की। महाधिवक्ता ने बताया कि चुनाव से जुड़े सभी निर्णयों की प्रतियां राज्य निर्वाचन आयोग को दे दी गयी हैं। वहीं, राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से कहा गया है कि चुनाव कराने को लेकर आयोग गंभीर है, लेकिन इसकी तैयारी के लिए आठ सप्ताह और चुनाव प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए 45 दिन लगेंगे। कोर्ट ने राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से दाखिल सीलबंद शपथ पत्र का अवलोकन करने के लिए सुनवाई की अगली तारीख 30 मार्च 2026 तय की है।

### वन भूमि-जमीन घोटाले में फंसे निलंबित आइएएस विनय चौबे

## चौथी एफआइआर दर्ज, रिमांड पर हजारीबाग ले गयी एसीबी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** निलंबित आइएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। शराब घोटाले में गिरफ्तारी के बाद अब वह जमीन और वन भूमि घोटाले के मामलों में घिर गये हैं। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) हजारीबाग की टीम सोमवार को उन्हें पुलिस रिमांड पर लेकर हजारीबाग ले गयी। विनय कुमार चौबे, जो फिलहाल रिम्स के मेडिकल वार्ड में भर्ती थे, उन्हें एसीबी की टीम ने वहीं से रिमांड पर लिया है। एसीबी ने उन्हें वन भूमि घोटाले से जुड़े एक मामले में पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है।

विनय चौबे पर यह कार्रवाई एसीबी हजारीबाग थाने के कांड संख्या 11/25 के तहत दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में हुई है। यह प्राथमिकी 25 सितंबर को दर्ज की गयी थी। इस मामले में हजारीबाग के तत्कालीन डीसी निलंबित विनय कुमार चौबे के अलावा, उनके करीबी माने जाने वाले नेक्सजेन ऑटोमोबाइल के संचालक विनय सिंह और उनकी पत्नी स्निग्धा सिंह को भी नामजद आरोपी बनाया गया है। वहीं, एसीबी ने उनके खिलाफ चौथी प्राथमिकी दर्ज की है। यह मामला उनके कार्यकाल के दौरान हुई कथित अनियमितताओं से जुड़ा है। एसीबी इस मामले की गहन जांच कर रही है। एसीबी रांची थाने में 24 नवंबर को कांड संख्या 20/2025 को दर्ज यह प्राथमिकी आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में दर्ज की गयी है। पीइ जांच में पुष्टि के बाद एसीबी ने यह प्राथमिकी दर्ज की है।

### झारखंड सरकार ने शुरू की जनगणना की तैयारी

## मुख्यमंत्री ने जिला से लेकर ग्राम पंचायत के सीमाओं के परिवर्तन पर लगायी पाबंदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जनगणना को लेकर झारखंड सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री ने जिला से लेकर ग्राम पंचायत के सीमाओं के परिवर्तन पर पाबंदी लगा दी है। 1 मार्च 2027 से शुरू हो रहे जनगणना को लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनगणना अधिनियम 1948 के तहत जनगणना नियम 1990 के नियम-8 (चार) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत की जनगणना-2027 के लिए झारखंड राज्य की सभी प्रशासनिक इकाइयों यथा, जिला, अनुमण्डल, प्रखंड, नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत, छावनी परिषद, वार्ड, पंचायत, ग्राम आदि के प्रशासनिक क्षेत्राधिकार की सीमाओं में एक जनवरी 2026 से 31 मार्च 2027 तक किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किए जाने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने क्षेत्राधिकार की सीमाओं में 31.12.2025 तक हुए परिवर्तनों से संबंधित सूचना एवं वांछित अधिसूचना निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय झारखंड रांची को अग्रसारित किये जाने का निर्देश दिया है।

## देश के 53वें सीजेआइ बने जस्टिस सूर्यकांत

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** जस्टिस सूर्यकांत ने सोमवार को देश के 53वें मुख्य न्यायाधीश (सीजेआइ) के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में हुए समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें पद की शपथ दिलायी। इसके बाद उन्होंने वहां मौजूद बहन और बड़े भाई के पैर छुए। इस कार्यक्रम में उनके परिवार के लोग भी शामिल हुए। शपथ के बाद सीजेआइ सूर्यकांत ने वहां मौजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत अन्य लोगों से मुलाकात की। वे पूर्व सीजेआइ बीआर गवई से गले मिले। इस समारोह में ब्राजील समेत सात देशों के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के जज भी राष्ट्रपति भवन पहुंचे। भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में पहली बार किसी सीजेआइ के शपथ ग्रहण में इतने बड़े अंतरराष्ट्रीय न्यायिक प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी रही।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राम मंदिर में धर्मध्वजा फहरायेंगे

- सीएम योगी ने लिया तैयारियों का जायजा
- आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पहुंचे, किया गया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर पर धर्मध्वजा फहराने की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। शहर को 1000 क्विंटल फूलों से सजाया जा रहा है। मंदिर पर फहरायी जाने वाली धर्मध्वजा जन्मभूमि पहुंच चुकी है। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंदिर के 191 फीट ऊंचे शिखर पर पहली बार ध्वजा फहरायेंगे। राम जन्मभूमि और आसपास की सिक्योरिटी बढ़ा दी गयी है। हेलिकॉप्टर से निगरानी की जा रही है। एटीएस-एनएसजी कमांडो ने मंदिर को घेर रखा है। इसके अलावा एसपीजी, सीआरपीएफ और पीएसी के जवान भी तैनात हैं। पांच लेयर में मंदिर की सुरक्षा है।

**योगी ने राम मंदिर की निरीक्षण किया :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार शाम राम मंदिर परिसर पहुंचे। उन्होंने तैयारियों का जायजा लिया। मंदिर का निरीक्षण किया। इसी दौरान वहां पहुंचे संघ प्रमुख मोहन भागवत का हाथ जोड़कर स्वागत किया। इस दौरान श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के जनरल सेक्रेटरी चंपत राय और आरएसएस नेता इंद्रेश कुमार भी मौजूद थे। योगी ने राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण से पहले पूर्व संध्या पर सीएम योगी हनुमानगढ़ी भी पहुंचे। यहां उन्होंने पूजा-अर्चना की।

**श्रद्धालुओं से दर्शन के लिए नहीं आने की अपील :** राम मंदिर ट्रस्ट ने अपील की है कि 25 नवंबर को आम श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए नहीं आयें। समारोह में उन 100 दानदाताओं को आमंत्रित किया गया है, जिन्होंने राम मंदिर के निर्माण में दो करोड़ से ज्यादा दान दिया था।

**राम मंदिर के दंड पर 21 किलो सोना मढ़ा गया :** अयोध्या के राम मंदिर के 161 फिट ऊंचे दंड पर सोना मढ़ा जा रहा है। करीब 21 किलो सोना, इस दंड पर लग रहा है। इस काम को मुंबई से आये कारीगर तेजी से पूरा कर रहे हैं। ध्वजारोहण के अवसर पर संस्कृति विभाग द्वारा अयोध्या में 15 सांस्कृतिक मंच बनाए गए हैं। दो दिनों में 500 से अधिक कलाकार और लोग गायक, नृत्यांगना अपनी प्रस्तुति देंगे। **(पेज 2 भी देखें)**



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
200000 Subscribers
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# ध्वजारोहण समारोहः उल्लास में डूबी अयोध्या, गूंज रहे मंत्रोच्चार

## सुरक्षा के कड़े इंतजाम, हेलीकॉप्टर से हो रही निगरानी






आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** यूपी के अयोध्या स्थित राम मंदिर में 25 नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण समारोह के उल्लास में रामनगरी डूबी हुई है। देश-दुनिया से बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं के साथ ही संत महंतों में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों राम मंदिर के शिखर पर होने वाले ध्वजारोहण का उल्लास छाया हुआ है। संत और श्रद्धालु खुशी से सराबोर होकर नृत्य कर रहे हैं। जय श्रीराम का उद्घोष गूंज रहा है। श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर खुद को धन्य मान रहे हैं। ध्वजारोहण समारोह के दिन आम श्रद्धालुओं का प्रवेश राममंदिर में बंद रहेगा। 26 नवंबर को वीआइपी दर्शन नहीं होंगे। जबकि, आम श्रद्धालु राम मंदिर में जा सकेंगे। ध्वजारोहण के अगले दिन बड़ी संख्या में भक्तों के अयोध्या पहुंचने की संभावना है।

### राम मंदिर में ध्वजारोहण की शुभघड़ी

रामनगरी ही नहीं समूचे देश और दुनिया के लिए 25 नवंबर दिन ऐतिहासिक होगा। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिव्य और भव्य राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण करेंगे। पीएम के आगमन से पहले अयोध्या सज संवरकर तैयार हो गयी है। राम मंदिर के सभी प्रवेश द्वारों को फूलों से सजाया गया है। रामपथ पर भी भव्य सजावट की गयी है।

### जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य द्वार से प्रवेश करेंगे पीएम

मंगलवार को सुबह 9:30 बजे प्रधानमंत्री मोदी महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। वहां पर सेना के तीन हेलीकॉप्टर लगाये गये हैं। एक हेलीकॉप्टर पर पीएम मोदी होंगे तो दो हेलीकॉप्टर उनकी सुरक्षा में लगाये गये हैं। तीनों हेलीकॉप्टर एयरपोर्ट से उड़ान भरकर लगभग 12 किलोमीटर दूर साकेत महाविद्यालय पहुंचेंगे, जहां पर तीन हेलीपैड बनाये गये हैं। यहां पीएम मोदी का हेलीकॉप्टर लैंड होगा। यहां से सड़क मार्ग से रामपथ पर लगभग एक किमी दूर वीआइपी गेट नंबर 11 यानी जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य द्वार से राम मंदिर में प्रवेश करेंगे।

### सुरक्षा और सजावट के पुख्ता इंतजाम

साकेत महाविद्यालय से इस द्वार तक रामपथ पर सुरक्षा और सजावट के पुख्ता व भव्य इंतजाम युद्ध स्तर पर किये जा रहे हैं। इसकी निरंतर मॉनीटरिंग भी प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से की जा रही है। हेलीकाप्टर से नजर रखी जा रही है। रविवार को सेना के हेलीकाप्टर ने आकाश पर गरजे। उन्होंने घूम-घूमकर राम मंदिर व आसपास का जायजा लिया।

### पुष्प वर्षा से होगा पीएम का स्वागत

इस एक किमी के रास्ते में 12 स्थान पर उनका पुष्प वर्षा से स्वागत होगा। सात जगह पर सांस्कृतिक मंच बनाये गये हैं। जहां लोक कलाकार गायन, नृत्य और वादन से स्वागत करेंगे। साकेत महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर 501 वैदिक आचार्य और बटुक स्वस्ति वाचन करेंगे। प्रधानमंत्री राम मंदिर परिसर में बने सप्त ऋषि मंदिर और शेषावतार मंदिर में भी ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद बटन दबाकर राम मंदिर के मुख्य शिखर पर ध्वजारोहण करेंगे। फिर देश के नाम उनका संबोधन होगा। दोपहर लगभग 1:30 बजे पीएम मोदी अयोध्या से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

### ध्वजारोहण की लाइव झलक दिखाएंगी 50 से अधिक एलइडी स्क्रीन

रामनगरी एक बार फिर विश्व पटल पर एक नया अध्याय लिखने जा रही है। ध्वजारोहण समारोह में होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा। देश-दुनिया का हर व्यक्ति इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बन सकेगा। इसके लिए सूचना विभाग ने बड़े पैमाने पर तकनीकी व्यवस्था की है। अयोध्या नगर, तहसील और ब्लॉक स्तर पर 50 से अधिक स्थानों पर एलईडी स्क्रीन और एलईडी वैन लगाई जा रही हैं। इन प्रमुख स्थानों में पोस्ट ऑफिस, तुलसी स्मारक भवन, कारसेवकपुरम, टेढ़ी बाजार, रेलवे स्टेशन, सूर्यकुंड, गुप्तार घाट, रामकथा पार्क व मीडिया सेंटर शामिल हैं। बस स्टैंड, सहादतगंज, देवकाली बाईपास व उदया चौराहा सहित कई अन्य स्थानों पर भी एलईडी वैन तैनात की जाएंगी। इन स्क्रीन के माध्यम से हर नागरिक अपने घर, मोहल्ले व बाजार से इस अलौकिक आयोजन को देख सकेगा।

**हाईटेक मीडिया सेंटर तैयार :** जिला सूचना अधिकारी संतोष द्विवेदी ने बताया कि समारोह की कवरेज करने के लिए देश-विदेश से आने वाले पत्रकारों की सुविधा के लिए हनुमान गुफा पार्किंग के पास 20 हजार वर्ग फीट में हाईटेक मीडिया सेंटर तैयार किया गया है। इसमें 1500 पत्रकारों के बैठने की व्यवस्था की गई है। हाई स्पीड इंटरनेट और वाई-फाई सुविधा उपलब्ध रहेगी। चार बड़ी एलईडी स्क्रीन सूचना संकलन के लिए लगाई जा रही है। मीडिया प्रतिनिधियों के लिए कैफेटेरिया भी होगा। 24 व 25 नवंबर को संचालित यह मीडिया सेंटर इस आयोजन को वैश्विक स्तर पर प्रचारित करने का केंद्र बिंदु बनेगा।

### सुरक्षा व सजावट की नजीर होगा रामपथ

ध्वजारोहण समारोह में आ रहे प्रधानमंत्री के लिए रामपथ सुरक्षा और सजावट की नजीर बनेगा। पीएम मोदी के काफिले के गुजरने वाले मार्ग पर सुरक्षा के लिए दोहरे स्तर पर बैरिकेडिंग की जा रही है। सांस्कृतिक मंच सजने लगे हैं। पथ के दोनों तरफ घरों व प्रतिष्ठानों पर भगवा ध्वज लहरा रहे हैं। पीएम मोदी के मूवमेंट के दौरान कोई भी शख्स फुटपाथ से रामपथ पर नहीं आ सकेगा।

### पीएम मोदी की बड़ी होर्डिंग लगी

आइटीआइ होते हुए साकेत महाविद्यालय से राम मंदिर के जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य द्वार तक रामपथ के दोनों तरफ सूचना व जनसंपर्क विभाग की ओर से पीएम मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत की तस्वीरों वाली बड़ी-बड़ी होर्डिंग लगा दी गयी हैं। इसमें नव्य, भव्य और दिव्य अयोध्या का संदेश अंकित है। कुछ होर्डिंग पर अयोध्या की विकास यात्रा भी उल्लेख किया गया है। पीएम मोदी के प्रवेश करने वाले द्वार के आसपास भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों की ओर से भी पीएम के स्वागत के लिए होर्डिंग लगवायी गयी हैं।

### रामपथ के किनारे पेड़ों पर भी लाइटिंग

पीएम मोदी के आवागमन के पूरे रूट पर रामपथ के दोनों तरफ स्थित भवनों का फसाड व्यवस्थित किया जा रहा है। एक ही रंग में रंगे सभी भवनों की नये सिरे से पुताई करा दी गयी है। स्थायी बैरिकेडिंग की भी नये सिरे से पुताई हुई है। इस पूरे मार्ग पर मैनहोल के किनारे के गड्ढों को पाट दिया गया है, ताकि पीएम मोदी को वाहन से गुजरने के दौरान हिचकोले भी न लगने पाये। रामपथ के किनारे पेड़ों पर भी लाइटिंग से सजावट की गयी है। डिवाइडर पर फूलों के गमले रखवा दिये गये हैं।

राम मंदिर के शिखर पर फहराये जाने वाले ध्वज का विधिवत महापूजन रविवार को संपन्न हुआ। ध्वजारोहण समारोह के अनुष्ठानों के क्रम में तीसरे दिन रविवार को विभिन्न अनुष्ठान हुए। इसमें सबसे प्रमुख ध्वज पूजन रहा। ध्वज, जो केवल वस्त्र नहीं, बल्कि मर्यादा, संस्कृति और सनातन की परंपरा का साक्षात प्रतीक है को पूरे वैदिक विधान के साथ यज्ञ वेदी पर स्थापित किया गया। आचार्यों ने मंत्रोच्चार के मध्य इसे उसी श्रद्धा से अर्पित किया, जैसे देवत्व को अर्पित किया जाता है।

### अग्नि शिखाएं लोक कल्याण की कामना करती प्रतीत हुई

अनुष्ठान का केंद्र बना भव्य यज्ञकुंड, जिसमें विष्णु सहस्त्रनाम और गणेश अथर्वशीर्ष के मंत्रों के साथ आहुतियां अर्पित की गयीं। विष्णु सहस्त्रनाम के प्रत्येक नाम के साथ यज्ञकुंड से उठती अग्नि शिखाएं मानों लोक कल्याण की कामना करती प्रतीत हुईं। गणपति को समर्पित अथर्वशीर्ष के मंत्रों ने वातावरण को विघ्न विनाशक ऊर्जा से भर दिया। मंत्रध्वनि ऐसी थी मानों अयोध्या की धरती स्वयं भगवान राम और विष्णु के चरणों में नत हो रही हो।

### कलशों से छिड़का गया मंगल-जल

यज्ञाग्नि की लपटें और धूप की सुगंध मिलकर एक ऐसा दिव्य समागम रच रही थीं, जिसे देख श्रद्धालु अभिभूत हो उठे। आचार्यगणों ने पंचगव्य, गंगा जल, पुष्पजल और सुगंधित द्रव्यों से ध्वज का अभिषेक किया। इसके बाद ध्वज पर अक्षत और चंदन लगाया गया। शंखध्वनि और नगाड़ों की गूंज के बीच कलशों से मंगल-जल छिड़का गया। अंत में ध्वज को 'राम नाम' के उच्चारण के साथ सुशोभित आसन पर स्थापित किया गया। पूरी प्रक्रिया अनुशासन और दिव्यता से संपन्न हुई। ध्वजारोहण कार्यक्रम से पूर्व अयोध्याधाम सुरक्षा के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच चुका है। रविवार को दो हेलीकॉप्टरों ने लगभग एक घंटे तक शहर के संवेदनशील इलाकों का हवाई निरीक्षण किया। सूत्रों के अनुसार, इसमें सेना व विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) के अधिकारी सवार थे। हेलीकॉप्टरों ने राम जन्मभूमि मंदिर परिसर, सरयू घाट, साकेत महाविद्यालय और आसपास के प्रमुख स्थलों पर कई चक्कर लगाये।

### जलमार्ग की भी निगरानी की गयी

राम मंदिर के ऊपर से गुजरते हुए दोनों हेलीकॉप्टरों ने परिसर की सीमाओं, प्रवेश द्वारों और भीड़ प्रबंधन क्षेत्रों का बारीकी से जायजा लिया। सरयू घाट पर, जहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है, वहां जलमार्ग की निगरानी की गई। साकेत महाविद्यालय में विशेष रूप से बने हेलीपैड का भी परीक्षण किया गया, जहां पीएम मोदी एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से उतरने वाले हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह निरीक्षण एसपीजी की मंजूरी के बाद किया गया। इसमें ड्रोन नो-फ्लाई जोन, बैरिकेडिंग और इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीमों की पोजिशनिंग पर फोकस रहा।

---

## ढिबरा के नाम पर अभ्रक का हो रहा अवैध उत्खनन

# उजड़ रहे जंगल, माफिया हो रहे मालामाल





संजीव

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय से लगभग 6 किलोमीटर दूर ध्वजाधारी पहाड़ी के पीछे स्थित खलकथंबी, छतरबर के साथ ही सपही, गझंडी समेत कई अन्य इलाकों में अवैध खनन जोरों पर है। ढिबरा के नाम पर अभ्रक का अवैध उत्खनन करने और झुमरी-तिलैया स्थित विभिन्न माइका प्लांट में बेचने का काम लंबे अरसे से किया जा रहा है। यह भी बताया जाता है कि वन्य प्राणी आश्रयणी में इन इलाकों के होने के बावजूद विभाग के ही लोगों के संरक्षण के कारण अवैध खनन लगातार जारी है। इससे जहां बड़े पैमाने पर जंगल उजड़ रहे हैं वहीं माफिया और बिचौलिए मालामाल हो रहे हैं। अवैध खनन के बावजूद वन विभाग के द्वारा कार्रवाई नहीं किया जाना बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। यह भी बताया जाता है कि ढिबरा के नाम पर माइका का भंडार बनाया जाता है और फिर पाउडर बनाकर विदेश भेजा जाता है। अभी झुमरी-तिलैया में लगभग दो दर्जन जबकि डोमचांच में एक दर्जन से अधिक ढिबरा भंडारण के लिए गोदाम बनाये गये हैं। जांच हो तो इनमें बड़ी मात्रा में अभ्रक पाये जायेंगे। ज्ञात हो कि अभी पूरे कोडरमा जिले में अबरख का एक भी लीज नहीं है, बावजूद हर साल करोड़ों का व्यापार अवैध खनन को बढ़ावा देता है।

कोडरमा जिले में ढिबरा, ब्लू स्टोन और क्रशर- इन्हीं तीन के नाम पर व्यवसाय भी होता है तो राजनीति भी खूब होती है। अभी तीनों की स्थिति बदहाल है, अवैध के नाम पर ब्लू स्टोन का कारोबार बंद करा दिया गया तो वहीं प्रदूषण मानकों के कारण क्रशर का धंधा भी बंदी के कगार पर है। ढिबरा चुनने पर प्रतिबंध तो नहीं है पर उसे ढोने वाले वाहनों की धर-पकड़ के कारण अब लोग इसे चुनने से परहेज करने लगे हैं। पर इसके साथ जो सबसे बड़ी बात सामने आती है वह है ढिबरा के नाम पर अवैध उत्खनन। हाल में कई ऐसे मामले सामने आये जब देखा गया कि वन विभाग के संरक्षण में जंगली इलाकों में ढिबरा के नाम पर जेसीबी के जरिये माइका का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। इसमें कई बड़े माफिया भी शामिल हैं जो ढिबरा चुनने को वैधानिक रूप देना भी नहीं चाहते, हालांकि कई बार आंदोलन और धरना प्रदर्शन को फंडिंग जरूर करते हैं।

# इडी की सक्रियता से रामगढ़ में कोयला तस्करों और अफसरों की सांस फूल रही

## कोयला तस्करों ने मोबाइल फेंका और सिम कार्ड तोड़ा

रविवार की रात गिद्दी इलाके में घुसी इनोवा, खलबली

खाली ट्रक को भगाया, प्लांट के दरवाजे हुए बंद




बीरु कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड के धनबाद सहित अन्य जिलों में इडी की सक्रियता बढ़ने के कारण कोयला तस्करों के बीच हड़कंप मच गया है। सब लोग इडी से बचने के उपाय ढूंढने में व्यस्त हो गये हैं। कोयला तस्करी में संलिप्त कुछ अधिकारी, कोयला तस्कर, नेता, पत्रकार की सांसें फूलने लगी हैं। तस्करी संलिप्त लोग एक दूसरे से बात करने में कतरा रहे हैं। जिससे समझा जा सकता है कि इडी का खौफ कितना रामगढ़ में सर चढ़कर बोल रहा है।

**भारत सरकार लिखी इनोवा की रामगढ़ में इंट्री से तस्करों में हड़कंप :** कारोबार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि दो दिनों से लगातार पांच इनोवा वाहन पर सवार कुछ लोग कुजू, घाटो और गिद्दी इलाके में घूम रहे हैं। इनोवा के पीछे भारत सरकार लिखा हुआ है। जैसे ही तस्करों की नजर इनोवा कार पर पड़ी वैसे ही सबके पसीने छूटने लगे। तस्करों ने इनोवा घूमने की जानकारी संबंधित अधिकारियों और लोगों तक पहुंचा दी। इसके बाद कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया। साथ ही इनोवा वाहन पर निगरानी करने लगे।

**कोयला तस्करों ने तोड़े सिम कार्ड, फेंके मोबाइल :** सूत्रों ने बताया कि रामगढ़ में इडी के आने की सूचना के बाद कोयला तस्कर के अलावे कारोबार में शामिल लोगों के बीच खौफ का माहौल कायम हो गया। तस्कर सहित कारोबार में शामिल लोग आनन-फानन में कोयला तस्करी के प्रयोग में आने वाले मोबाइल को फेंक दिया। साथ ही उसमें लगे सिम को तोड़कर जमीन के अंदर दफना दिया।

**नयामोड़ से गिद्दी की ओर बढ़ा इनोवा का पहिया, प्लांटों के दरवाजे बंद :** इधर कारोबार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि रविवार की रात उस वक्त हड़कंप मच गया जब इनोवा कार नयामोड़ से गिद्दी की ओर बढ़ी। तस्करों को जैसे ही सूचना मिली कि नयामोड़ से इनोवा पर सवार कुछ लोग गिद्दी की ओर जा रहे हैं। जिसके बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। अवैध कोयला लदे ट्रकों को तस्करों ने ठिकाना लगाना शुरू कर दिया। साथ ही अवैध कोयला खरीदने वाले प्लांटों के दरवाजे चंद मिनटों में बंद हो गये। जिसके बाद अवैध कोयला लदे ट्रकों को छुपाया गया। जबकि प्वाइंट पर कोयला लोड कर रहे ट्रकों को खाली ही भगा दिया गया।

# छत के रास्ते घर में घुसे अपराधियों ने पुजारी की गोली मारकर हत्या की

आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी।** प्रखंड के अतु सुदूरवर्ती क्षेत्र बुंडू गांव में अज्ञात अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान 35 वर्षीय युवक रुपलाल करमाली पिता करमा करमाली के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना रविवार की देर



रात्रि बारह बजे की बतायी जा रही है। अपराधियों ने उक्त युक्त बुंडू गांव के बघूताबर टोला में अपने मकान में सो रहा था, इसी दौरान आधी रात में अपराधी मकान के छत के सहारे निचे उतरकर घर में घुसे और युवक की गोली मारकर हत्या कर दिया और घटना को अंजाम देकर अपराधी फरार हो गये। इस घटना से घर में कोहराम मच गया व परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु हजारीबाग भेज दिया है। इस संबंध में पुलिस ने कहा कि मामले की छानबीन की जा रही है। विदित हो की उक्त युवक बुंडू मंडा पूजा में पुजारी था। अकस्मात हुई इस घटना से गांव के लोग दहशत में हैं।

## पुलिस सेवा के नौ अधिकारियों को आइपीएस में प्रोन्नति

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में राज्य पुलिस सेवा के नौ अधिकारियों को भारतीय पुलिस सेवा में प्रोन्नति दी गयी है। अधिकारियों के प्रोन्नति से संबंधित आदेश एक-दो दिनों में जारी कर दिया जायेगा। हाल ही में दिल्ली में हुई बैठक में डीएसपी स्तर के श्रीराम समद, रोशन गुड़िया, अविनाश कुमार, राजेश कुमार, मजरूल होदा, दीपक कुमार-एक को आइपीएस में प्रोन्नति दी गयी, वहीं जेपीएससी दो बैच के राधाकृष्ण किशोर, मुकेश महतो और शुवेंदु को कंडिशनल प्रोन्नति मिली है। इन अधिकारियों का पदास्थापन भी जल्द हो जायेगा।

# डीजी - आइजी की कांफ्रेंस रायपुर में, पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे संबोधित

केंद्रीय गृह मंत्री भी होंगे शामिल, झारखंड से तदाशा मिश्रा रहेंगी बैठक में

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देश भर के डीजीपी और आइजी स्तर के अधिकारियों की कांफ्रेंस इस बार रायपुर में होगी। 28 और 29 नवंबर को होने वाले इस सम्मेलन की तैयारी झारखंड पुलिस ने भी शुरू कर दी है। दो दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह संबोधित करेंगे। बैठक में झारखंड की ओर से डीजीपी तदाशा मिश्रा शामिल होंगी। उन्होंने झारखंड के सभी जिलों के एसपी को पत्र लिख कर सुझाव मांगा है कि एसपी अपनी आवश्यकता बतायें। इस राज्य में नक्सलियों के खिलाफ बेहतर काम हुआ है। उग्रवाद को समाप्त करने के लिए पुलिस अभियान चला रही है। एसपी स्तर के अधिकारी अपने जिलों की आवश्यकता के आधार पर अपना मनतव्य पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध करायेंगे। झारखंड की ओर से एसआरइ फंड में बढ़ोत्तरी, झारखंड पुलिस को और अधिक संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की जा सकती है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.6 °c | 12.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.02 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.09 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 25 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# 12 राज्यों में एसआइआर की रफ्तार तेज, 99 प्रतिशत से अधिक गणना प्रपत्र वितरित

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** देश के 12 राज्यों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) का काम जारी है। भारतीय चुनाव आयोग ने सोमवार को जानकारी दी कि लगभग 20 दिन में एसआइआर प्रक्रिया के तहत 99.07 प्रतिशत मतदाता विशिष्ट गणना प्रपत्र का वितरण पूरा हो चुका है। चुनाव आयोग के अनुसार, गोवा और लक्षद्वीप में गणना प्रपत्र का 100 प्रतिशत वितरण सबसे पहले हुआ है। अभी अंडमान और निकोबार में 99.98 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 99.83 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में 99.75 प्रतिशत और गुजरात में 99.69 प्रतिशत गणना प्रपत्र बांटे गये हैं। रविवार के मुकाबले पश्चिम बंगाल और अंडमान और निकोबार के आंकड़ों में कोई फेरबदल नहीं दिखा है।

## एसआइआर प्रक्रिया से जुड़े आंकड़े जारी

चुनाव आयोग प्रतिदिन एसआइआर प्रक्रिया से जुड़े आंकड़े जारी करता रहा है। नये आंकड़ों के अनुसार, मतदाता संख्या के हिसाब से सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में 99.62 प्रतिशत गणना प्रपत्र का वितरण पूरा हुआ है, जहां कुल मतदाता 15.44 करोड़ से अधिक हैं।




पुंडुचेरी में 95.58 प्रतिशत, तमिलनाडु में 96.22 प्रतिशत और केरल में 97.33 प्रतिशत गणना प्रपत्र बांटने का काम हुआ है। जिन 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआइआर प्रक्रिया चल रही है, उनमें अंडमान और निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुंडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं।

### एसआइआर की ऑनलाइन प्रक्रिया में तेजी

चुनाव आयोग के अनुसार, 12 राज्यों में 4 नवंबर से जारी एसआइआर प्रक्रिया के तहत कुल योग 50.97 करोड़ से अधिक मतदाताओं में से अब तक कुल 50.50 करोड़ से अधिक गणना प्रपत्र बंट चुके हैं। एसआइआर की ऑनलाइन प्रक्रिया ने भी तेजी पकड़ी है और 12 राज्यों में अब तक 24.13 करोड़ से अधिक फॉर्म को अपलोड किया गया है, यानी कुल डिजिटाइज्जेशन रेट 47.35 प्रतिशत है। ऑनलाइन प्रक्रिया के मामले में, लक्षद्वीप 96.81 प्रतिशत के साथ सबसे आगे है। उसके बाद गोवा में 76.89 प्रतिशत और राजस्थान में 72.20 प्रतिशत फॉर्म का डिजिटाइज्जेशन हुआ है। केरल में सबसे कम डिजिटाइज्जेशन प्रोग्रेस (सिर्फ 23.72 प्रतिशत) रही है। उत्तर प्रदेश में 26.60 प्रतिशत डिजिटाइज्जेशन हुआ है।

### राशिफल
डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

**वृष** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी।

**कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**सिंह** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# वोटर लिस्ट से नाम काटने आये बीएलओ तो उसे घर में बंद कर दें : इरफान असांरी

## स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के बयान से सियासी माहौल गरमाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहने वाले झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के एक और वायरल वीडियो से सियासी माहौल गरमा गया है। इस वीडियो में इरफान अंसारी चुनाव आयोग की ओर से - चलाये जा रहे मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआइआर पर विवादित बयान देते नजर आ रहे हैं। वह एक सभा में कहते नजर आ रहे हैं कि यदि कोई बूथ लेवल अधिकारी यानी बीएलओ आपके इलाके में एसआइआर के तहत वोटर लिस्ट से नाम काटने के लिए आये तो उसे घर में बंद कर दें। इस पर भाजपा ने पलटवार किया है तो चुनाव आयोग ने भी झारखंड सरकार से रिपोर्ट तलब की है। वायरल वीडियो जामताड़ा जिले में आयोजित सेवा के अधिकार सप्ताह कार्यक्रम का बताया जा रहा है। इसमें झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी कहते नजर आ रहे हैं कि यदि कोई बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) आपके इलाके में एसआइआर के तहत वोटर लिस्ट से नाम काटने के लिए घर आये



तो उसे घर में बंद कर दें। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि एसआइआर के नाम पर आने वाले अधिकारियों को किसी भी कीमत पर नाम काटने न दें और उनकी जानकारी सीधे उनसे साझा करें। हालांकि इस बयान पर इरफान का स्पष्टिकरण भी आ गया है।

### इरफान ने सफाई दी, कहा- नकली बीएलओ के बारे में कही थी बात

सियासी माहौल गरमाने के बीच इरफान अंसारी की ओर से सफाई भी आ गयी है। उन्होंने एक्स पर अपने एक पोस्ट में लिखा- कुछ मीडिया संस्थानों ने मेरी बातों को गलत संदर्भ में पेश किया है जिसकी मैं कड़ी निंदा करता हूं। मैंने केवल इतना कहा था कि हमारे क्षेत्र में कुछ फर्जी लोग नकली बीएलओ बनकर गरीबों को डराने और पैसे वसूलने की कोशिश कर रहे थे। ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए और यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति नाम काटने या कोई अवैध कार्य करने आये तो उसकी सूचना तुरंत हमें और प्रशासन को दें।

### भाजपा का सवाल- संविधान खतरे में है या नहीं?

इस बयान के बाद भाजपा ने इरफान अंसारी की तीखी आलोचना करते हुए इसे लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन और अराजकता को बढ़ावा देने वाला करार दिया। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा-झारखंड के मंत्री इरफान अंसारी सार्वजनिक तौर पर बोल रहे हैं कि यदि चुनाव आयोग का कोई बूथ स्तर का अधिकारी आपके पास जानकारी लेने आये तो उसे बंधक बना लो। मैं इंडी गठबंधन से पूछना चाहता हूं कि यह लोकतंत्र को बंधक बनाने की निंदनीय कोशिश है या नहीं? क्या संविधान खतरे में है या नहीं?भाजपा ने इंडिया गठबंधन को घेरा। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने आगे आरोप लगाया कि जहां इंडी गठबंधन के लोग सत्ता में आते हैं, वहां संविधान की भावना दरकिनार कर दी जाती है। किस के लिए? कुछ संदिग्ध स्त्रोतों से वोट प्राप्त कर-के सत्ता पर काबिज होने के लिए।

### चुनाव आयोग ने मांगी रिपोर्ट

वहीं इस पूरे प्रकरण पर चुनाव आयोग ने झारखंड सरकार से रिपोर्ट मांग ली है। चुनाव आयोग ने कहा है कि एसआइआर एक संवैधानिक प्रक्रिया है जिसका मकसद मतदाता सूची को साफ-सुथरा बनाना है। झारखंड में इस प्रक्रिया का अभी पूर्वाभ्यास चल रहा है लेकिन राजनीतिक दल इसे चुनावी हथियार बना रहे हैं। एसआइआर की प्रक्रिया में मतदाता सूची से मृत, फर्जी या अयोग्य मतदाताओं के नाम हटाने और नये पात्र मतदाताओं को जोड़ने का काम होता है।

# इरफान अंसारी को अविलंब बर्खास्त करें सीएमः बाबूलाल

## संविधान बचाने का झूठा ढोल पीटते हैं कांग्रेसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य के बड़बोले मंत्री इरफान अंसारी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अविलंब बर्खास्त करने का आग्रह किया है। मरांडी ने एसआइआर को लेकर बीएलओ को बंदी बनाये जाने संबंधी इरफान अंसारी के असंवैधानिक बयान पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया दी। मरांडी ने कहा कि देश का संविधान चुनाव आयोग को मतदाता सूचियों की शुद्धता और सटीकता बनाये रखने के पूर्ण अधिकार देता है।



लेकिन विडंबना यह है कि संविधान बचाने का ढोल पीटने वाले राहुल गांधी के करीबी और झारखंड सरकार के कांग्रेसी मंत्री इरफान अंसारी ही संवैधानिक प्रक्रिया में बाधक बन रहे हैं और सार्वजनिक मंच से बीएलओ को घर में बंद करने और बंधक बनाने जैसी धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि एसआइआर प्रक्रिया का मूल उद्देश्य वोटर सूची को पारदर्शी, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है। इसके तहत मृत मतदाताओं के नाम हटाना, डुप्लीकेट नामों को हटाना, स्थानांतरित मतदाताओं की जानकारी अपडेट करना, नये मतदाताओं को शामिल करना, फर्जी नामों और घुसपैठियों को हटाने जैसे कार्य किये जाते हैं। यह संपूर्ण प्रक्रिया चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण आधार है।

उन्होंने कहा कि ऐसे गैर-जिम्मेदार और उकसाने वाले बयान न केवल एसआइआर प्रक्रिया को बाधित करते हैं, बल्कि पूरी चुनावी प्रणाली और लोकतांत्रिक मर्यादाओं पर सीधा प्रहार है। जब किसी मंत्री के शब्द ही कानून-व्यवस्था और चुनावी कर्मियों की सुरक्षा को खतरे में डाल दें, तो उसके पास पद पर बने रहने का न नैतिक और न ही संवैधानिक अधिकार रह जाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी, वोटबैंक और तुष्टिकरण की राजनीति छोड़, संविधान की शपथ लेकर उसके विरुद्ध आचरण करने वाले इरफान अंसारी की तत्काल बर्खास्त करें। उन्होंने चुनाव आयोग से भी आग्रह किया है कि मामले में सख्त कार्रवाई करें।

## 26 नवंबर को कांग्रेस का संविधान बचाओ दिवस

**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस आगामी 26 नवंबर को पुराना विधानसभा सभागार में संविधान बचाओ दिवस का आयोजन करेगी। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सभी जिला अध्यक्षों और जिला पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने जिलों में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारी को अंतिम रूप दें। मुख्य कार्यक्रम में प्रदेश के सभी स्थानीय पदाधिकारियों को शामिल होने का आमंत्रण दिया गया है। इस आयोजन में राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, पूर्व वित्त मंत्री एवं विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव, और अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मौजूद रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 11 बजे बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर और डॉ राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ होगी।

# संविधान विरोधी मंत्री को तुरंत बर्खास्त करें : चंपाई सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के एसआइआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) को लेकर झारखंड के एक बड़बोले मंत्री का बयान उनकी बौखलाहट को दर्शाता है। ऐसे उकसाऊ बयान देने वाले मंत्री को तुरंत बर्खास्त करने की जरूरत है। भारत का संविधान सिर्फ भारतीय नागरिकों को वोट देने का अधिकार देता है और घुसपैठियों के नाम काटने की इस कवायद से झारखंड के आदिवासियों- मूलवासियों को,

> सरकारी योजनाओं में जो बाहरी हमारे अधिकार को छीन रहे हैं, उन्हें पहचानना और बाहर निकालना जरूरी



बिना किसी विदेशी हस्तक्षेप के अपने प्रतिनिधि चुनने में आसानी होगी। झारखंड वासियों को यह पता है कि जो लोग हमारी जमीनें, बहू-बेटियों की अस्मत एवं सरकारी योजनाओं में हमारे अधिकार को छीन रहे हैं, उन्हें पहचानना और बाहर निकालना जरूरी है। एसआइआर के माध्यम से वोटर लिस्ट का यह शुद्धिकरण, भारत के लोकतंत्र को सुदृढ़ एवं सशक्त बनायेगा, जिसमे हर भारतीय की सक्रिय सहभागिता रहेगी। यह वक्त का तकाजा है कि झारखंडवासी एकजुट होकर एसआइआर की इस मुहिम को सफल बनायें और ऐसी लोकतंत्र-विरोधी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब दें।

# एसआइआर के खिलाफ भड़काने वाले इरफान पर दर्ज हो प्राथमिकी : आजसू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आरोप लगाया कि जामताड़ा उपायुक्त के समक्ष मंत्री ने देश की संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग के बीएलओ को बांधकर रखने के लिए जनता को भड़काया और उकसाया है।

प्रभाकर ने राज्य सरकार से मांग की है कि मंत्री को तत्काल पद से बर्खास्त किया जाये। उन्होंने



सवाल उठाया कि मंत्री को मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) से भय क्यों लग रहा है। उन्होंने कहा कि जब कोई मंत्री ही भ्रम फैलाने लगे और संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग के खिलाफ लोगों को भड़काए, तो ऐसे व्यक्ति को पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। यह आचरण आपराधिक कृत्य की श्रेणी में आता है। आजसू नेता ने कहा कि संविधान की दुहाई देने वाली कांग्रेस ने बिहार में भी एसआइआर को लेकर भ्रम फैलाने की कोशिश की थी, लेकिन जनता ने उन्हें उचित संदेश दे दिया। बिहार में एसआइआर प्रक्रिया को लेकर किसी भी मतदाता ने कोई आपत्ति दर्ज नहीं करायी थी। दरअसल, चुनाव आयोग का एसआइआर अभियान मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के लिए चलाया जाता है, जिसमें घर-घर जाकर सत्यापन किया जाता है, ताकि मतदाता सूची साफ-सुथरी, अद्यतन और धोखाधड़ी से मुक्त बनायी जा सके।

# बीएलओ डरें नहीं, झारखंड को बंगाल नहीं बनने देंगे:जदयू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जदयू के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य में लगे राज्य के सभी बीएलओ से अपील की है कि वह निडर रहें और एसआइआर की प्रक्रिया में तेजी लायें। उन्होंने कहा कि झारखंड को बंगाल नहीं बनने देंगे। एसआइआर प्रक्रिया को बाधित करने की मंशा से मंत्री इरफान अंसारी झूठी और खोखली धमकी दे रहे, ऐसे बयानों से डरने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं। झारखंड में डंके की चोट पर एसआइआर होगा। उन्होंने कहा की एसआइआर एक सामान्य और साफ प्रक्रिया है। मतदाता सूची में त्रुटियों के सुधार के लिए समय - समय पर यह अनिवार्य है। देश के अन्य राज्यों में भी एसआइआर का कार्य जारी है, वहां कोई विरोध नहीं है। जो वास्तव में मतदाता है उन्हें कागजात दिखाने और उसकी जांच से कोई परेशानी नहीं है लेकिन इंडी गठबंधन के लोग मतदाताओं को भ्रमित कर रहे हैं, वह चुनाव में फर्जीवाड़ा चाहते हैं। वह जानते हैं कि एसआइआर हुआ तो दोबारा चुनाव जीत के नहीं आयेंगे। जामताड़ा में सरकारी कार्यक्रम के दौरान जिला निर्वाची पदाधिकारी की उपस्थिति में मंत्री ने सार्वजनिक रूप से बीएलओ को धमकाने का प्रयास किया जो असहनीय और दंडनीय है।

# भारत-दक्षिण अफ्रीका मैच : टिकट की ऑफलाइन बिक्री आज से शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में 30 नवंबर को होने वाले भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रोमांचक एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय (ओडीआइ) मुकाबले को लेकर क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह चरम पर है। दर्शकों की भारी मांग को देखते हुए, जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में मैच के ऑफलाइन टिकटों की बिक्री कल, 25 नवंबर से शुरू हो रही है।

### ऑफलाइन टिकट बिक्री की महत्वपूर्ण जानकारी

जेएससीए के उपाध्यक्ष संजय पांडेय ने जानकारी दी है कि ऑनलाइन टिकट (कुल 6,500 टिकट) दो दिनों में ही बिक जाने के बाद भी दर्शकों के लिए पर्याप्त टिकट अभी भी उपलब्ध हैं, जिनकी बिक्री अब सीधे स्टेडियम काउंटर से की जायेगी।

**बिक्री की तारीखः** 25 नवंबर (मंगलवार) से

**स्थानः** जेएससीए स्टेडियम के बाहर बनाये गये 6 काउंटर

**समयः** सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक

**नोटः** नवजात शिशु या गोद वाले बच्चे के लिए भी अलग से टिकट खरीदना अनिवार्य होगा

### सुरक्षा और व्यवस्था

ऑफलाइन टिकट बिक्री के दौरान भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए जेएससीए और जिला प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये हैं।

**काउंटर पर व्यवस्थाः** भीड़ को नियंत्रित करने के लिए काउंटरों के बाहर बैरिकेडिंग की गयी है।

**सुरक्षा बलः** काउंटर से लगभग एक किलोमीटर तक भारी पुलिस बल तैनात रहेगा, जिसमें विशेष रूप से महिला पुलिसकर्मी भी शामिल होंगी।

**गश्तः** पीसीआर और पेट्रोलिंग वाहन लगातार गश्त करेंगे।

**कालाबाजारी पर रोकः प्रशासन टिकटों की कालाबाजारी** रोकने के लिए भी सख्त निगरानी रखेगा।

### स्टेडियम की तैयारियां

मैच के सफल आयोजन के लिए स्टेडियम में भी तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

मॉक ड्रिलः हाल ही में फायर फाइटिंग और भीड़ नियंत्रण को लेकर मॉक ड्रिल आयोजित की गयी, जिसमें जिला प्रशासन और स्टेडियम प्रबंधन ने भाग लिया।

फ्लड लाइट टेस्टिंगः स्टेडियम की फ्लड लाइटों की टेस्टिंग पूरी कर ली गयी है, और मैच से पहले 29 नवंबर को इसकी दूसरी टेस्टिंग की जायेगी।

**टीमों का आगमनः** दोनों टीमें चार्टर्ड प्लेन से 27 नवंबर को रांची पहुंचेंगी।

### दर्शकों से अपील

जेएससीए ने सभी दर्शकों से टिकट पर दिये गये गेट नंबर से ही प्रवेश करने और पानी की बोतल, खाने के सामान, लाइटर या किसी भी तेज धार वाली वस्तु को स्टेडियम के अंदर न लाने की अपील की है।

## कैंप लगाकर बिरहोर परिवार को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराया



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सुदूरवर्ती दूरस्थ रतनपुर जंगल क्षेत्र मे बसे बिरहोर परिवार को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कैंप लगाकर उपचार किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के टीम के द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच और मौसमी बीमारी जैसे सर्दी, खांसी, फॉलिक एसिड आदि बीमारी की दवा दी गयी। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के टीम के द्वारा दूरस्थ क्षेत्र पहुंचकर वहां के रहने वाले परिवारों में सोमवारी बोदरा, मोटाय हूंनी पूर्ति, बंधु पूर्ति, बाबूलाल बोदरा को बीमारी से बचाव साफ-सफाई आदि पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया है। टीम के द्वारा जागरुक करते हुए गर्भवती महिलाओं को खान-पान पर विशेष ध्यान रखने का और दिये गये दवा को समय पर सेवन करने का परामर्श दिया गया। इस दौरान उन्होंने गांव के बच्चों को भी उपचार कर दवा उपलब्ध कराई गयी। मौके पर उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के सीएचओ मोहित कुमार, एमपीडब्ल्यू रंजन कुमार ने बताया कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रामाशीष चौधरी के निर्देश पर विशेष स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई गयी है ताकि बिरहोर परिवारों को किसी भी प्रकार का परेशानी ना हो। रविवार की छुट्टी के दिन भी कार्य किया जा रहा है। वही इस मामले को लेकर सीएचओ मोहित कुमार ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोठीयार पंचायत में कोई भी व्यक्ति लाभ से वंचित न हो इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। वही बिरहोर परिवारों ने पड़ रहे अत्यधिक सर्दी को लेकर कम्बल की मांग की है।

## मंईयां सम्मान योजना की जगह छात्रवृत्ति जरूरी: राजकुमार



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** युवा नेता राजकुमार पासवान ने बच्चों को छात्रवृत्ति नहीं मिलने पर राज्य सरकार से सवाल किया है। उन्होंने बताया कि झारखंड में मईया सम्मान योजना समय पर नहीं आने से सभी माताएं बहनें पूछती है कि कब तक मईया सम्मान का रुपया आएगा। लेकिन जिससे उसके बच्चों का भविष्य अंधेरे से उजाले की ओर ले जाएगा जो सबसे बड़ी ताकत शिक्षा है। झारखंड सरकार ने बच्चों का स्कॉलरशिप रोक रखा है। लेकिन हमारे माताएं बहनें कभी यह सवाल नहीं करती है कि हमारा बच्चा का स्कॉलरशिप कब आएगा। बच्चों के साथ झारखंड में बहुत बड़े खिलवाड़ किया जा रहा है। सरकारें जानती है कि गरीब, मजदूर, किसान के बच्चें अगर शिक्षा प्राप्त करने लगेंगे, तो सरकार से सवाल करेंगे। इसलिए सरकार नहीं चाहती है कि झारखंड के बच्चें पढ़ें क्योंकि आप देखते होंगे कि विधायक मंत्री का बेटे बेटी तो विदेशों में पढ़ते हैं लेकिन आम जनता के बच्चे स्कॉलरशिप के भरोसे विभिन्न शहरों में जाकर पढ़ाई करते हैं। इसलिए मां बहनों से हम अपील करते हैं कि मंईयां सम्मान से ज्यादा जरूरत बच्चों का स्कॉलरशिप का है जिसे लेकर सवाल आपको हरेक गांव, टोले एवं मोहल्ले में चर्चा का विषय बनाना चाहिए। लोगों से सवाल जवाब करना चाहिए ताकि बच्चों को स्कॉलरशिप सही समय पर मिल सके।

## संजय पासवान और मीरा देवी बने सीटू के राज्य सचिव



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** 21 से 23 नवंबर तक धनबाद में संपन्न सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) का राज्य सम्मेलन में 43 सदस्यीय राज्य पदाधिकारी और 66 सदस्यीय राज्य कमिटी का चुनाव किया गया। जिसमें विधायक अरुप चटर्जी अध्यक्ष, भवन सिंह कार्यकारी अध्यक्ष, विश्वजीत देव महासचिव और प्रतीक मिश्रा कोषाध्यक्ष चुने गए। कोडरमा जिला से मजदूर नेता संजय पासवान और आंगनबाड़ी नेत्री मीरा देवी राज्य सचिव के लिए और रमेश प्रजापति और प्रेम प्रकाश राज्य कमिटी सदस्य के लिए चुने गये। सम्मेलन से लौटकर संजय पासवान ने बताया कि तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन में सीटू के राष्ट्रीय महासचिव तपन सेन और राष्ट्रीय सचिव सुदीप दत्ता के दिशा निर्देश में झारखंड में मजदूर आंदोलन को व्यापक दिशा देने और सीटू को विभिन्न सेक्टरों के श्रमिकों का प्रतिनिधि संगठन बनाने का लक्ष्य लिया गया। सम्मेलन में कोयला, लौह अयस्क, इस्पात, बिजली, कॉपर, बाक्साइट, पत्थर, निर्माण, ट्रांसपोर्ट, माईका, बीड़ी सेक्टर समेत विभिन्न परियोजनाओं जैसे आंगनबाड़ी, मिड डे मिल वर्कर निविदा - संविदा अनुबंध आधारित नर्सेज यूनियनों समेत संगठित और असंगठित क्षेत्र के 347 निर्वाचित कामगार प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जो झारखंड में सीटू से संबद्ध 41 यूनियनों की 96 हजार से ज्यादा सदस्यों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, इन प्रतिनिधियों में 63 महिला प्रतिनिधि थी। सम्मेलन में कोल इंडिया की तीनों कंपनी बीसीसीएल, ईसीएल, सीसीएल और आनुषंगिक कंपनी सीएमपीडीआई के प्रतिनिधि शामिल थे। कोडरमा जिला से निर्माण, माइका, आंगनबाड़ी, मिड डे मिल यूनियन से कुल 8 प्रतिनिधि भाग लिए। सम्मेलन में लेबर कोड को रद्द किये जाने, नई श्रम नीति वापस लेने, विस्थापन की पूरानी और नए समस्यायों का एक तय समय सीमा में सामाधान करने, विस्थापितों को रोजगार, पुनर्वास और मुआवजे का भूगतान और सांप्रदायिक विचारधारा के खिलाफ अभियान चलाए जाने से संबधित प्रस्ताव पारित किये गये। केन्द्र सरकार द्वारा लेबर कोड को अधिसूचित किए जाने के खिलाफ 26 नवंबर को देशव्यापी विरोध दिवस को झारखंड के सभी जिलों में केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा के संयुक्त बैनर तले सफल का निर्णय लिया गया।

## ताइक्वांडो प्रतियोगिता में डीएवी का शानदार प्रदर्शन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में डीएवी कोडरमा के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनेक पदक अपने नाम किए और विद्यालय का गौरव बढ़ाया। फाइट इवेंट में प्राप्त उपलब्धियों में 71 किग्रा वर्ग अभिनव आयुष: स्वर्ण पदक, 55 किग्रा वर्ग प्रिंस कुमार: स्वर्ण पदक, 51 किग्रा वर्ग प्रद्युम भारती: रजत पदक, 32 किग्रा वर्ग अन्वय मोदी कांस्?य पदक, 29 किग्रा वर्ग आराधना भारती : स्वर्ण पदक, 38 किग्रा वर्ग नुपूर बर्नवाल एवं पलक संजीवनी : स्वर्ण पदक, सुहानी गुप्ता : कांस्?य पदक, अनिका सिन्हा: रजत पदक, 28 किग्रा वर्ग समृद्धि शर्मा: कांस्?य पदक, 55 किग्रा वर्ग इशिका राज: कांस्?य पदक, 37 किग्रा वर्ग आराध्या मेहता : स्वर्ण पदक, 30 किग्रा वर्ग आरोही कुमारी : कांस्?य पदक जबकि पूमसे में जूनियर वर्ग अभिनव आयुष : रजत पदक, सब जूनियर वर्ग आराध्या मेहता एवं इशिका राज : रजत पदक, श्रेया सिंह : स्वर्ण पदक हासिल किया। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागियों को उनकी उल्लेखनीय सफलता के लिए हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय परिवार को बच्चों की इस उपलब्धि पर गर्व है। प्राचार्य ने प्रशिक्षक अशोक बरनवाल के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें भी हार्दिक बधाई दी।

# अपनी मांगो को लेकर जेएसएलपीएस कर्मी चार दिनों से हड़ताल पर हैं बैठे हुए

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ (जेएसएलपीएस) के आह्वान पर हजारीबाग जिला में भी अपनी लंबित मांगों को लेकर 21 नवंबर से शुरू जेएसएलपीएस के स्तर 5 से लेकर स्तर 8 तक के सभी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। हड़ताल शुरुआत के चौथे दिन भी कर्मी डटे रहे। कहा कि जब तक मांगे पुरी नहीं होगी हड़ताल जारी रहेगी। गौरतलब हो कि झारखण्ड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ के द्वारा विगत 4 वर्षों से अपनी लंबित मांगों को लेकर झारखंड सरकार और जेएलएसपीएस प्रबंधन के समक्ष गुहार लगाते आए जो मुख्यत एनएमएमयू न्यू एचआर पॉलिसी लागू करना। राज्य कर्मी का दर्जा देने और मानव संसाधन नियमावली के अनुसार 10 प्रतिशत के दर से वेतन वृद्धि करने जैसे मुख्य मांग शामिल हैं। हड़ताल में शामिल कर्मियों ने कहा कि अभी तक आश्वासन के सिवा कुछ भी नहीं मिला है। अंततः जेएसएलपीएस स्तर 05 से 08 तक के कर्मचारी मजबूरन हड़ताल की ओर बढ़े है। साथ ही जेएसएलपीएस के प्रबंधन द्वारा पत्र के द्वारा मांगे पुरी करने के बजाय मानव संसाधन नियमावली को हवाला देते हुए हड़ताल स्थगित करने की धमकी निर्गत कर रहे हैं, जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। फिर भी सभी कर्मियों ने लगातार अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखने का आवाहन किया गया है। यह जानकारी हजारीबाग जिला अध्यक्ष पीयूष रंजन ने दिया। इस अनिश्चितकालीन हड़ताल में बीपीएम नीरज, दीपक, केदार, मुरली, शिव सागर, रितिका, रिंकू, बिपिन, राम प्रकाश, रंजीत, शेखर, डीएम प्रिया सुलेखा, शशि, सिद्धार्थ, मेरी कुलु, राज कुमार, रूपेश, विनय, बबलू, नीरज, नरेंद्र, संगीता, सुचिता, निर्मला आदि उपस्थित थे।

# बाल विवाह उन्मूलन को लेकर जन जागरूकता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोडरमा।** बालिकाओं की शिक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य में सबसे बड़ी बाधा बन चुके बाल विवाह के समूल उन्मूलन के उद्देश्य से जिला समाज कल्याण शाखा, कोडरमा और चाइल्ड राइट्स संगठन- एसोसिएशन फॉर वॉलेंट्री एक्शन द्वारा एक व्यापक जन-जागरूकता, शपथ ग्रहण और हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गयी है। इसमें जिला और प्रखंड प्रशासन, ग्राम पंचायतों के मुखिया, शिक्षक, धर्मगुरु, समाजसेवी और विभिन्न गांवों के निवासी हिस्सा ले रहे हैं। सभी प्रतिभागी बाल विवाह के खिलाफ अपनी सशक्त आवाज उठा रहे हैं और समाज में इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प व्यक्त कर रहे हैं। अभियान के माध्यम से लोगों को बाल विवाह के दुष्प्रभाव, इससे बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर पड़ने वाले नकारात्मक असर और इसके कानूनी पहलुओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया जा रहा है। सामूहिक शपथ और हस्ताक्षर अभियान के जरिये पूरे जिले में बाल विवाह के प्रति शून्य सहनशीलता का संदेश दिया जा रहा है। जिला समाज कल्याण शाखा और एवीए ने आम जनता से अपील की है कि वे इस जन-जागरूकता अभियान से जुड़कर बाल विवाह मुक्त टोला, गांव, पंचायत, प्रखंड और जिला के निर्माण में अपना सक्रिय सहयोग और नैतिक जिम्मेदारी निभाएं।

# गलत तरीके से हो रहा है भगवान बागी से लौकुरा होते हुए चंदौल तक सड़क निर्माण

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड के ग्राम भगवान बागी से लौकुरा होते हुए चंदौल के बचवरिया नदी तक बनाये जा रहे सड़क निर्माण में अनियमित तरीके से काम की जा रही है। यह सड़क एवं पुल आर ई ओ विभाग द्वारा बनाया जा रहा है। सड़क और पुल का निर्माण 6 महीना पहले शुरू हुई है। यह कब तक पूरा होगा इस संबंध में कार्यस्थल में बोर्ड भी नहीं लगा है। संवेदक प्रदीप कुमार ने बताया कि यह एम एम प्रसाद कंस्ट्रक्शन द्वारा काम कराया जा रहा है। इसका प्राक्कलन राशि 2 करोड़ 70- 75 लाख है।इस संबंध में चंदौल के उप मुखिया शमशेर आलम और जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो इब्राहिम और लोजपा (रामबिलास) अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद परवेज ने बताया कि चंदौल के नदी में बन रहे पुल में काफी अनियमित तरीके से काम की जा रही है। स्कूल में 8 एमएम और 12 एमएम की छड़ दिया जा रहा है, इससे अंदाज लगाया जा रहा है कि तेज बारिश में यह पुल कभी भी टिकाऊ नहीं रह सकता है। कार्यस्थल में योजना संबंधित बोर्ड भी नहीं लगा हुआ है। सड़क में मोरम की जगह मिट्टी डाली जा रही है।सड़क के अधिकांश जगहों में पत्थर की जगह फूस फुशिया पत्थर बिछाई जा रही है।

डायवर्सन नहीं बनने से आवागमन में हो रही परेशानी

उक्त सड़क निर्माण में चंदौल स्थित बचवारिया नदी के पास पुल बनाया जा रहा है।लेकिन फिलहाल लोगों को आने-जाने के लिए डायवर्सन नहीं बनाया गया है। लौकुरा के पास पुलिया निर्माण के लिए 23 नवंबर को खुदाई की गयी है लेकिन इसका भी डायवर्सन नहीं बनाया गया है। डायवर्सन नहीं बनाये जाने से आवागमन में लोगों को परेशानी हो रही है। संवेदक प्रदीप कुमार ने इस संबंध में बताया कि पुल के पास डायवर्सन नहीं बनाने का प्रावधान नहीं है। पुलिया के पास डायवर्सन बनाया जायेगा। इस रोड में तीन पुलिया मरम्मती का प्रावधान है। ग्रामीणों ने बताया कि दो पुरानी पुलिया को नया पुलिया दिखाने का प्रयास किया जा रहा है। उप मुखिया शमशेर आलम ने बताया कि बचवारिया नदी के पास जो गार्डवाल बनाया गया है, उसमे घटिया किस्म का सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। अभी से ही दरार फटना शुरू हो गया है और खेल मैदान में गार्डवाल नहीं दी जा रही।

## सड़क जाम को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

**बड़कागांव(आजाद सिपाही)। बड़कागांव में हर दिन ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात पाने को लेकर आजसू पार्टी के नेता शशि कुमार मेहता ने हजारीबाग के उपाय को ज्ञापन सोपा है। ज्ञापन के माध्यम से श्री मेहता ने बड़कागांव में अतिक्रमण हटाकर सड़क चौड़ीकरण करने और जाम से मुक्ति दिलाने की मांग की है। उन्होंने आवेदन में उपायुक्त को बताया है कि बड़कागांव चौक में हर दिन सड़क जाम लगता है।इस कारण 400 से 500 मीटर तक जाने में एक - डेढ़ घंटा का समय लग जाता है। यह जाम प्रतिदिन लगता है। जिसका सुधी लेने वाला कोई नहीं है। जाम से मरीज ले जाने वाला एम्बुलेंस, स्कूल व कॉलेज जाने वाले शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, क्रय विक्रय को लेकर बाजार जाने वाले किसान प्रभावित होते हैं।कभी-कभार आला अधिकारी व जन प्रतिनिधि भी जाम का शिकार हो जाते हैं। इस कारण समय पर कार्यालय नहीं पहुंच पाते हैं। सड़क जाम होने के कारण वाहनों से धुएं निकलते रहता हैं। जिससे पर्यावरण और आम जनों के स्वास्थ्य पर नुकसान हो रहा है। आवेदन में श्री मेहता ने जाम का समाधान बताते हुए बताया है कि बड़कागांव मुख्य मार्ग पी डब्ल्यू डी में नापी करवा कर दोनों तरफ अतिक्रमण को हटाया जाये। यह समाधान जिला प्रशासन के नेतृत्व में हो सकती है।**

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों को जॉब कार्ड दिया गया ऑन द स्पॉट

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे दिन बड़कागांव प्रखंड के महुगाईकला, हरली और बड़कागांव मध्य पंचायत सचिवालय परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। महुगाईकला पंचायत के मुखिया बेबी कुमारी, मध्य पंचायत के मुखिया तकरीमुला खान और हरली पंचायत के मुखिया कविता देवी द्वारा अपने-अपने पंचायत में शिविर की अध्यक्षता किया गया। बड़कागांव मध्य पंचायत के शिविर प्रमुख फुलवा देवी, जिला भूअर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार, अंचलाधिकारी मनोज कुमार महुगाईकला का शिविर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल और हरली पंचायत की मुखिया कविता देवी पंचायत समिति सदस्य कौशिला देवी द्वारा शिविर का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। संबंधित पंचायत के मुखिया द्वारा उपस्थित अधिकारियों को माला, गुलदस्ता और शॉल ओढ़ा कर स्वागत किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण संबंधित लाभुक अपना-अपना आवेदन जमा किया। ऑन ऑफ द स्पॉट स्वीकृत करने वाली योजनाओं को तुरंत स्वीकृति दी गयी। महुगाईकला शिविर में 103 वर्षीय वृद्ध मोती साव को वृद्धा पेंशन की स्वीकृति पत्र दी गयी। जबकि पिछड़ी जाति के लाभुकों को वृद्धा पेंशन स्वीकृत देने का सीमा उम्र 60 वर्ष ही है। वरिष्ठ वृद्धि को पेंशन का स्वीकृति पत्र मिलने के बाद उपस्थित संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए काफी खुश नजर आए। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी रेखा देवी रितेश ठाकुर उप मुखिया सुबोध सिंह पूर्व मुखिया बगल चौधरी पूर्व पंचायत समिति सदस्य अशोक सिंह, डॉ इंद्रदेव कुमार, प्रभारी अंचल निरीक्षक जितेंद्र दास, प्रखंड आपूर्ति सह कल्याण पदाधिकारी भास्कर राज, पंचायत सचिव जगन्नाथ यादव, मुखिया प्रतिनिधि किशोर शुक्ला संजय सिंह, डीलर जगन्नाथ साव, कुंदन सिंह, चुरामन गोप, गणेश साव, श्याम भार्गव गिरधारी कुमार राम किशोर शुक्ला, ननकु राम यमुना साव, कृष्ण भार्गव, राज किशोर साव, अनंत कुशवाहा, विकास कुमार, रविंद्र कुमार, प्रकाश कुमार, दीपक कुमार, प्रधान लिपिक राजेश प्रसाद, राजस्व कर्मचारी मनीष पाठक सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थें।

## एनवाइसी योजना की जिला चयन समिति में प्रशांत कुमार सिंह का चयन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिले के पदमा क्षेत्र के युवा नेता प्रशांत कुमार सिंह को ह्यमेरा युवा भारत (माई भारत) योजना के अंतर्गत गठित राष्ट्रीय युवा कोर (एनवाईसी) की जिला स्तरीय चयन समिति में सदस्य के रूप में नामित किया गया है। यह अधिसूचना 21 नवंबर 2025 को युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्त संस्था मेरा युवा भारत द्वारा जारी की गयी। बजरंग दल के विभाग मिलन प्रमुख और लंबे समय से सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत कुमार सिंह को यह जिम्मेदारी उनके संगठनात्मक अनुभव और सामाजिक योगदान के आधार पर मिली है। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से भी लंबे समय तक जुड़े रहे हैं। वर्ष 2011 में एबीवीपी में विभिन्न दायित्व निभाने के बाद प्रशांत ने सामाजिक जीवन में सक्रिय भूमिका निभानी शुरू की। इसके बाद वे युवा मोर्चा, पदमा के अध्यक्ष और बाद में बजरंग दल, हजारीबाग के जिला संयोजक रहे। अपने कर्मठ स्वभाव और जनसेवा की भावना से उन्होंने युवाओं में विशेष पहचान बनाई। मेरा युवा भारत द्वारा जारी पत्र के अनुसार, जिला चयन समिति जिले के सभी प्रखंडों से दो-दो योग्य, समर्पित और ऊर्जावान युवाओं का चयन करेगी, जिन्हें माई भारत की विभिन्न योजनाओं और जनहितकारी पहल में जिम्मेदारी सौंपी जायेगी।

## 22 दिन में मनसा मंदिर की ढलाई पूरी



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** डुमर पंचायत अंतर्गत बेड़म गांव के ग्रामीणों ने आपसी एकता, संकल्प और अथक श्रमदान का एक अद्भुत उदाहरण पेश किया है। गांव के मनसा मंदिर के नव निर्माण का संकल्प लेकर, ग्रामीणों ने 22 दिनों के रिकॉर्ड समय में पूरे मंदिर की ढलाई का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कर लिया है। यह उपलब्धि न केवल गांव की सामूहिक शक्ति को दर्शाती है, बल्कि स्थानीय लोगों में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार भी करती है। गांव के बुजुर्गों और युवाओं ने मिलकर इस पुनीत कार्य को पूरा करने का बीड़ा उठाया। मंदिर निर्माण के लिए किसी बाहरी श्रमिक को लगाने के बजाय, सभी ने 'अपने से श्रमदान' करने का निर्णय लिया। सुबह से शाम तक, हर दिन, ग्रामीण बिना किसी स्वार्थ के निर्माण कार्य में जुटे रहे। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल एक भवन नहीं, बल्कि उनकी अटूट आस्था और सहयोग की नींव है। इस दौरान गुरुचरण कुमार, पप्पू कुमार मंडल, सेवा महतो, विकास कुमार, रवि कुमार, विजय कुमार, विपिन कुमार, तपेश्वर मिस्त्री, विवेक कुमार, दशरथ महतो, उमेश मंडल, विष्णु महतो आदि ग्रामीण शामिल रहे। मंदिर की ढलाई का कार्य पूरा होने से अब ग्रामीणों का उत्साह दोगुना हो गया है। ग्राम समिति ने जल्द ही मंदिर के फिनिशिंग और अन्य कार्यों को भी श्रमदान के माध्यम से पूरा करने की योजना बनाई है। उनका लक्ष्य है कि जल्द ही शुभ मुहूर्त देखकर मंदिर में मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की जाए और विधिवत पूजा-अर्चना शुरू की जाये।

## उत्खनन में शामिल जेसीबी मशीन जब्त

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सोमवार को कोडरमा थाना अंतर्गत आरआईटी कॉलेज के पीछे छतरवार जंगल मे कोडरमा वन्य प्राणी आश्रयणी में वन विभाग की टीम ने अवैध खनन में लगी एक जेसीबी मशीन को जब्त किया है। यह कार्रवाई डीएफओ के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसमें अवैध माइका खनन का काम चल रहा था। इस दौरान चालक भागने में सफल रहा। वन विभाग अब अवैध उत्खनन में लगे लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर रहा है। बताया जाता है कि वहां अवैध रूप से माइका खनन हो रहा था। वहीं वन विभाग की टीम ने जेसीबी मशीन और ढिबरा को भी जब्त कर कोडरमा वन विभाग परिसर में रखा है। मौके पर वनपाल मो उस्मान अंसारी, सिकंदर कुमार, छत्रपति शिवजी, दुर्गा महतो, सिकंदर कुमार के अलावे चौपारण से आई टीम के सदस्य भी शामिल थे।

## निदेशक ने एनएमएल पकरी-बरवाडीह कोयला खनन परियोजना का किया दौरा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** निदेशक (ईंधन) शिवम श्रीवास्तव ने एनएमएल पकरी-बरवाडीह कोयला खनन परियोजना का तीन दिवसीय व्यापक दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य परियोजना की प्रगति की समीक्षा के साथ नई सुविधाओं को चालू करने व कर्मचारियों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना था। दौरे की शुरुआत शनिवार शाम को सिकरी टाउनशिप में अवसंरचना कार्यों की विस्तृत समीक्षा के साथ हुई। निदेशक (ईंधन) ने क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) के साथ निमार्णाधीन क्षेत्रों का निरीक्षण किया और टाउनशिप विकास कार्यों की प्रगति का गहन आकलन किया। दूसरे दिन निदेशक ने परियोजना को समर्पित करते हुए लांगतु स्थित नव-निर्मित सीआईएसएफ बैरक व सिकरी टाउनशिप में नवनिर्मित बैचलर हॉस्टल-3 का उद्घाटन किया। कर्मचारियों में उत्साह भरने के लिए निदेशक (ईंधन) इलेवन और क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) इलेवन के बीच एक दोस्ताना क्रिकेट मैच आयोजित किया गया, जिसमें निदेशक (ईंधन) इलेवन ने शानदार जीत हासिल की। निदेशक (ईंधन) के सम्मान में एक यादगार गजल संध्या का आयोजन किया गया, जहां कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से शाम को सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बना दिया। दौरे के अंतिम दिन का मुख्य आकर्षण 'खुला मंच रहा। इस सत्र में हजारीबाग स्थित सभी एनटीपीसी कोयला खनन परियोजनाओं के कर्मचारियों ने नेतृत्व के साथ सीधा संवाद किया। कर्मचारियों ने सुझाव साझा किये, संचालन, कल्याण और परियोजना से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर स्पष्टीकरण प्राप्त किया। शनिवार संध्या से शुरू हुए इस दौरे के दौरान निदेशक (ईंधन) के साथ क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) नवीन जैन, परियोजना प्रमुख पकरी बरवाडीह सुब्रत कुमार दास, पीबी-सीएमपी के अधिकारी और सीएमएचक्यू के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## ऐक्टू और एटक की संयुक्त बैठक संपन्न

**जयनगर(आजाद सिपाही)।** श्रमिक विरोधी, कॉरपोरेट पक्षीय, कानून को जबरन मोदी सरकार के द्वारा 21 नवम्बर को लागू करने के खिलाफ केन्द्रीय श्रमिक संगठनों ने दिनांक 26 नवम्बर 2025 को विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। इसकी तैयारी को लेकर सोमवार को एक्टू और एटक के नेतृत्व में एडीएम बिल्डिंग के समक्ष झारखंड जेनरल मजदूर यूनियन के अध्यक्ष राजेंद्र यादव की अध्यक्षता में बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से ऐक्टू जिला सचिव विजय पासवान, एटक जिला अध्यक्ष विनोद पासवान उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी 26 नवम्बर को केन्द्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान के समर्थन में डीवीसी केटीपीएस बांझेडीह के मजदूर भी विरोध प्रदर्शन करेंगे। ऐक्टू जिला सचिव विजय पासवान ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा जो निर्णय लिया है यह मेहनतकश मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला है।

## सरकार आपके द्वार की योजनाओं का लाभ लें ग्रामीण : बीडीओ



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ के कुंदरू कला पंचायत चितरपुर पूर्वी पंचायत और चितरपुर उत्तरी के पंचायत सचिवालय में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनहित में विशाल जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ममता देवी, रामगढ़ बीडीओ रीना कुजूर सीओ रामगढ़ रमेश पासवान और कुंदरू कला मुखिया किसुन राम मुंडा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन कर शुभारम्भ किया गया। इस मुख्य अतिथि विधायक ममता देवी ने उपस्थित ग्रामीणों को वृद्धावस्था पेंशन, राशन, आवास, किसान योजना, स्वरोजगार और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने कहा कि यह अभियान जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने और सरकारी लाभ सीधे पात्र लोगों तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान कुंदरू कला मे फूलो-झानो योजना के तहत एक महिला को 20, हजार रुपये का चेक प्रदान को खरछढर के माध्यम से चेक प्रदान किये गये। इसके अलावा चितरपुर उत्तरी पंचायत मे 11 लाख 23 हजार का चितरपुर पूर्वी मे 18 हजार रुपए चेक का वितरण किया, जॉब कार्ड का वितरण भी हुआ, उपस्थित को महिलाओं स्वरोजगार और आजीविका संवर्धन में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।कार्यक्रम में कई लाभुकों के बीच लेबर कार्ड का वितरण किया गया ग्रामीणों ने जन्म प्रमाण पत्र आय प्रमाण पत्र, अबुआ आवास कूप निर्माण ग्रामीण विकास हेतू सैकड़ों ग्रामीणों ने आवेदन दिया। जिससे उन्हें विभिन्न सरकारी सुविधाओं तक पहुंच में सरलता हो सके। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने आवेदनों, निस्तारण तथा योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कार्यक्रम में भाग लिया और इसे जनहित में उपयोगी बताया। एवं दो महिलाओं का गोद भराई किया गया। मौके पर रामगढ़ अंचल सहायक मासूक अली चितरपुर बीडीओ दीपक मिंज,चितरपुर पूर्वी मुखिया भानु प्रकाश महतो, चितरपुर उत्तरी मुखिया मंजू देवी, उप मुखिया मोहराय महतो प्रदीप नायक, दिलीप यादव पंचायत सेवक रेनू कुशवाहा, रोजगार सेवक लखन मुंडा, बिनोद महतो हीरा गोप, तुलसी दास महतो उपस्थित रहे।

## पतरातू स्टेशन प्रबंधक कार्यालय और क्रू लॉबी में कर्मचारी परिवाद निवारण शिविर का आयोजन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू रेलवे अंतर्गत पतरातू स्टेशन प्रबंधक कार्यालय और क्रू लॉबी में सोमवार को कर्मचारी परिवाद निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में धनबाद के मुख्य कल्याण निरीक्षक बी सूंडी धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के कार्यालय अधीक्षक दिनेश कुमार राउत तथा क्लर्क कमलेश कुमार ने परिवाद शिविर में पहुंचकर कर्मचारियों के शिकायत को लिखित रूप से लिया। शिविर में संकलित सभी शिकायत पत्रों को धनबाद डीआरएम कार्यालय में संबंधित विभाग मे जमा किया जाएगा। जहां से सारी शिकायतों का निपटारा किया जायेगा। ज्ञात हो कि आज के शिविर में भारी संख्या में कर्मचारी अपनी अपनी समस्याओं को लिखित रूप से आवश्यक कागजातों के साथ शिविर में आए हुए अधिकारियों को सौंपा गया।

## भरेचनगर में बिरसा मुंडा क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ नप क्षेत्र अंतर्गत भरेचनगर ग्राउंड में आयोजित छह दिवसीय बिरसा मुंडा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का सोमवार को भव्य समापन किया गया। समापन के दौरान मुख्य रूप से मांडू विधायक निर्मल महतो, रामगढ़ नगर परिषद के निवर्तमान उपाध्यक्ष सह आजसू केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो, पूर्व मुखिया रामसहाय बेदिया, हेमनी देवी शामिल रहे। इस अवसर पर आगत अतिथियों ने फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर मौजूद अतिथियों ने ग्राउंड को स्टेडियम के रूप में दर्जा दिलाने की बात कही। वहीं, प्रतिभावान खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग करने की बात कही। इधर, फाइनल मुकाबला आरा काटा व बसंतपुर के बीच खेला गया। जिसमें बसंतपुर की टीम विजयी रहा। वहीं, विजेता टीम को 31 हजार रुपए नगद व बड़ा शील्ड, जबकि उपविजेता टीम को 21 हजार रुपए नगद व छोटा शील्ड देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट को सफल बनाने में आयोजक समिति समेत स्थानीय ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

## सरकार आपके द्वार शिविर का सफल आयोजन

**लावालौंग/चतरा (आजाद सिपाही)।** मंधनिया पंचायत में सोमवार को झारखंड सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को सीधे लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आपके द्वारआपकी सरकार कार्यक्रम के तहत विशाल शिविर लगाया गया। सुव्यवस्थित और भव्य तरीके से आयोजित इस शिविर में स्थानीय ग्रामीणों की भारी उपस्थिति देखने को मिली। शिविर का उद्घाटन मुखिया दहनी देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-अंचल अधिकारी विपिन कुमार भारती और उप प्रमुख महमूद खान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के स्टॉलों पर लाभुकों की समस्याएं सुनकर तत्काल समाधान की कार्रवाई की गयी। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने मंच से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य योजनाओं को जनता के द्वार तक पहुंचाना और लाभुकों को बिना किसी परेशानी के सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मौके पर आए ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किये गये। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड, जाति-आय-निवास प्रमाण पत्र, मनरेगा, उज्ज्वला योजना, एलपीजी कनेक्शन, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं और कृषि विभाग से जुड़ी कई योजनाओं के आवेदन स्वीकार किए गए। कई लाभुकों के कार्य वहीं पर निपटा दिए गए। ग्रामीणों की सहूलियत के लिए एक विशेष हेल्प डेस्क भी बनाया गया था, जहां आवश्यक दस्तावेजों और प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बीडीओ-सह-सीओ विपिन कुमार भारती ने कहा कि यह कार्यक्रम कार्यालयों का बोझ कम करने और आम जनता को घर के पास ही सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### रामगढ़ कोर्ट में हुई सीनियर और जूनियर अपराधियों की जंग, मची अफरातफरी

# श्रीवास्तव गिरोह के रियाज और शिवेंद्र के समर्थक आपस में भिड़े

**20 अपराधियों को किया गया गिरफ्तार: एसडीपीओ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ कोर्ट परिसर में संगठित गिरोह के सदस्यों ने एक बार फिर सुरक्षा को कड़ी चुनौती दी है। सोमवार को श्रीवास्तव गैंग के लोग सीनियर और जूनियर की बात को लेकर आपस में कोर्ट परिसर में ही उलझ गये। अपराधियों की धमक से वहां मौजूद वकीलों और मुवक्किलों के बीच अफरातफरी मच गयी। अपराधियों की एंट्री फिल्मी स्टाइल में हुई। कोर्ट परिसर में मौजूद आम व्यक्तियों और वकीलों को अपराधी रास्ते से इस कदर हटा रहे थे, मानो वहां फिल्म की शूटिंग चल रही हो। पलक झपकते ही दहशत का ऐसा माहौल बना की वकील और वहां मौजूद जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। कुछ लोगों ने तो कोर्ट के अंदर और बाथरूम में घुसकर अपने आप को सुरक्षित किया। मौके पर जाल बिछाकर बैठी पुलिस ने लगभग 20 अपराधियों को गिरफ्तार में लिया है। पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी ने बताया कि कोर्ट में श्रीवास्तव गिरोह के अन्य गैंग के लोग भी मौजूद थे। उनकी भी पहचान की जा रही है।



**इजलास में रियाज अंसारी पर हमला, हुई मारपीट**

पुलिस सूत्रों के अनुसार कुख्यात अपराधी रियाज अंसारी पर कोर्ट के इजलास में हमला हुआ। कोर्ट में अपने साथियों के बीच मौजूद रियाज अंसारी पर हमला किया गया था। जब रियाज कोर्ट में पेश होने पहुंचा उसी वक्त शिवेंद्र उर्फ शिव शर्मा के समर्थन में लगभग 25 से 30 आपराधिक प्रवृत्ति के लोग भी एक साथ कोर्ट परिसर में घुस गये। वे लोग रास्ते से सभी लोगों को हटा रहे थे और बॉस के आने की बात कर रहे थे। उनकी हरकतों से मची अफरातफरी से सभी लोग भाग खड़े हुए। कुछ पलों में ही वे सभी अपराधी पीडीजे की इजलास तक पहुंच गये और रियाज अंसारी पर हाथ डाल दिया। रियाज पर हाथ पड़ते ही पलटवार हुआ और झड़प शुरू हो गयी। इजलास से लेकर कोर्ट गेट तक मारपीट चलती रही।

**वर्चस्व की लड़ाई में फंसे अपराधी :** पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार श्रीवास्तव गिरोह का शूटर रियाज अंसारी और शिवेंद्र उर्फ शिव शर्मा के लोग आमने-सामने हो गए। बिहार राज्य से भी कई अपराधी रामगढ़ कोर्ट पहुंचे थे। सोमवार को प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में रियाज अंसारी और उसके कई सहयोगियों की पेशी थी। इसमें शिव शर्मा भी शामिल था। पतरातू पुलिस कांड संख्या 105/25 में रियाज और उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट पेश कर चुकी थी। अपहरण के इस मामले में अमन श्रीवास्तव और उसके सहयोगियों पर गंभीर आरोप लगाए गए थे। पुलिस की जांच में सभी आरोप सत्य पाए गए थे। श्रीवास्तव गिरोह के कई सदस्य इस कांड में शामिल थे।

**छावनी में तब्दील हो गया व्यवहार न्यायालय :** कुख्यात अपराधी रियाज अंसारी और शिव शर्मा की पेशी को लेकर पतरातू पुलिस पहले से ही अलर्ट थी। रामगढ़ एसपी अजय कुमार और पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में पतरातू, भुरकुंडा, भदानीनगर, बरकाकाना पुलिस ने सुरक्षा के इंतजाम किये थे। पुलिस रियाज अंसारी पर हमला करने वाले गैंग के सदस्यों को पकड़ना चाहती थी। कोर्ट परिसर से कोई भी अपराधी भागने में कामयाब ना हो इसका पूरा इंतजाम था।

## रामगढ़ में दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** रामगढ़ महाविद्यालय में विनोबा भावे विश्वविद्यालय स्तरीय अंतर महाविद्यालय पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2025-26 का सोमवार को शुभारंभ हुआ। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय परिसर के खेल मैदान किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डॉ राखो हरि, महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ रत्ना पांडे, प्रो इंचार्ज डॉ रणविजय देव और बर्सर डॉ आर के उपाध्याय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं खिलाड़ियों से परिचय कर किया गया। स्वागत भाषण देते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ रत्ना पांडे ने कहा कि हार और जीत महत्वपूर्ण नहीं है, सभी खिलाड़ी खेल भावना के साथ खेले। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय गेम इंचार्ज डॉ राखो हरि ने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर खेल पर बहुत ध्यान दिया जा रहा है। खिलाड़ियों को वर्ष पर प्रैक्टिस करने की जरूरत है तभी हमारा प्रदर्शन बेहतर हो सकता है। रामगढ़ कॉलेज में होने वाली आज की यह खेल प्रतियोगिता ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री डॉ राहुल एवं रामगढ़ महाविद्यालय के स्पोर्ट्स कॉर्डिनेटर प्रो असीम खलखो की देख-रेख में आयोजित हुई। उद्घाटन समारोह का मंच का संचालन प्रो विजेता तिग्गा और डॉ शाहनवाज खान ने किया। जबकि मैच के दौरान कॉमेंटेटर का काम प्रो मोहित जैन ने किया।पहला मैच संत कोलंबा कॉलेज और जे जे कॉलेज झुमरीतिलैया के बीच खेला है। जिसमें संत कोलंबा कॉलेज विजयी रहा। दूसरा मैच जुबली कॉलेज और रामगढ़ कॉलेज के बीच खेला गया। जिसमें रामगढ़ कॉलेज विजयी रहा। तीसरा सेमी फाइनल मैच अन्नदा कॉलेज और संत कोलंबा कॉलेज के बीच खेला गया, जिसमें संत कोलंबा कॉलेज विजयी रहा। विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त चयन कर्ता अजहर आलम खान और सिंटू कुमार वर्मा ने प्रतियोगिता में अपनी जिम्मेवारी निभाए। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए प्रो रोज उरांव, डॉ प्रीति कमल, डॉ रामाज्ञा सिंह, डॉ अनामिका, डॉ बलवंती मिंज, डॉ नीतू मिंज, डॉ शालिनी मिंज, प्रो बीरबल महतो, प्रो साजिद हुसैन, प्रेमचंद महतो, गोपाल कुमार, उज्ज्वल राय, अजिता किण्डो, सुरेश महतो, दामोदर महतो, विरेंद्र उरांव, विष्णु उरांव, शिवानंद, सुंदरलाल, सरजु महतो, आनन्द शारदेय, भुवनेश्वर राम, शैलेश, उस्मान, गौरव, राकेश, चंदन, मनोज, विनोद, दीपाश्री, पुष्पा महतो, सुमंत, कुंवर, नरेश रोहित, सोमेश कुमार, स्वाति, प्रियंका कुमारी, विजय, आशीष, अजय, राजा, राजेश, ब्रह्मदेव आदि का योगदान रहा।

## श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहीदी दिवस मना

**रामगढ़(आजाद सिपाही)।** शहर के मेन रोड स्थित गुरुद्वारा साहिब में सोमवार को श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी दिवस मनाया गया। इसे लेकर गुरुद्वारा साहिब विशेष दीवान सजाया गया। इस दौरान गुरुद्वारा साहिब में 10.30 से लेकर 2.30 बजे तक भाई सुखप्रीत सिंह और भाई पवनदीप सिंह ने अपनी मधुर आवाज से साध संगत को निहाल किया। मौके पर गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी बाबा विवेक सिंह ने गुरु तेग बहादुर जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु तेग बहादुर जी दिखाया कि सत्य और धर्म की रक्षा के लिए खड़े होने वाला एक व्यक्ति भी पूरे समाज को जागृत कर सकता है। कार्य के समाप्ति के उपरांत लंगर बांटा गया। मौके पर प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, हैप्पी छाबड़ा, महासचिव हरदीप सिंह, रघुवीर सिंह छाबड़ा, प्रीतम सिंह कालरा, पलविंदर सिंह, तेजेंद्र सिंह सोनी, डॉ नरेंद्र सिंह सोनी, जोगिंदर सिंह जग्गी, कुलजीत सिंह कालरा, मनमोहन सिंह लांबा, विंकल कालरा, पवी कालरा, सुरजीत सिंह छाबड़ा, रौनक छाबड़ा, जगजीत सिंह जग्गी, अमरजीत सिंह जग्गी, विक्की छाबड़ा, बबलू छाबड़ा, रिंटू छाबड़ा, नरेंद्र सिंह होरा, हरप्रीत सिंह, जसमीत कौर सोनी, बबली सोनी मनप्रीत कौर सैनी सतविंदर कौर सैनी कुदरत छाबड़ा शरण कौर छाबड़ा लवली लांबा रविंदर कौर पवार निक्की लांबा, आदि उपस्थित थे।

## बंद पत्थर माइंस में था पानी, डूबने से युवक की मौत



**शव निकालने में जुटी है पुलिस प्रशासन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज / चतरा।** वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के करमाली पत्थर माइंस में जमा पानी में डूबने से एक युवक की मौत हो गयी। मृतक युवक की पहचान चतरा सदर थाना क्षेत्र के कनौदी गांव के ब्रह्मदेव यादव के 19 वर्षीय पुत्र आनंद कुमार के रूप में हुई है। आनंद अपने दोस्त के साथ सुबह शौच के लिए बंद खदान के पास गया था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और बंद माइंस में जमा पानी में डूब गया। साथ में गए दोस्त ने आनंद के डूबने की जानकारी गांव के लोगों को दिया। जिसके बाद लोग वहां पहुंचे और स्थानीय तैराकों के मदद से शव को निकालने का प्रयास किया। लेकिन शव को नहीं निकाला जा सका है। पुलिस प्रशासन द्वारा बाहर से गोताखोरों की टीम बुलाया गया है, लेकिन घंटो मशक्कत करने के बाद भी युवक का शव पानी से नहीं निकाल पाया। खबर लिखे जाने तक शव को पानी से बाहर निकालने के प्रयास में गोताखोर जुटे हुए हैं। मालूम हो कि मृतक क्षेत्र में रहकर दैनिक मजदूरी का काम करता था। घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक के माता-पिता के करुण चित्कार से पूरा माहौल गमगीन बना हुआ है। पुलिस प्रशासन लगातार शव को खोजने में जुटी हुई है।

**उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया**



**चतरा(आजाद सिपाही)।** उपायुक्त कीर्तिश्री ने आज टंडवा प्रखण्ड क्षेत्र में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टंडवा और कुपोषण उपचार केंद्र टंडवा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर की स्वच्छता, मरीजों को उपलब्ध उपचार सुविधा, दवाओं की स्थिति, पोषण उपचार से जुड़े प्रबंध तथा सभी चिकित्साकर्मियों की उपस्थिति का विस्तृत आकलन किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएँ जनता का मूल अधिकार हैं और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार्य नहीं होगी। निरीक्षण के क्रम में सिविल सर्जन डॉक्टर जगदीश प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी टंडवा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी नीतू सिंह, जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार और प्रखंड विकास पदाधिकारी टंडवा सहित जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त सिमरिया प्रखंड के इचाक पंचायत पहुंचीं, जहां आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत चल रहे सेवा सप्ताह शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में उपस्थित लाभुकों से संवाद स्थापित किया तथा मौके पर ही धोती-साड़ी, जन्म प्रमाण पत्र, जॉब कार्ड, योजनाओं के स्वीकृति पत्र और अन्य प्रमाण-पत्रों का वितरण किया। उपायुक्त ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि सभी लाभुकों को योजनाओं का लाभ सरल, पारदर्शी और त्वरित प्रक्रिया के माध्यम से उपलब्ध कराया जाये ताकि जनसरोकार वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रभावी रूप से पूरा हो सके। सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत आज 24 नवंबर को जिले के चतरा प्रखंड के देवरिया, मोकतमा और आरा पंचायत, गिद्धौर प्रखंड के मंझगांवा पंचायत, हंटरगंज प्रखंड के नावाडीह पनारी, गोंसाईडीह, केदली कला, तिलहेत और उरैली पंचायत, प्रतापपुर प्रखंड के टण्डवा, रामपुर और प्रतापपुर पंचायत, कुन्दा प्रखंड के मरगड़ा पंचायत, लावलौंग प्रखंड के मंधनिया पंचायत, सिमरिया प्रखंड के कसारी और इचाक पंचायत, ईटखोरी प्रखंड के टोनाटांड और पितीज पंचायत, मयूरहंड प्रखंड के पेटादेरी पंचायत, कान्हाचट्टी प्रखंड के तुलबुल पंचायत, पत्थलगड़ा प्रखंड के सिंघानी पंचायत तथा टण्डवा प्रखंड के कोयद, पोकला उर्फ कसियाडीह और डहू पंचायत में शिविरों का आयोजन किया गया। इसी प्रकार नगर परिषद चतरा क्षेत्र में वार्ड संख्या 07 स्थित अटल क्लिनिक तथा वार्ड संख्या 08 और 09 स्थित कर्मचारी भवन में भी शिविर आयोजित किये गये, जिनमें बड़ी संख्या में लाभुक उपस्थित हुए और विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया। उपायुक्त ने कहा कि सेवा का सप्ताह कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं को सीधे जनता तक पहुंचाना और पात्र लाभुकों को समयबद्ध तथा सरल प्रक्रिया के माध्यम से लाभ प्रदान करना है। उन्होंने सभी प्रखंडों को निर्देशित किया है कि शिविरों में आने वाले प्रत्येक लाभुक की समस्या का समुचित समाधान सुनिश्चित किया जाए और यह प्रयास किया जाए कि कोई भी योग्य नागरिक योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



**गोला (आजाद सिपाही)।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दादा सोबरन सोरेन का शहादत दिवस 27 नवंबर को लुकैयाटांड़ में मनाया जायेगा। इसको लेकर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारीयों का जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यक्रम के आयोजन को लेकर अब तक की गयी तैयारियों का जायजा लेते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने अतिथियों व आम जनों के बैठने की व्यवस्था, मंच, डी एरिया, हेलीपैड, पार्किंग व्यवस्था सहित कार्यक्रम के दौरान स्थल पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। बताया गया कि हर वर्ष शहादत दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिसमें हेमंत सोरेन का पूरा परिवार मौजूद रहता है। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला डॉक्टर सुधा वर्मा, एसएमपीओ विक्रम सोनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सीसीएल सिरका मैगजीन का छज्जा गिरा, सो रहा एक जवान बाल-बाल बचा



**गिद्दी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के कोलियरी सिरका मंगरदहा मैंगजीन के कमरे का ऊपरी छज्जा एकाएक भर भरा कर गिर गया। यह मामला सोमवार को प्रकाश में आया। जिसकी चपेट में कमरे में सो रहा एक होमगार्ड का जवान आ गया। बताया जाता है कि नाइट ड्यूटी के बाद होमगार्ड का जवान रमन कुमार कमरे में आराम कर रहा था। जब जर्जर कमरे का छज्जा गिरा, तब जवान जहां सो रहा था, उसके ऊपर लगा मच्छरदानी और ओढ़े लेदरे के कारण गंभीर चोट लगने से बच गया, कहां जा रहा है कि कमरे की हालत बिल्कुल जर्जर है जो छज्जा का टुकड़ा गिरा वह करीब 10 किलो का था, घटना के बाद से ही यहां रह रहे चार जवान रमन कुमार, मुख्तार अंसारी, सत्यव्रत उरांव, सोनू राम दर्जन होमगार्ड के जवानों में दहशत व्याप्त है, सूचना के बाद सीसीएल सिरका सुरक्षा विभाग के इंचार्ज प्रहरियों ने उक्त स्थल का दौरा किया, लेकिन दूसरी ओर इन मामलों को लेकर कैमरे के सामने अधिकारी कुछ भी कहने से कतरा रहे हैं। बताया जाता है कि इससे पूर्व कुछ माह पहले भी मंगरदाह मैगजीन सिरका का छज्जा गिरा था, जिसमें एक जवान का मोबाइल क्षतिग्रस्त हो गया था, जवानों को पानी पीने की समस्या भी है, तीन से चार किलोमीटर दूर खाद्य सामग्री लेने जाना पड़ता है, इसके बावजूद भी जर्जर मंगरदाह सिरका भवन मरम्मतों पर सीसीएल सिविल विभाग का ध्यान नहीं दे रहा है।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर शिविर का किया गया आयोजन



**कुंदा /चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र मरगड़ा पंचायत में सोमवार को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार, के तहत शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अंचलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा, बीपीओ राजेश कुमार, पंचायत मुखिया उपेंद्र पासवान और समाजसेवी श्याम भोक्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर की। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं को स्थल पर ही समाधान करने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के कर्मी उपस्थित रहे। आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, पेंशन, मनरेगा जॉब कार्ड, आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तथा अन्य सरकारी सुविधाओं से संबंधित आवेदन ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में जमा किए। अधिकारियों ने कई मामलों का तत्काल समाधान किया तथा शेष को प्राथमिकता से निपटाने का भरोसा दिलाया। शिविर के दौरान मरगड़ा पंचायत के मुखिया उपेंद्र पासवान सरकार की नीतियों से नाराज दिखे। उन्होंने विरोध जताते हुए काला बिल्ला लगाकर कार्यक्रम में भाग लिया। नाराजगी के बावजूद उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और अधिकारियों के समक्ष मजबूती से उठाया। शिविर में महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। उन्होंने निर्भीकता से अपनी परेशानियां और आवश्यकताओं को सरकारी कर्मचारी के समक्ष रखा। शिविर के सफल संचालन से क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना और लोगों ने प्रशासन की इस पहल को सराहनीय बताते हुए आभार व्यक्त किया।

## शिविर में ग्रामीणों की उमड़ी भीड़, कई मामलों का ऑन द स्पॉट हुआ निष्पादन



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उरैली, गोसाईडीह, तिलहेत, केदली पंचायत सचिवालय में सोमवार को आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों में तकरीबन सभी विभागों के स्टाल लगाए गए। शिविर में समस्याओं के निष्पादन के लिए आवेदकों की भारी भीड़ थी। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया तथा विभिन्न प्रमाण-पत्रों और सेवाओं के लिए आवेदन प्रस्तुत किये। शिविरों में सरकारी सेवाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई और आवेदनों का ऑन-द-स्पॉट पोर्टल पर पंजीकरण किया गया। प्राप्त शिकायतों का मौके पर ही निवारण किया गया और समाधान की प्रतियां और आवेदकों की फोटो पोर्टल पर अपलोड की गयी। सेवा का अधिकार सप्ताह के दौरान जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, नया राशन कार्ड, दाखिल-खारिज के कार्य, भूमि की मापी, भूमि धारण प्रमाण पत्र तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन से संबंधित आवेदनों को प्राथमिकता दी जा रही है। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक तक उनके अधिकारिक सेवाएं समयबद्ध और सुगम तरीके से पहुंचे। इस शिविर से जनता व सरकार के बीच की दूरी में कमी आएगी। मौके पर जिप अध्यक्ष ममता कुमारी, बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप, प्रमुख ममता कुमारी, उपप्रमुख राहुल गुप्ता, सीओ रितिक कुमार के अलावे कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे।

# जरूरतमंद को मिले रिजर्वेशन

अपने कार्यकाल के आखिरी दिन भी चीफ जस्टिस बीआर गवई ने आरक्षण से जुड़े उस महत्वपूर्ण मामले को उठाया, जिस पर वह बोलते रहे हैं। उन्होंने अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) में भी क्रीमीलेयर लागू करने की वकालत की। चीफ जस्टिस ने इस मुद्दे से जुड़े जिन पहलुओं को उठाया, वे अपनी जगह बिल्कुल सही हैं और उन पर गौर किया जाना चाहिए।

**आरक्षण का उद्देश्य :** चीफ जस्टिस ने कहा कि रिजर्वेशन उसी को मिलना चाहिए, जो जरूरतमंद है। आरक्षण का उद्देश्य भी यही है - सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना और ऐतिहासिक रूप से पिछड़े वर्गों को आगे बढ़ने के लिए समान अवसर प्रदान करना। लेकिन पिछड़े वर्गों के भीतर भी जो आगे बढ़ चुके हैं, उन्हें हमेशा के लिए यह लाभ नहीं मिलना चाहिए।

**पुराना मुद्दा :** क्रीमीलेयर का सवाल नया नहीं है। तमिलनाडु सरकार ने 1969 में पिछड़े वर्गों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का अध्ययन करने के लिए सत्तनाथन कमिशन का गठन किया था। इसी कमिशन ने पहली बार क्रीमीलेयर का कॉन्सेप्ट पेश किया। 1986 में कर्नाटक सरकार से जुड़े एक मुकदमे में शीर्ष अदालत ने कहा था कि राज्य सरकार को आर्थिक आधार पर जांच लागू करनी चाहिए ताकि सही लोगों को आरक्षण का लाभ मिल सके।

**चीफ जस्टिस ने कहा कि रिजर्वेशन उसी को मिलना चाहिए, जो जरूरतमंद है। आरक्षण का उद्देश्य भी यही है - सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना और ऐतिहासिक रूप से पिछड़े वर्गों को आगे बढ़ने के लिए समान अवसर प्रदान करना।**

**ओबीसी में पहले से लागू:** इस मामले में इंदिरा साहनी बनाम भारत संघ का मुकदमा नजीर है। इसी में सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण की सीमा 50% और इइउ में क्रीमीलेयर लागू करने का फैसला दिया था। इसके बाद केंद्र ने एक आयोग गठित किया, ताकि क्रीमीलेयर को परिभाषित किया जा सके। जब एक वर्ग में क्राइटेरिया तय किया जा चुका है, तो इसे दूसरे वर्गों में भी आजमाने में दिक्कत नहीं आनी चाहिए।

**सभी तक फायदा पहुंचे:** सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल अगस्त में एससी/एसटी कैटिगरी के भीतर सब-कैटिगरी को मंजूरी दी थी। इसका मकसद यही था कि वर्ग के भीतर मौजूद हर जाति तक आरक्षण का फायदा पहुंचे और कोई खास तबका ही लाभान्वित न होता रहे। क्रीमीलेयर भी इसी मकसद के लिए जरूरी है। 50 साल पहले जस्टिस कृष्ण अय्यर ने आरक्षण की इसी खामी की ओर ध्यान दिलाया था कि ऊपरी तबका सारे लाभ ले जाता है।

**सभी के लिए मौका:** पूरे देश में इस समय आरक्षण की सीमा को लेकर चर्चा है। एक बड़ी मांग है कि 50% लिमिट नहीं होनी चाहिए। लेकिन, अगर जरूरतमंदों को फायदा नहीं मिल रहा, तो कोई भी लिमिट आरक्षण के उद्देश्य को पूरा नहीं कर सकती। जो आगे बढ़ चुके हैं, उन्हें दूसरों का रास्ता रोकने के बजाय, आगे से हटकर पीछे वालों को रास्ता देना चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही


**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर, 2025 को 22 फुट की धार्मिक ध्वजा फहरा कर ध्वज आरोहण का पवित्र हिंदू अनुष्ठान संपन्न करेंगे। शास्त्रीय परंपरा में ध्वज आरोहण को अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक माना गया है। यह विश्व भर के उपासकों को इस समारोह में हिस्सा लेने का खुला निमंत्रण देता है।**

# राम मंदिर की कथा : अनुश्रुति से परंपरा तक

**पीआइबी**

अयोध्या में प्रातः सूर्य की पहली किरणें सिर्फ पत्थर के स्तंभों और नक्काशीदार मीनारों को ही प्रकाशित नहीं करतीं। वे उस कथा पर भी प्रकाश डालती हैं, जिसने शताब्दियों से भारत के सांस्कृतिक अंतस को गढ़ा है। अपनी पूरी भव्यता के साथ खड़ा राम मंदिर सिर्फ वास्तुशिल्प का अद्भुत नमूना ही नहीं, बल्कि आस्था और समुत्थान का संगम भी है। दुनिया भर के लाखों व्यक्तियों ने हमेशा से अयोध्या को भगवान राम की जन्मस्थली माना है। इस पवित्र स्थान पर मंदिर बनाने का विचार भारत की सांस्कृतिक पहचान से गुंथा हुआ है। यह मंदिर इस स्थल को विश्व भर के आस्थावानों के लिए आध्यात्मिक संकेतक बनाता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर, 2025 को 22 फुट की धार्मिक ध्वजा फहरा कर ध्वज आरोहण का पवित्र हिंदू अनुष्ठान संपन्न करेंगे। शास्त्रीय परंपरा में ध्वज आरोहण को अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक माना गया है। यह विश्व भर के उपासकों को इस समारोह में हिस्सा लेने का खुला निमंत्रण देता है।



मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर के प्रतिष्ठापन समारोह में 22 जनवरी 2024 को कहा था : यह भव्य राम मंदिर भारत के उत्कर्ष और उदय का साक्षी होगा। यह भव्य राम मंदिर भारत की समृद्धि और विकसित भारत का साक्षी होगा।

**एक संक्षिप्त प्रासंगिक इतिहास :** इस उपलब्धि के पीछे गहन आस्था, सांस्कृतिक स्मृति की विजय और कानून के शासन के अंतर्गत ऐतिहासिक न्याय की बहाली की कथा है।

मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर के प्रतिष्ठापन समारोह में 22 जनवरी 2024 को कहा था : यह भव्य राम मंदिर भारत के उत्कर्ष और उदय का साक्षी होगा। यह भव्य राम मंदिर भारत की समृद्धि और विकसित भारत का साक्षी होगा।

अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण की यात्रा भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं के माध्यम से एक लंबे कानूनी और सांस्कृतिक मामले को सुलझाए जाने का उदाहरण है। भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने 9 नवंबर, 2019 को समूची 2.77 एकड़ विवादित भूमि एक सर्वसम्मत और ऐतिहासिक निर्णय के अंतर्गत राम मंदिर के निर्माण के लिए दे दी। न्यायालय ने विश्व भर के आस्थावानों के लिए इस स्थल के महत्व को स्वीकार किया। इस निर्णय की न्याय, मेलजोल और सांवैधानिक सिद्धांतों की जीत के रूप में सराहना की गयी। इससे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास की देखरेख में मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया। भारत सरकार ने 5 फरवरी, 2020 को इसके लिए स्वीकृति प्रदान कर दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 अगस्त, 2020 को भूमि पूजन और शिलान्यास किया जिसके साथ ही मंदिर निर्माण के संकल्प को मूर्त रूप मिल गया। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि यह समारोह शताब्दियों की प्रतीक्षा के अंत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह मंदिर भविष्य की पीढ़ियों को प्रेरित करेगा तथा संयोजकता और आर्थिक अवसरों में वृद्धि के माध्यम से क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देगा।

भव्य श्री राम जन्मभूमि मंदिर पारंपरिक नागर स्थापत्य शैली में बना हुआ है। इसमें 392 स्तंभ और 44 प्रवेश द्वार हैं। इसके स्तंभों और दीवारों पर हिंदू देवताओं और देवियों की उत्कृष्ट नक्काशी की गयी है। भूतल पर बने गर्भगृह में भगवान श्री रामलला को प्रतिष्ठापित किया गया है।

राम लल्ला की मूर्ति ग्राउंड फ़्लोर पर मुख्य गर्भगृह में रखी है, जहां पूर्वी दरवाजे पर सिंह द्वार से 32 सीढ़ियों से पहुंचा जा सकता है। इस कॉम्प्लेक्स में भक्ति गतिविधियों के लिए पांच मंडप (हॉल) हैं–नृत्य, रंग, सभा, प्रार्थना और कीर्तन मंडप, साथ ही कुबेर टीला पर पुराने शिव मंदिर और ऐतिहासिक सीता कूप कुएं का जीर्णोद्धार भी किया गया है।

आज, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र भारत की सभ्यता की निरंतरता और कानून समर्थित आस्था की ताकत का साक्ष्य है। यह शानदार भवन न सिर्फ. अयोध्या की आध्यात्मिक विरासत को फिर से जीवित करता है, बल्कि समग्र विकास को भी बढ़ावा देता है, जिसमें महर्षि वाल्मीकि अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा और दोबारा से बनी नयी सड़कें शामिल हैं। इन बुनियादी सुविधाओं से यहाँ के तीर्थ और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिल रहा है।

**राम मंदिर: समूचे जगत में अनुगूंज :** अयोध्या में राम मंदिर उन शिल्पकारों की अटूट आस्था का सबूत है, जिन्होंने चिलचिलाती गर्मी में दिन-रात मेहनत की है। यह राम मंदिर के प्रति सामूहिक राष्ट्रीय भावनाओं को प्रदर्शित करता है। इससे पहले भी, राम मंदिर के निर्माण के उत्साह की भावना भारत के बाहर दूर तक गूंजी थी। उदाहरण के लिए त्रिनिदाद और टोबैगो अपनी राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन में एक भव्य राम मंदिर के निर्माण की योजना को आगे बढ़ा रहा है। यह मई 2025 में पोर्ट ऑफ स्पेन में अयोध्या के राम लल्ला की मूर्ति की प्रतिकृति के अनावरण के बाद हुआ है। ऐसे कार्यक्रम आध्यात्मिक प्रयास और सांस्कृतिक भावना का महत्वपूर्ण मेल दिखाते हैं, साथ ही धार्मिक पर्यटन और तीर्थगमन के दरवाजे भी खोलते हैं। इस मंदिर को अहमदाबाद के श्री चंद्रकांत सोमपुरा ने डिजाइन किया है। इसके निर्माण का काम विश्व प्रसिद्ध कंपनी लार्सन एंड टुब्रो को सौंपा गया है और टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स को सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है।

यह परियोजना प्राचीन शिल्प कौशल के अत्याधुनिक विज्ञान के साथ जुड़ने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) मद्रास, आइआइटी दिल्ली, आइआइटी बॉम्बे, और आइआइटी गुवाहाटी सहित देश के प्रमुख संस्थानों के इंजीनियर और बुद्धिजीवी इस पत्थर के मंदिर के निर्माण में शामिल हैं जो एक हजार साल तक कायम रहेगा। मंदिर में सभी उम्र के भक्तों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध हैं, जिसमें एक समर्पित तीर्थयात्रा सुविधा केंद्र, बुजुर्ग भक्तों के लिए रैंप और आपातकालीन चिकित्सा सहायता आदि शामिल हैं। अपने विशाल आकार के बावजूद, मंदिर परिसर में सौर ऊर्जा पैनल लगाये गये हैं, जो शहर के संवहनीय स्थलों के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है।

**निष्कर्ष :** राम मंदिर पर 25 नवंबर, 2025 को भगवा ध्वज लहराने के साथ ही इस चिरस्मरणीय परिसर का निर्माण कार्य पूर्ण हो जायेगा। इसके साथ ही एक विवादित सपने से लेकर जीवंत विरासत तक की यह यात्रा भी अपने गंतव्य पर पहुंच जायेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह ध्वजारोहण न केवल मंदिर की वास्तुकला का बल्कि धर्म की चिरस्थायी भावना का भी उत्सव मनायेगा क्योंकि अयोध्या सद्भाव, परंपरा और विकास के केंद्र के रूप में फिर से उभर रहा है। राम मंदिर केवल पत्थरों से बनी एक संरचना नहीं है–यह समुत्थान, भक्ति और प्राचीन परंपरा और एक जुड़े हुए वैश्विक भविष्य के बीच सेतु का प्रतीक है।

## कोल्हान की खबरें

### इचागढ़ बालू कांड में नया मोड़ विधायक पर भी लगे आरोप, 25 नवंबर को धरने का ऐलान



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** ईचागढ़ बालू प्रकरण में विवाद गहराता जा रहा है। आरोपी तरुण महतो की पत्नी भानुमति महतो ने आरोप लगाया प्रशासन और स्थानीय नेताओं की मिलीभगत से उनके पति को फसाया गया। उन्होंने विधायक सबिता महतो पर भी कार्रवाई को सेट–अपह्न बताकर निशाना साधा और निष्पक्ष जांच की मांग की। इधर जीएलकेएम जिला अध्यक्ष दीपक महतो ने प्रेस वार्ता में कार्रवाई को संदिग्ध बताते हुए पूर्व थाना प्रभारी विक्रमादित्य पांडे और आरक्षी नरेश यादव की संपत्ति की जांच की मांग की। उन्होंने 25 नवंबर को डीसी कार्यालय में शांतिपूर्ण धरने की घोषणा कर लोगों से समर्थन की अपील की। उधर बालू कांड को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक हलचल बढ़ गयी है। प्रशासन ने फिलहाल आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन जांच जारी होने की बात कही।

### पोटका में नौ विकास योजनाओं का शिलान्यास




**पोटका (आजाद सिपाही)।** पोटका विधानसभा क्षेत्र में विधायक संजीव सरदार ने सोमवार को कुल 46.70 लाख रुपये की लागत से नौ विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। पूजा–अर्चना और नारियल फोड़कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से विधायक का भव्य स्वागत किया। शिलान्यास की गयी योजनाओं में पंचायतों में पथ निर्माण, सिंचाई नाला और स्नानघाट जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। विधायक संजीव सरदार ने कहा योजनाओं का चयन ग्रामीणों की वास्तविक जरूरतों और सहमति के आधार पर किया गया है। उन्होंने यह भी बताया झारखंड सरकार का उद्देश्य विकास के लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। विधायक ने ग्रामीणों से अपील की 21 नवंबर से 15 दिसंबर तक आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अधिक से अधिक भाग लें और योजनाओं का लाभ उठाएं। शिलान्यास की गयी 9 प्रमुख योजना में रासुनचोपा गालूसिंगी झाड़ी बांध से जोजोगोंडा तक नाली निर्माण,हेंसड़ा कुलडीहा से जाहेर थान तक पथ निर्माण, चाकड़ी चाकड़ी मोड़िया टोला से सूरज सरदार के घर तक पथ निर्माण, टांगराइन कैरासाईं में किसानों के लिए सिंचाई नाली निर्माण,कोवाली कूटसूरी में सिंचाई नाली निर्माण, जानमडीह बुकामडीह में पथ निर्माण, नारदा ढेंगाम, कुंदरुघूटु टोला में पथ निर्माण, हरिणा भालूबासा में पीसीसी पथ निर्माण, जामदा रुगड़ीसाईं में स्नान घाट निर्माण शामिल है। इस अवसर पूर्व पार्षद चंद्रावती महतो, प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन और झामुमो नेता सुनील महतो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जुगसलाई फायरिंग मामला में दो गिरफ्तार




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जुगसलाई गौशाला नाला रोड में बीते 22 नवंबर की रात दीपक सिंह पर की गयी फायरिंग मामले में 5 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आरोपियों मे सन्नी सिंह उर्फ सन्नी सरदार, रॉकी मिश्रा, राहुल सिंह, सुजल कुमार गुप्ता और अभिषेक कुमार उर्फ आजाद गिरी पर मामला दर्ज है। पीड़ित दीपक सिंह के अनुसार आरोपी रात 10 बजे उसके घर पहुंचे और गाली-गलौज व मारपीट के बाद जान से मारने की धमकी देते हुए गोली चलाई लेकिन वह बाल-बाल बच गये। दीपक सिंह पहले सोनारी के टिंकू साव हत्याकांड में जेल जा चुका है। आशंका है पुरानी रंजिश के कारण फायरिंग की गयी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर आगे की कारवाई में जुटी है।

### पांच लाख की चोरी का झूठा केस दर्ज करने वाले को ही भेजा जेल

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** आजादनगर थाना क्षेत्र के बगानशाही रोड नंबर 7 में बीते 22 नवंबर को दर्ज की गई 5 लाख की जेवर चोरी की मामले में जांच चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस ने जांच के बाद वादी वकार अहमद को ही झूठा मामला दर्ज कराने और पुलिस को गुमराह करने के आरोप में जेल भेज दिया।पुलिस के अनुसार आर्थिक तंगी के कारण वकार अहमद ने उसी रात चोरी की साजिश रची थी।पूछताछ और छापेमारी के दौरान वकार के घर से सोने की चेन, चार पीस कनबाली और एक अंगूठी बरामद की गयी। पुलिस के अनुसार अब मामले में वादी की साजिश उजागर हो गयी और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी। छापेमारी दल में पटमदा डीएसपी बच्चनदेव कुजूर, थाना प्रभारी चंदन कुमार, एसआई लिवन लकड़ा, पवन कुमार, श्रीकांत कुमार, साबीर हुसैन और एएसआई अमरेंद्र त्रिपाठी शामिल रहे।

# पूर्वी सिंहभूम में कुष्ठ रोग खोज अभियान का स्टेट रिव्यू मिशन टीम ने किया निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम में 10 से 26 नवंबर तक चल रहे कुष्ठ रोग खोज अभियान का स्टेट रिव्यू मिशन टीम ने निरीक्षण किया। टीम का नेतृत्व स्वास्थ्य निदेशालय झारखंड के निदेशक डॉ. दिनेश कुमार ने की। सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल ने टीम का स्वागत किया। जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. रंजीत कुमार पांडा ने बताया जिले में 2289 टीम और 320 सुपरवाइजर घर-घर जाकर अब तक लगभग 13.47 लाख लोगों की जांच की। संदेहास्पद मरीजों को निकटतम स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में निःशुल्क जांच उपलब्ध कराई जा रही है। एसआरएम टीम ने सुंदरनगर और कलिकापुर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निरीक्षण किया




और सहियाओं और स्वास्थ्य कर्मियों से लक्षण पहचान और स्क्रीनिंग प्रक्रिया की जानकारी ली। डॉ. दिनेश कुमार ने निर्देश दिया सभी चिन्हित मरीजों की एचआईवी, टीबी, मधुमेह और ब्लड प्रेशर जांच सुनिश्चित की जाए। सिविल सर्जन ने कहा स्वास्थ्य विभाग की टीमें 247 बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने के लिए तत्पर हैं। टीम ने अभियान की प्रगति पर संतोष जताया।

### सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन

**मनोहरपुर(आजाद सिपाही)।** चिड़िया ग्राम पंचायत भवन परिसर में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सेवा शिविर का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी प्रदीप कुमार, पंचायत समिति सदस्य सुनील दास और ओपी प्रभारी वाहिद अंसारी ने स्टॉलों का निरीक्षण किया। बच्चों को मुंहझूठी, गर्भवती महिलाओं का गोद भराई, स्कूली बच्चों को गर्म कपड़े और गरीब और वृद्ध महिलाओं को कंबल वितरित किये गये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना में 180, वृद्धा पेंशन में 45, विधवा पेंशन में 18 और जाति प्रमाण पत्र में 4। लोगों ने आवेदन जमा करवाया। स्वयंसेवी संस्था फिया फाउंडेशन एस्पायर के कर्मियों ने आवेदन भरने में ग्रामीणों की मदद की।

### योजनाएं लागू करना ही नहीं बल्कि आम जनता तक पहुंचाना हेमंत सरकार की पहली प्राथमिकता : विधायक



**पोटका (आजाद सिपाही)।** पोटका प्रखंड के गंगाडीह पंचायत में विधायक संजीव सरदार ने दीप प्रज्वलित कर आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सोमवार को कार्यक्रम में पोटका सीओ निकिता बाला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद होकर ग्रामीणों की समस्याओं का स्थल पर ही समाधान शुरू कर दी। विधायक श्री सरदार ने कहा हेमंत सरकार का लक्ष्य है कोई भी पात्र परिवार योजनाओं से वंचित न रहे। उन्होंने कहा योजनाएं बनाना नहीं, उन्हें आम जनता तक पहुंचाना ही हमारी पहली प्राथमिकता है। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं और आवेदन दर्ज जमा कराए। अधिकारियों ने कई सेवाओं का उसी समय निपटारा भी किया। मौके पर बीडीओ अरुण कुमार मुंडा, पूर्व जिला परिषद चंद्रवती महतो, सुनील महतो सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल

**चांडिल (आजाद सिपाही)।** चौका थाना अंतर्गत चौका कांड्रा रोड पर दो मोटरसाइकिल संख्या JH01DY–4436 और JH01GD-1852 के बीच जोरदार टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सोमवार को सड़क दुर्घटना में घायल रांची के राज पांडे (23), सरायकेला दुगनी के प्रदीप सिंह सरदार (18) और चौका के बनशा लखन सिंह सरदार (18) शामिल हैं ।घटना की सूचना मिलते ही चौका थाना प्रभारी सोनू कुमार मौके पर पहुंचकर घायलों को अनुमंडल अस्पताल चांडिल भिजवाया, जहां उनका इलाज चल रहा है ।वही पुलिस ने दोनों बाइकों को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी ।फिलहाल घायलों की स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।

### ब्रेन ट्यूमर से जूझ रहे गोकुल महतो, इलाज के अभाव में जिंदगी खतरे में, ग्रामीणों ने लगायी मदद की गुहार



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** टेंटो पोसी पंचायत के सिंधु कोपा गांव निवासी गोकुल महतो का ब्रेन ट्यूमर के कारण गंभीर रूप से पीड़ित हैं। आर्थिक तंगी के कारण उनका इलाज रुक गया है। परिवार की स्थिति इतनी दयनीय है कि खाने तक का भी संकट है। इलाज के लिए घर की जमीन भी बेच दी गयी, फिर भी खर्च पूरा नहीं हो सका। पीड़ित की पत्नी बुधनी महतो के अनुसार पिछले डेढ़झ्रदो महीने से वे सरायकेला सदर अस्पताल, एमजीएम और रिम्स तक चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन महंगी दवाइयों और जांच के खर्च के कारण इलाज जारी नहीं रख पाये। ग्रामीणों की मानें तो गोकुल के परिवार के पास अब खाने–पीने तक के संसाधन नहीं बचे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया क्षेत्र के सांसद और विधायक ने अब तक कोई मदद नहीं की। इलाके की स्वास्थ्य और सड़क व्यवस्था शुरू से ही बदहाल है। लोगों ने सरकार व जिला प्रशासन से तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की अपील की ताकि गोकुल महतो का जीवन बचाया जा सके ।ग्रामीणों का कहना है यह मामला गरीब परिवारों की स्वास्थ्य व्यवस्था में बदहाली की बड़ी तस्वीर पेश करता है और सरकार को ऐसे मामलों पर शीघ्र कार्रवाई करनी चाहिए।

### विधायक ने रखी प्रखंड पब्लिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण की आधारशिला

# नगर अनुमंडल में बहुत जल्द बनेगा 100 बेड वाला अस्पताल : विधायक

- आने वाले दिनों में 4000 एकड़ भूमि पर पुनः प्लांट लगाकर यहां के युवाओं को दिया जायेगा रोजगार

## कहा- 28 को एक मुस्त 10 हजार शिक्षकों को मुख्यमंत्री के हाथों सौंपा जायेगा नियुक्ति पत्र



पब्लिक स्वास्थ्य केंद्र भवन की आधारशिला रखते विधायक अनंत प्रताप देव।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रमना।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रांगण में 50 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले प्रखंड पब्लिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का उद्घाटन झामुमो विधायक अनंत प्रताप देव, जिप अध्यक्ष शांति देवी और झामुमो के वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी ने सामूहिक रूप से किया। अपने संबोधन में विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि 28 नवंबर को एक मुस्त 10 हजार शिक्षकों का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि गरीबों के मतदान को जाया नहीं जाने दूंगा। कहा कि पिछले 15 वर्षों तक विधायक रहने के बावजूद प्रतिशोध की भावना के साथ यहां के युवाओं के साथ खिलवाड़ किया गया। आने वाले दिनों में 4000 एकड़ भूमि पर पुनः प्लांट लगाकर यहां के युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। कहा कि बहुत जल्द नगर अनुमंडल में 100 बेड वाले अस्पताल का निर्माण होगा, ताकि यहां के मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़े। उन्होंने बताया कि चुनाव जीतने के बाद दो-तीन महीने बीमार होने के बावजूद नगर को जिला सहित अन्य समस्या को अपने साथी की मदद से विधानसभा में उठाने की मांग की। कहा कि मंईयां सम्मान योजना में हुई त्रुटि को दूर करते हुए छूटे हुए लाभुकों को अविलंब जोड़ा जाएगा। वहीं, झामुमो प्रदेश कार्य समिति सदस्य ताहिर अंसारी ने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों से किया गया एक-एक वादा पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं से लेकर गरीब किसानों तक कई महत्वपूर्ण योजना चल रही है। आने वाले एक वर्षों में विकास की एक नई लकीर खींची जाएगी। उन्होंने कहा कि 15 वर्षों का हिसाब नहीं देकर 130 करोड़ के दवा घोटाले बाज एक वर्ष के अंदर ही जमीन खोद कर कब्र बनाने पर आमदा है। वहीं, जिप अध्यक्ष शांति ने कहा कि हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में आज राज्य सरकार गांव-गांव पहुंचकर समस्या का निपटारा कर रही है। कहा कि विकास की रफ्तार जिस प्रकार बढ़ी है उसे विपक्ष पचा नहीं पा रहा है। इस दौरान समाजसेवी मुन्ना प्रसाद, रामचंद्र राम, कुलदीप पासवान और नंदू साह आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन विधायक प्रतिनिधि रोहित वर्मा ने किया। मौके पर मुन्ना पासवान, धनंजय साह, चितरंजन सिंह, सुभान अंसारी, मंसूर अंसारी, फारुक अंसारी, गुलाबचंद साह, लालमन मेहता, अनिल गुप्ता और संदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य सहिया ने विधायक को सौंपा मांग पत्र

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य सहियाओं ने विधायक के समक्ष मांग रखी। बताया कि प्रखंड क्षेत्र में एक लाख से अधिक आबादी होने के बावजूद अभी तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंदर की मान्यता नहीं मिलने से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्वास्थ संबंधी कार्य के लिए 15 किलोमीटर दूर नगर जाना पड़ता है। सहियाओं ने विधायक से जल्द ही पूर्ण रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा दिलाने की मांग की। इस मौके पर बीटीटी संजय गुप्ता, पूनम देवी, कांति देवी, अफसाना बीबी, कुंती देवी, सुनीता देवी, माया देवी, सरिता देवी, सविता देवी, अमृता देवी, हिना बीबी और चिंता देवी आदि मौजूद रहीं।

# लाभुक चयन से अनुदान वितरण तक की पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता अनिवार्य हो : डीसी

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अनुमोदन समिति की बैठक





आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना (वित्तीय वर्ष 2025-26) के तहत प्रखंड स्तरीय चयनित लाभुकों की सूची के अनुमोदन को लेकर समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता डीसी दिनेश यादव ने की। बैठक में योजना के सभी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही क्रियान्वयन प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। प्रत्येक प्रखंड से प्राप्त लाभुक सूची का परीक्षण कर पात्रता मानदंडों के अनुरूप अनुमोदन के लिए विचार-विमर्श किया गया। डीसी ने पशुपालन विभाग की ओर से संचालित बकरा पालन, बतख पालन, सुकर (पिग) पालन, पोल्ट्री पालन सहित अन्य योजनाओं की अद्यतन स्थिति एवं लाभ वितरण प्रक्रिया की भी जानकारी ली। कहा कि पशुधन आधारित योजनाओं का सुदृढ़ क्रियान्वयन जिले के पशुपालकों की आय में वृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा।

**75/90 प्रतिशत अनुदान योजना पर विशेष जोर:** बैठक में दुधारू गाय-भैंस वितरण योजना, कमधेनु डेयरी फॉर्म, पशु आहार, चारा विकास योजना और प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता योजनाओं की समीक्षा की गई। डीसी ने निर्देश दिया कि अनुसूचित जाति/जनजाति, दिव्यांगजन, आपदा प्रभावित परिवारों और विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के साथ लाभान्वित किया जाए।

### क्रियान्वयन में समयबद्धता सुनिश्चित करने का निर्देश

डीसी ने स्पष्ट रूप से कहा कि लाभुक चयन से लेकर अनुदान वितरण तक की पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता, तकनीकी निगरानी और समयबद्धता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। बैठक में योजनाओं के तकनीकी पक्षों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, विधायक प्रतिनिधि (गढ़वा एवं विश्रामपुर) आदि उपस्थित रहे।

## केतार के जन वितरण प्रणाली विक्रेता को आवंटित लाइसेंस रद्द



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले के केतार प्रखंड अंतर्गत ग्राम परती कुशवानी के जन वितरण प्रणाली विक्रेता चन्द्रदेव बैठा को आवंटित लाइसेंस को जिला प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है। यह कार्रवाई झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश के तहत निर्धारित शर्तों एवं प्रावधानों के कथित उल्लंघन की मिली शिकायतों की जांच के बाद की गई है। आरोपों के सत्यापन के बाद संबंधित दुकान के संचालन में अनियमितताएं पाई गईं, जिसके आधार पर अनुज्ञप्ति को निरस्त करने का निर्णय लिया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट कहा कि जन वितरण प्रणाली की पारदर्शिता, सुचारु आपूर्ति एवं लाभुकों के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। नियमों के उल्लंघन या किसी भी प्रकार की अनियमितता पर प्रशासन की ओर से कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## रानी लक्ष्मीबाई के कृत्य सभी बालिकाओं के लिए अनुकरणीय है : अशोक सिंह



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** पंडित हर्ष द्विवेदी कला मंच नवादा के तत्वावधान में भंडरिया प्रखंड के जनेवा पंचायत अंतर्गत बंगाली डेरा में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर तलवारबाजी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी एवं संस्कृतिकर्मी अशोक कुमार सिंह ने की। इस दौरान रानी लक्ष्मीबाई की चित्र पर पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विषय प्रवेश कराते हुए पंडित हर्ष द्विवेदी कला मंच के निदेशक नीरज श्रीधर 'स्वर्गीय' ने कहा कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का जीवन चरित्र सभी मातृशक्तियों को जानना चाहिए। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अपना जीवन सुंदर बनाने की दिशा में प्रयास करना चाहिए। वहीं, कलासाधक एवं समाजसेवी अशोक कुमार सिंह ने कहा कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई सभी बालिकाओं के लिए अनुकरणीय है। विशेष कर पढ़ने वाली बच्चियों को रानी लक्ष्मीबाई का जीवन चरित्र बताना चाहिए। कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती के छत्तीसगढ़ प्रांत के संगीत विधा संयोजक पवन कुमार पांडेय ने कहा कि नारी अगर ठान ले तो वह कोई भी कार्य बड़ी सुगमता और गुणवत्ता के साथ कर सकती है। यह झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ने सिद्ध कर दिखाया है। उधर, तलवारबाजी प्रतियोगिता में प्रथम सविता कुमारी, द्वितीय मनीता देवी और तृतीय स्थान आरती सिंह ने प्राप्त किया। विजेताओं को तलवार एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। तलवारबाजी प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका जितेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह चुटिया, धर्मदेव सिंह, रूपलाल यादव ने निभायी। वहीं, तलवारबाजी प्रतियोगिता में सविता कुमारी, मनीता देवी, दीपा कुमारी, आरती सिंह, फूलवंती कुमारी, सुनैना सिंह, संगीता सिंह, चंद्रावती कुमारी, दीपिका कुमारी, सनवंती कुमारी, दीपा कुमारी, दीपमाला सिंह और आरती कुमारी ने भाग लिया। मौके पर राजेश्वर सिंह, अरविंद सिंह और लालधारी सिंह आदि उपस्थित रहे।

## 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय प्रतियोगिता के लिए गढ़वा के चार खिलाड़ियों का चयन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जम्मू कश्मीर में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय (एसजीएफआई) टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए राज्य टीम में गढ़वा जिले के चार खिलाड़ियों का चयन हुआ। है। इस पर टेबल टेनिस संघ के पदाधिकारी एवं खेल प्रेमियों ने बधाई दी है। झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से टेबल टेनिस खेल का रांची में ओपन ट्रायल शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें जिले के 15 खिलाड़ी शामिल हुए थे। ओपेन ट्रायल शिविर में गढ़वा जिला टेबल टेनिस के विद्यालय प्रतियोगिता में अंडर-19 वर्ग में जिले के चार खिलाड़ियों का चयन हुआ। जिसमें बालिका वर्ग में अंजली कुमारी, बालक वर्ग में नितीश कुमार मेहता, हर्षित कुमार पाण्डेय एवं सचिन कुमार का नाम शामिल है। उक्त सभी खिलाड़ियों के जम्मू कश्मीर में आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होने पर टेबल टेनिस संघ के संरक्षक अलख नाथ पांडे, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, नंदकुमार गुप्ता, सुशील केशरी, अशोक कुमार दूबे, सिस्टर रौशना, मुजीबुद्दीन खान, अशोक कुमार विश्वकर्मा, संजय सोनी, अमित सिंह, सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दूबे, आमोद कुमार पांडे, अजय ठाकुर, संजय सिंह, दुर्गेश कुमार दुबे, मिथिलेश सिंह, दरोगा पासवान और नवनीत शुक्ला आदि शामिल हैं।

## झामुमो ने मृतक के परिजनों से मिलकर किया सहयोग

**रंका (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रंका-रमकंडा मुख्य मार्ग पर रविवार को हाइवा ट्रक के पलटने से उसके नीचे दबकर मानपुर निवासी राजू कुमार और अनिल कुमार की मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद पार्थिव शरीर घर पहुंचने के बाद सूचना पाकर सोमवार को पूर्व बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष सह झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य नितेश सिंह मृतक के घर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर की ओर से आर्थिक सहयोग प्रदान किया। नितेश सिंह ने कहा कि दुख की घड़ी में झामुमो परिवार हमेशा आपके साथ खड़ा है और रहेगा। कहा कि पीड़ित परिवार को आगे भी हर संभव मदद की जाएगी।

# प्रतिबंधित डीजे बजाने पर बैंक्वेट मैरिज हॉल होंगे सील : एसडीएम

सभी सीओ और थाना प्रभारी डीजे प्रतिबंध के आदेश का सख्ती से करवायेंगे अनुपालन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर एसडीम संजय कुमार ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि गढ़वा के बारात घरों और बैंक्वेट हॉल आदि परिसरों में देर रात तक अत्यधिक तीव्र ध्वनि वाले डीजे बजाए जा रहे हैं, जिससे न केवल आसपास के नागरिकों की नींद भंग हो रही है, बल्कि लोक-शांति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए उन्होंने सभी बैंक्वेट हॉल और बारात घर संचालकों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उनके परिसर में प्रतिबंधित तीव्रता/ प्रकृति वाला डीजे बजता हुआ पाया गया, तो जनहित में उनके पूरे परिसर को सील करना पड़ेगा और वे इसमें किसी भी प्रकार की रियायत नहीं देंगे। एसडीएम ने यह भी निर्देशित किया है कि सभी विवाह/आयोजन स्थल अपने परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार पर बड़े अक्षरों में यह चेतावनी लिखेंगे कि 'यहां डीजे बजाना प्रतिबंधित है।' निरीक्षण के दौरान यदि किसी आयोजन स्थल पर इन निर्देशों का उल्लंघन पाया गया, तो न केवल परिसर को अगले आदेश तक सील कर दिया जाएगा, बल्कि संबंधित मालिकों पर विधि-सम्मत कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि उन्हें रात में एक-दो बजे तक अत्यधिक कंपन्न वाले डीजे और आतिशबाजी की आवाज की सूचनाएं मिलती हैं, नियमानुसार ध्वनि प्रदूषण के विरुद्ध संबंधित थानों को कार्रवाई करनी है। लेकिन उन्होंने अपने अंचल अधिकारियों और नगर निकायों को भी निर्देश दिया है कि वे ध्वनि प्रदूषण पर पुलिस की मदद से आवश्यक कार्रवाई करेंगे और ऐसे उल्लंघन कर्ता लोगों को चिन्हित कर प्रतिवेदित करेंगे।

## खरडीहा और चुतरू में सरकार आपके द्वार का आयोजन

**रंका (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की महत्वाकांक्षी पहल 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम रंका प्रखंड के खरडीहा और चुतरू पंचायत में आयोजित हुआ। खरडीहा में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ शुभम बेला तोपनों, मुखिया नेहा कुमारी, पंचायत सचिव किरण कुमारी, भूमि उप समाहर्ता प्रमेश कुशवाहा, झामुमो जिला सह सचिव आशीष कुमार गुप्ता, जबकि चुतरू पंचायत में बीडीओ शुभम बेला तोपनों, मुखिया खालिद अंसारी आदि ने संयुक्त रूप से शुभारंभ किया।

Government of Jharkhand
Rural Works Department
JHARKHAND STATE RURAL ROADS DEVELOPMENT AUTHORITY (JSRRDA)
3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi 834004

NOTICE INVITING TENDERS
(National Competitive Bidding Through e-Procurement)
Re-eTender No.- 04/ 2025-26 Ranchi, Dated: 21.11.2025
PR No- 363880 dated 11.10.2025

The undersigned on behalf of Government of Jharkhand invites item rate bids through e-Procurement from the eligible bidders registered* in appropriate class with any State/Central Government/State /Central Government Organization for construction and maintenance for five years of the works (List of schemes shall be displayed in the website pmgsytendersjhr.gov.in) of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna PM-JANMAN (Batch-1, 2025-26).

| Sr. No | District Name | Block Name | Tendering Package | Road Name / Bridge Name | Road Length (Kms) | Sanction Construction Cost (in lakhs) | Sanction Maintenace Cost (in lakhs) | Total Sanction Cost with Maint. (in lakhs) | Total Package Cost (in lakhs) | Earnest Money (In Lakh) | Time of Completion (in month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | Godda | Boarijore | JH-09-PMJANMAN-GOD-03 (2025-26) | L030-PMGSY Road Pandit more to Katal pahar | 1.800 | 160.15 | 16.66 | 176.81 | 945.67 | 18.92 | 15 |
| | Godda | Boarijore | | L031-Rohari REO Road to Kesgoria | 3.500 | 309.20 | 30.41 | 339.61 | | | |
| | Godda | Boarijore | | L034-Mahuabathan to Gopali via Chhota Dumarhir | 4.500 | 391.84 | 37.41 | 429.25 | | | |
| | | Total | | | 9.800 | 861.19 | 84.48 | 945.67 | | | |

The bid should be submitted online in the website **pmgsytendersjhr.gov.in**. The bidders should have valid Digital Signature Certificate for online submission of bid.
Details of bid submission is as under:

| Procurement Officer | Place of Opening | Availability of tender (on-line) for bidding | | Last date & time of seeking clarification | Last date and time of bid submission | Date & time of opening (on-line) of tender | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | From | To | | | Technical bid | Financial bid |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 |
| Engineer in Chief, JSRRDA, Ranchi | Engineer in Chief JSRRDA, Ranchi | 28.11.2025 at 10.00 AM | 18.12.2025 upto 5.00 PM | 11.12.2025 upto 2.00 PM | 18.12.2025 upto 5.00 PM | 18.12.2025 at 05.30 PM | To be informed later |

** Non-registered bidders may also submit bid, however the successful bidders must get registered in appropriate class with appropriate authority before signing the contract.*
*** Cost may change.*

**Note :-**
1. Amount of Bid Security should be taken as mentioned in the Bid Data Sheet of the Bidding Document.
2. Cost of Bid Document (Rs. 10000) and Bid Security (as mentioned in the Bid Data Sheet) shall be deposited **online** in form as mentioned in Bid Data Sheet failing which the bid will be treated non responsive and action shall be taken as per Sec. 2 of ITB clause 12.2 (d).
3. In case, it is found, even after the award of work that the bidder has submitted/ uploaded any false/erroneous/fraudulent statement/document, he/she is liable for blacklisting and forfeiture of Bid Security.
4. Bidders must submit GST registration certificate without which bid is liable to be rejected.
5. Bidders whose names appear in the Debar/blacklist of RWD or any department of GoJ/GoI (including JSRRDA) shall not be allowed to participate in the above bids.
6. Bids submitted by bidders, who have long pending ATR(s) made inordinate delay in execution of earlier allotted construction/ maintenance works of PMGSY, may be rejected summarily.
7. In case of any discrepancy/dispute about units in BOQ, units as mentioned in Current SOR on which BOQ has been prepared shall prevail.
8. Participating bidders are free to submit grievances, if any, against the decision of technical evaluation within five days from the date of uploading of decision of technical evaluation only through email at **jh-ce@pmgsy.nic.in** Grievance submitted after stipulated period shall not be considered.
9. Bidders must have valid registration with Employee Provident Fund organization under EPF and Miscellaneous Provisions Act 1952 failing which the bid shall be rejected.
10. Bidders must not quote rate for routine maintenance. The amount for routine maintenance as indicated in the Bill of Quantities must be acceptable to bidders.
11. For unbalanced bids, extra security will be required to be deposited by the bidder at the time of Agreement.
12. The undersigned reserves the right to cancel the tender at any stage without giving prior notice/reason.

All other details can be seen in the bidding document which is available in website **pmgsytendersjhr.gov.in** as per schedule mentioned above.

Sd/-
Engineer-in- Chief
JSRRDA, Ranchi

PR 366990 Rural Work Department(25-26).D

### सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च का आयोजन

# सरदार पटेल की स्मृतियों को जन-जन तक पहुंचना ही लक्ष्य: विष्णुदयाल राम



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** स्थानीय प्लस टू हाई स्कूल मैदान में सोमवार को सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पलामू सांसद विष्णुदयाल (वीडी) राम, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शारदा महेश प्रताप देव, अलखनाथ पांडेय, रघुराज पांडेय और जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने संयुक्त रूप से भारत माता एवं सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद प्लस टू उच्च विद्यालय एवं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाजार के छात्राओं ने एक से बढ़कर एक देश भक्ति एवं पारंपरिक गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद विष्णुदयाल राम ने कहा कि एकता मार्च का उद्देश्य भारत राष्ट्र निर्माण के नेता सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाना है। उनकी स्मृतियों को जन जन तक पहुंचना ही लक्ष्य है। कहा कि सरदार पटेल ने देश के 550 से अधिक रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत की एकता को जिस रूप में गढ़ा, वह प्रेरणादायी है। युवा देश को आगे बढ़ाने की सबसे बड़ी शक्ति है। युवाओं से स्वदेशी भावना अपनाने, नशा-त्याग करने तथा विकसित भारत के सपने को साकार करने का आग्रह किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, रघुराज पांडेय, विनय चौबे और अलखनाथ पांडेय ने भी अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर रन फॉर यूनिटी से पूर्व सांसद ने उपस्थित स्कूली छात्र छात्राओं और आम लोगों को आत्मनिर्भर भारत एवं नशामुक्त भारत के प्रति सभी को शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे ने की। मौके पर सांसद प्रतिनिधी इंद्रदेव यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मधुलता कुमारी, संजय यादव, मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव, प्रदीप चौबे, विनय चौबे, इंद्रमणि जायसवाल, मोती पासवान, निरंजन पाठक और मनोज सिंह आदि उपस्थित थे।

### पदयात्रा में सांसद ने छात्र-छात्राओं के साथ लिया भाग

यूनिटी मार्च में स्कूली बच्चों के साथ सांसद विष्णु दयाल राम प्रदेश एवं जिला के भाजपा पदाधिकारियों के साथ शामिल हुए। पदयात्रा प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण से मुख्य पथ बाजार, कपूरी चौक होते हुए मुस्कैनी पहाड़ तक निकाली गई। इसमें डीएवी पब्लिक स्कूल टाउनशिप, प्लस टू उच्च विद्यालय, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर टाउनशिप, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल, बुनियादी विद्यालय के हजारों विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## महिला ने कीटनाशक खाया, बची जान

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू निवासी 50 वर्षीय वीरसमुनी देवी सोमवार की दोपहर उस समय बीमार पड़ गयी जब उसने अज्ञानता में गेहूं के पास रखा कीटनाशक खा लिया। जानकारी के अनुसार कीटनाशक गेहूं के साथ रखा था। जिसे भ्रम में महिला ने सेवन कर लिया। सेवन के बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन तुरंत उन्हें सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में चिकित्सकों की टीम ने उपचार शुरू किया। अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि महिला की स्थिति अब सामान्य है। फिलहाल, उसे चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। चिकित्सकों ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि खाद्यान्न और कीटनाशक जैसी वस्तुओं को एक ही स्थान पर रखने से बचें, क्योंकि थोड़ी सी लापरवाही भी जीवन के लिए गंभीर खतरा बन सकती है।

# स्कूल से लौट रहे छात्र को युवकों ने अगवा कर पीटा

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। शहरी क्षेत्र के अप्पर बाजार स्थित राजकीय चुन्नीलाल उच्च विद्यालय से पढ़ाई कर घर लौट रहा छात्र इंजमाम अंसारी को सोमवार की दोपहर थाना रोड बालिका स्कूल के निकट से तीन युवकों ने बलपूर्वक अगवा कर लिया। शहर के बड़ा तालाब के निकट स्थित बुचन गली ले जाकर छात्र इजमाम अंसारी की गंभीर पिटाई करने लगे। बीच बचाव करने आए छात्र इंजमाम के भाई सैफ अंसारी की भी गंभीर पिटाई किया गया। सदर अस्पताल में सभी घायलों का इलाज किया गया। घटना को लेकर पीड़ित सैफ अंसारी ने सदर थाना में कार्रवाई के लिए आवेदन दिया है। सदर थानेदार रत्नेश मोहन ठाकुर ने इस संदर्भ में बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जायेगी। मिली जानकारी के अनुसार छात्र इंजमाम अंसारी दोपहर लगभग 1 बजे स्कूल से घर लौट रहा था, तभी रास्ते में पहले से घात लगाये अमर अंसारी, नूर अमन और आयत अंसारी नामक तीन युवकों ने अचानक उसे पकड़ लिया। जबरन एक वाहन पर बैठाकर बुचन गली ले गए। बताया गया है कि आरोपी तीनों युवक योजना बनाकर छात्र को निशाना बनाया गया। इस पूरे मामले को लेकर इजमाम अंसारी के भाई सैफ अंसारी ने थाना में लिखित आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया है कि, इजमाम अंसारी को अमर अंसारी, नूर अमन और आयत अंसारी तीनों ने मिलकर जबरन वाहन से बुचन गली ले गये। वहां उसकी गंभीर पिटाई किया गया। रास्ते में जान से मारने की नीयत से मारपीट कर रहे थे। कहा कि, इजमाम अंसारी को जबरन वाहन पर ले जाते देखा, जिसके बाद उन्होंने बिना देर किए पीछा किया। बुचन गली पहुंचने पर देखा कि इजमाम अंसारी को घेरकर लगातार मारपीट की जा रही थी। जब बचाने का प्रयास किया तो उन पर स्टील रॉड से हमला किया गया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर गया। बताया गया है कि, सैफ अंसारी के साथ मौजूद दो अन्य लोगों पर भी हमला किया गया। घायल तीनों को बाद में इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। छात्र का अगवा करने के दौरान बाइक नंबर जेएच 08के 6607 का उपयोग किया गया है। घटना के संबंध में लोहरदगा सदर थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर ने पीड़ित से शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई शुरू कर दी है।


घटना के बाद सदर अस्पताल में लोगों की भीड़।

# बिजली तार चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा, चार गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



लोहरदगा। जिले की किस्को थाना पुलिस ने बिजली तार चोरी करने वाले एक शातिर गिरोह का उद्भेदन करते हुए चार अपराधियों को धर दबोचा है। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से चोरी किया गया करीब 90 मीटर एचटी तार और घटना में इस्तेमाल की गयी एक वैगनआर कार बरामद की है। गिरफ्तार किए गए अपराधियों में एक लोहरदगा और तीन लातेहार जिले के निवासी हैं। जिसमें राजन रजक उर्फ राजन बैठा (35 वर्ष), सत्येन्द्र कुमार रजक (25 वर्ष), विकास सिंह (21 वर्ष), सुरेन्द्र बैठा उर्फ छोटू (19 वर्ष) शामिल है। घटना के संबंध में सेन्हा थाना क्षेत्र के घाटा निवासी प्रभाकर यादव ने किस्को थाने में लिखित आवेदन दिया था। उन्होंने बताया था कि किस्को थाना अंतर्गत ग्राम काशीटांड में एचटी लाइन के लगभग चार पोल से करीब 90 मीटर तार चोरी कर लिया गया है। इस शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए किस्को थाना में कांड संख्या 32/2025 दर्ज किया गया। लोहरदगा एसपी के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (किस्को) वेदांत शंकर के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी साक्ष्य और खुफिया जानकारी के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि इसी गिरोह ने सितंबर माह में बगड़ू थाना क्षेत्र के जामुन टोली बाजार टांड से करीब 500 मीटर तार चोरी किया था। अपराधियों ने खूंटी जिले के मुरहू थाना क्षेत्र में अक्टूबर और नवंबर माह में दो अलग-अलग स्थानों (घाघरा मोड़ और गम्हरिया) से 11 हजार वोल्ट का तार चोरी करने की बात कबूली है। इस सफल अभियान में किस्को थाना प्रभारी मानस कुमार साधु, पुअनि विजय सामद, हवलदार चितरंजन प्रसाद, आरक्षी रतनलाल किस्कू और लक्ष्मण उरांव शामिल थे। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## धीरज प्रसाद साहू से मिले अंजुमन इस्लामियां के प्रतिनिधि, उर्स की तैयारियों पर की चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



लोहरदगा। अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा का एक प्रतिनिधि मंडल सोमवार को पूर्व राज्यसभा सांसद एवं समाजसेवी धीरज प्रसाद साहू के आवास पहुंचा और उनके जन्मदिन पर अंगवस्त्र एवं गमले में पौधा भेंट कर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर प्रतिनिधि मंडल ने सामाजिक सद्भाव, सौहार्द और सहयोग की परंपरा को मजबूत करने की बात कही। मुलाकात के दौरान हजरत बाबा दुखन शाह (रहमतुल्लाह अलैह) के 101वें उर्स शरीफ के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि उर्स शहर की गंगा-जमुनी तहजीब और कौमी एकता का प्रतीक है, जिसमें हर वर्ग की भागीदारी रहती है। उन्होंने उर्स की तैयारियों, व्यवस्थाओं, सुरक्षा और सामुदायिक सहयोग पर धीरज प्रसाद साहू को अवगत कराया और उनके मार्गदर्शन की अपेक्षा जतायी। धीरज प्रसाद साहू ने अंजुमन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि लोहरदगा की साझा संस्कृति और भाईचारे को आगे बढ़ाने में ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने उर्स के सफल आयोजन के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। प्रतिनिधि मंडल में अंजुमन इस्लामिया जेनरल काउंसिल के नाज़िम-ए-आला हाजी अब्दुल जब्बार, नायब सदर सैयद आरिफ हुसैन बबलू, मोजम्मिल अंसारी, वासिफ कय्यूम, शमीम साहब, अब्दुल कादिर, सेराज अंसारी समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रतिनिधि मंडल की इस मुलाकात को जिले में कौमी एकता और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने की दिशा में सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## वर्ष में तीन फसल लें किसान, सरकार मुहैया करायेगी सुविधाएं : डॉ ताराचंद

आजाद सिपाही संवाददाता



लोहरदगा। राज्य सरकार के निदेश पर 21 से 28 नवंबर तक पंचायतों में सेवा का अधिकार सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कुडु प्रखंड के चिरी पंचायत के संजय गांधी उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित सेवा का अधिकार सप्ताह कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ ताराचंद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उपायुक्त ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि जो भी किसान कृषि कार्य कर रहे हैं वे वर्ष में तीन फसल लें, सरकार की ओर से विभिन्न तरह की सुविधाएं मुहैया करायी जाएंगी। जितने बीजों की आवश्यकता आपको है उसकी जानकारी संबंधित लैम्प्स-पैक्स के साथ साझा करें ताकि सरकार बीज विनिमय योजना अंतर्गत लैंप्स-पैक्स के माध्यम से आपको 50 प्रतिशत की अनुदानित दर पर उपलब्ध करा सके। उपायुक्त ने कहा कि कृषि इस देश, इस राज्य की रीढ़ है। लोहरदगा जिला में भी लोग खेती किसानी से ही जुड़े हैं लेकिन इस जिला में अधिकतर किसान एक ही फसल ले पाते हैं जबकि किसान रबी और जायद फसलों का भी उत्पादन कर सकते हैं। हमारे देश में तिलहन और दलहन फसलों का उत्पादन कम है जिसे उगा कर यहां के किसान अधिक मुनाफा कमा सकते हैं और समृद्ध हो सकते हैं। आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे देश की अर्थव्यवस्था कृषि पर निर्भर है लेकिन वहां की प्रतिव्यक्ति आय यहां से कई गुणा अधिक है। उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार कई योजनाओं से आमजनों को लाभान्वित करती है। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष उरांव, जिला परिषद सदस्य रीना कुमारी, प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया रामेश्वर उरांव समेत वार्ड सदस्य व बड़ी संख्या ग्रामीण उपस्थित थे।

## लोहरदगा के एमआर मार्केट में 'ड्रीम शूज' का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। शहर के न्यू रोड स्थित सोनी कॉम्प्लेक्स के अपोजिट एमआर मार्केट में सोमवार दोपहर 'ड्रीम शूज' का भव्य उद्घाटन जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अंसारी और इमाम अखलाकुल कादरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इससे पूर्व इमाम द्वारा अमन, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए फातिहा ख्वानी की गई। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अंसारी ने कहा कि, युवा पीढ़ी द्वारा व्यापार और स्वरोजगार को बढ़ावा देना समाज के लिए प्रेरणादायक है। कहा कि ऐसे प्रतिष्ठान न केवल शहर के लोगों को बेहतर विकल्प उपलब्ध कराते हैं, बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार का अवसर भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान दुकान संचालक को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दुकान संचालक साहिल अंसारी ने बताया कि ड्रीम शूज में ग्राहकों के लिए कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स की विस्तृत रेंज उपलब्ध करायी गयी है। बताया कि, उद्घाटन के अवसर पर सभी श्रेणियों के जूते चप्पलों पर विशेष छूट दी जा रही है। जिसका ग्राहकों ने भरपूर लाभ उठाया। मौके पर दर्जनों आकर्षक फुटवियर की खरीदारी की गयी। इस अवसर पर नेसार अंसारी, अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष सेराज अंसारी, उपाध्यक्ष कमरुल इस्लाम, प्रधान महासचिव शनाउल्लाह अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष किस्को असलम अंसारी, गुड्डू प्रखंड अध्यक्ष ताल्हा अंसारी, अशरफ अंसारी, आसिफ खान, छोटे खान, हाशमी, अकमल, सिद्दीकी सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कई समस्याओं का तुरंत समाधान



आजाद सिपाही संवाददाता

बरवाडीह। बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के बेतला व पोखरी कलां पंचायत सचिवालय में सोमवार को सेवा अधिकार सप्ताह आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का हुआ आयोजन। शिविर में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, अंचलाधिकारी लवकेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि ईश्वरी सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह उर्फ पिंटू, थाना प्रभारी अनुराग कुमार मौजूद रहे। सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत गोद भराई रस्म किया गया। इसके अलावे शिविरों में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। वहीं शिविर में पंचायत के विभिन्न अलग-अलग जगहों से पहुंचे ग्रामीणों को आपूर्ति विभाग के द्वारा धोती साड़ी का वितरण किया गया। साथ ही विद्यार्थियों के बीच सर्टिफिकेट वितरण किया गया। मौके पर प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी राजेश कुमार, बाल विकास परियोजना के सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी सेविका, झामुमो नेता अफजल अंसारी आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## पति की खोजबीन के लिए महिला ने लगायी गुहार, दिया आवेदन



सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। झालजमीरा पंचायत अन्तर्गत पीपर टोली निवासी बिरिया उरांव का पुत्र राजेन्द्र उरांव बीते शनिवार को सुबह 4:30 बजे घर से निकला था। जो देर शाम तक घर लौट कर नही आया तो परिजनों ने अपने स्तर से आसपास के दोस्त स्थानीय लोगों एवं रिश्तेदार में खोज बीन आरम्भ कर दिया परंतु आज तक राजेंद्र उरांव का कोई सुराग नही मिला। पत्नी अमृता उरांव ने लिखित सूचना सेन्हा थाना प्रभारी नीरज झा को देते हुए पुलिस प्रशासन से सकुशल बरामदगी के लिये प्रशासन से गुहार लगायी है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी नीरज झा ने कहा प्राप्त आवेदन को संज्ञान में रखते हुए पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई आरंभ कर दी गयी है।

## बरवाटोली पंचायत में 'सेवा का अधिकार सप्ताह' शिविर लगा

आजाद सिपाही संवाददाता



लातेहार। लातेहार जिला के चंदवा प्रखण्ड के बरवाटोली पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत चंदवा प्रखंड की बरवाटोली पंचायत में आयोजित विशेष शिविर का शुभारंभ राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव चंद्रशेखर द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा सचिव को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया।

**कार्यक्रम में परिसंपत्तियों का हुआ वितरण :** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत आयोजित विशेष शिविर में सचिव, उपायुक्त, जनप्रतिनिधियों के द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मौके पर सचिव चन्द्रशेखर के द्वारा शिविर में लगाये गये विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया गया। साथ ही निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा सीधे ग्रामीणों से संवाद भी किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि किसी भी पात्र लाभुक को योजनाओं से वंचित न रहने दिया जाए, अधिकतम संख्या में लोगों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविरों से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को एक ही स्थान पर कई सेवाएं सुलभ हो रही हैं, जिससे प्रशासन और आमजन के बीच दूरी कम हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि शिविरों में पारदर्शिता एवं समयबद्ध सेवा प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

मौके पर उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदवा, मुखिया, संबंधित विभागों के पदाधिकारी, कर्मी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## कामता में लगा सरकार आपके द्वार शिविर



चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा कामता पंचायत सचिवालय परिसर में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कामता पंचायत सचिवालय परिसर में शिविर का आयोजन किया गया, शिविर का उद्घाटन संयुक्त रूप से मुखिया नरेश भगत, पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में ग्रामीण महिलाओं ने सबसे अधिक अबुआ आवास और पीएम आवास के आवेदन जमा किया, मईयां सम्मान योजना सहित कई फार्म भी जमा किया गया है। इसके अलावा जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र, दाखिल, खारिज, भू- सिमांकन एवं भू-धारन प्रमाण पत्र का आवेदन दी गयी। शिविर को संबोधित करते हुए पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कहा कि शिविर में सभी विभाग का स्टॉल लगा हुआ है, आपको जो भी समस्या है संबंधित विभाग को आवेदन दें। शिविर में संबंधित पंचायत के सभी पीडीएस डीलर, शिक्षक एवं वीएलइ शामिल हुए।

## अरु और भड़गांव में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लें : राधा तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



सेन्हा/ लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय भड़गांव और अरु पंचायत अन्तर्गत प्लस टू नंदलाल उच्च विद्यालय के मैदान में सेवा अधिकार सप्ताह के तहत आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनता दरबार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, डीटीओ जया शंखी मुर्मू, आइटीडीए निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, सांसद प्रतिनिधि नंदकिशोर शुक्ला, बीडीओ संग्राम मुर्मू, सीओ पंकज कुमार भगत, मुखिया राजश्री उरांव द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर प्रारम्भ किया गया। आयोजित जनता दरबार में मुख्यमंत्री पशुधन, बिरसा हरित ग्राम, स्वास्थ्य विभाग, मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन, बिरसा सिंचाई संवर्धन कूप योजना सहित विभिन्न योजनाओं का स्टॉल लगाया गया था। वहीं जनता दरबार में आमजनों ने अपनी समस्याओं से प्रखंड प्रशासन को अवगत कराया। जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा संचालित विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी लोग लें। साथ ही कहा कि आम जनता को योजनाओं का दिलाने के उद्देश्य से राज्य सरकार सभी पंचायतों में सेवा का अधिकार कार्यक्रम के तहत इस बार भी आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम प्रारंभ की है। सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड और अंचल प्रशासन आमजनों को लाभ दिलाने के लिये पंचायत वार जनता दरबार आयोजित कर रहे हैं। कार्यक्रम में जरूरतमंदो के बीच धोती साड़ी, जाति आय आवासी प्रमाण पत्र, मकई बीज, कंबल का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 185 मरीजों का इलाज कर निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। मौके पर अनुमंडल पशुपालन पदाधिकारी डॉ अरुण उरांव, बीपीआरओ सुजीत उरांव, प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, बीपीओ रघुनाथ मुंडा, पंचायत सचिव आरती चरमाखो, पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज सिंह, डॉ रोहित कुमार, प्रभारी सीआइ प्रवीण साहू समेत अन्य प्रखंड व अंचलकर्मी तथा ग्रामीण महिला-पुरुष और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## टूर्नामेंट में डायमंड क्रिकेट क्लब बनी विजेता

आजाद सिपाही संवाददाता



लोहरदगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित ए डिविजन क्रिकेट लीग के फाइनल मुकाबले में डायमंड क्रिकेट क्लब ने सीटीसीए को चार विकेट से पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। स्थानीय बीएस कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम में निर्धारित 35 ओवर के मैच में सीटीसीए ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट के नुकसान पर 206 रनों का स्कोर खड़ा किया। एक समय 35 रन पर 4 विकेट गवा कर सीटीसीए संघर्ष कर रही थी। लेकिन प्रेम कुमार के शानदार शतक 101 रन और अभिषेक राठौर के 32 रनों की पारी की बदौलत सीटीसीए ए 206 रन बना सकी प्रेम कुमार तथा अभिषेक राठौर ने पांचवें विकेट के लिए 96 रनों की साझेदारी की। डायमंड क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए गौरव कुमार तिवारी ने 2 युवराज कुमार ने 1 तथा आशुतोष मिश्रा ने 1 विकेट लिया जवाबी पारी खेलते हुए एक समय डायमंड क्रिकेट क्लब की टीम 164 रन पर छह विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी। लेकिन कृष्ण शाही के शानदार 74, युवराज कुमार के 18 गेंद पर 30 हर्षवर्धन कुमार के 28 गेंद पर 30 तथा आशुतोष कुमार मिश्रा के 24 रनों की बदौलत टीम ने चार विकेट से विजय हासिल कर लिया। मैच के अंत में भव्य पुरस्कार वितरण समारोह में सभी अतिथियों द्वारा विभिन्न खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार डायमंड क्रिकेट क्लब के कृष्णा शाही को टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार प्रिंस सिन्हा, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज आर्यन कुमार साहू, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र रक्षक हर्षवर्धन कुमार तथा मैन ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार हिमांशु रंजन कुमार को दिया गया। सभी विजेता तथा विजेता टीम के खिलाड़ियों को मेडल तथा सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 3100 का नगद पुरस्कार तथा उप विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 2100 का पुरस्कार दिया गया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ के सचिव आलोक राय, कोषाध्यक्ष ने नेयाज मल्लिक, वरीय उपाध्यक्ष रथींद्रनाथ राय, किशोर कुमार वर्मा, उपसचिव प्रवीण कुमार प्रसाद, दुर्गा प्रजापति कमेटी के सदस्य प्रमोद वर्मा, मुकेश दुबे, दिनेश अग्रवाल, अमित कुमार, जयजीत चौबे, मुकेश शर्मा, सुकेश शर्मा, तुषार, मतीश तथा प्रकाश आदि उपस्थित थे।

# हैदरनगर में हुई डकैती पर भाजपा नेताओं ने दी आंदोलन की चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता



सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता।

**हुसैनाबाद।** भाजपा के पलामू जिला कार्यसमिति सदस्य रामराज मेहता और सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर हैदरनगर में हुई डकैती कांड में संलिप्त अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है अन्यथा भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा एसडीपीओ कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जायेगा। जारी प्रेस विज्ञप्ति में भाजपा नेताओं ने बताया है कि हैदरनगर थाना अंतर्गत ग्राम कुकही के टोला मोगलजान में 20 नवंबर की मध्य रात्रि अध्यापक मृत्युंजय मेहता के घर पर हुई डकैती में लुटेरों ने पति-पत्नी शिक्षक दंपति को बंदूक के नोक पर घर के अंदर चार घंटे तक बंधक बनाकर बेखौफ लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय घटना घटित हुई है।

कहा कि एक ओर पुलिस प्रशासन से तनिक भी अपराधियों में खौफ नहीं है तो दूसरी तरफ जनता में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। आज घटना के चार दिनों बीत जाने के बाद भी पुलिस प्रशासन को कुछ भी हाथ नहीं लगा है। यह पुलिस की निष्क्रियता को दर्शाता है। भाजपा नेताओं ने इस डकैती की वारदात को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाया है कि स्थानीय प्रशासन बालू की अवैध कारोबार तथा शराब की तस्करी में लगे अपराधियों को संरक्षण दे रही है यही कारण है कि अपराधी बेखौफ घटना को अंजाम दे रहे हैं।

# सड़क दुर्घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने रेहला -पांडू मुख्य पथ को किया जाम

- सड़क दुर्घटना में रविवार को कन्हाई राम की हुई थी मौत
- ग्रामीण मुआवजा और सड़क पर ब्रेकर बनवाने की कर रहे थे मांग
- विधायक और प्रशासनिक पदाधिकारियों के आश्वासन के बाद हटा जाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/ पलामू।** आये दिन हो रही सड़क दुर्घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने रेहला पांडू मुख्य पथ को बरवाडीह गांव के पास सोमवार को जाम कर दिया। जिसके कारण सड़क के दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतार लग गयी। स्थानीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम हटवाया। मालूम हो कि शनिवार देर शाम हुई सड़क दुर्घटना में बरवाडीह गांव निवासी नन्हकू राम और उनकी पत्नी गीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी थी। मेदिनीनगर में इलाज के दौरान नन्हकू राम की मौत रविवार को हो गयी। सोमवार को सुबह सात बजे मृतक का शव बीच सड़क पर रखकर ग्रामीणों ने रेहला-पांडू मुख्य पथ को जाम कर दिया। ग्रामीण मुआवजा, मृतक के एक परिजन को नौकरी और रोड में ब्रेकर बनवाने की मांग कर रहे थे। सूचना मिलते ही रेहला थाना प्रभारी गुलशन बिरूआ व बिश्रामपुर थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे पुलिस जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। इस दौरान विधायक नरेश प्रसाद सिंह भी घटनास्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों से बात की और उन्हें समझाया बुझाया। बीडीओ राकेश कुमार सिंह ने पारिवारिक लाभ से बीस हजार रुपये देने और सीरीज में रोड पर ब्रेकर बनवाने का आश्वाशन दिया तब जाकर 10.30 बजे जाम समाप्त हुआ।

### स्कूल वाहन को भी रोका गया

साढ़े तीन घंटे जाम लगने के कारण सड़क के दोनों ओर छोटी बड़ी गाड़ियों की लंबी कतार लग गयी। जमाकर्ता स्कूली वाहन को भी रोक कर रखे। जिसके चलते बच्चों को दो से तीन किमी पैदल चलकर स्कूल जाना पड़ा।

मौके पर जिला योजना समिति सदस्य संजय बैठा, समाजसेवी गोपाल राम, गोरखनाथ पांडेय, झारखंड आंदोलनकारी संजय मेहता, राजद के नगर अध्यक्ष सिराजुदीन अंसारी, विधायक प्रतिनिधि मुन्ना यादव,विकाश यादव, कांग्रेस नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय, प्रमोद पांडेय, राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव, अमीन अंसारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# हुसैनाबाद के दंगवार में महिलाओं को मिला मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** कृषि एवं पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के उद्यान निदेशालय झारखंड के द्वारा हुसैनाबाद प्रखंड के दंगवार पंचायत सचिवालय में उद्यानिकी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उद्यान विकाश योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025 - 26 में मशरूम उत्पादन के लिए 30 महिलाओं को पांच दिवसीय प्रशिक्षण एपीपी एग्रीगेट खूंटी के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पंचायत के मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, उद्यान मित्र सह हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, समाजसेवी संतोष राम एवं प्रगतिशील किसान राजकुमार मेहता ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षक नंदू प्रजापति के द्वारा विस्तार से पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शिड्यूल बताया गया। मौके पर पंचायत के मुखिया श्री ठाकुर ने कहा की क्षेत्र की महिलाएं प्रशिक्षण लेकर मशरूम का उत्पादन कर कृषि क्षेत्र में आगे बढ़े और स्वालंबी बनें। व्यापार मंडल अध्यक्ष श्री बैठा ने कहा कि अपने गांव, जमीन और परिवार के बीच रोजगार उपलब्ध हो, तो पलायन की जरूरत नहीं होगी और यह सबसे सुखद होता है। मशरूम उत्पादन इसी सोच का हिस्सा है। मौके पर पूनम देवी, उर्मिला देवी, निशु कुमारी, सरिता देवी, मनोरमा देवी, गायत्री देवी, नीलम कुमारी, संगीता देवी, सुषमा देवी, मंजू देवी, आरती देवी, सुमन कुमारी, नागमती देवी समेत कई महिलाएं मौजूद थी।

# बिहार में भाजपा की जीत के बाद दिलीप जायसवाल ने बाबा बैद्यनाथ के किये दर्शन

- इरफान अंसारी पर साधा निशाना

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के बाद सोमवार को बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचे। यहां उन्होंने बाबा का रुद्राभिषेक कर पूजा-अर्चना की और देश-प्रदेश की खुशहाली की कामना की। मंदिर में पूजा के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने झारखंड में एसआइआर को लेकर दिये गये बयान पर विधायक इरफान अंसारी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 'इरफान अंसारी जैसे लोग असंवैधानिक बातें करते हैं, और ऐसे लोगों के लिए कानून ही काफी है।'

उन्होंने इरफान अंसारी से सवाल किया कि क्या उन्हें एसआइआर का सही अर्थ पता है?

श्री जायसवाल ने स्पष्ट किया कि एसआइआर का मतलब है मतदाता सूची में संशोधन। उन्होंने कहा कि जो मतदाता अब जीवित नहीं हैं, क्या उनका नाम सूची में रहना चाहिए? जो भारतीय नागरिक नहीं हैं, क्या उनका नाम मतदाता सूची में होना चाहिए इन्हीं बिंदुओं पर उन्होंने इरफान अंसारी से जवाब मांगते हुए कई सवाल खड़े किये। दर्शन के दौरान मंत्री ने कहा कि बाबा बैद्यनाथ सबको देते हैं, यहां हर किसी की मनोकामना पूर्ण होती है। बिहार चुनाव से पहले भी मैं बाबा के दरबार आया था और अब जीत के बाद एक बार फिर आशीर्वाद लेने पहुंचा हूं। रोजगार के मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में रोजगार को शीर्ष प्राथमिकता दी जायेगी। इस बार युवाओं ने बढ़-चढ़कर मतदान किया है और अब उनकी अपेक्षाओं के अनुसार रोजगार के अवसर बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

# सेवा का अधिकार सप्ताह शिविर में तीन दिनों में 12,885 आवेदन मिले

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** 21 नवंबर से 28 नवंबर तक जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत विभिन्न पंचायतों में शिविर लगाये जा रहें हैं। इसी क्रम में पिछले तीन दिनों में लगाये गये शिविरों में विभिन्न योजनाओं का लाभ हेतु आमजनों के तरफ से 6755 आवेदन आये हैं। वहीं विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्रों से जुड़े 969 आवेदन प्राप्त किये गये हैं। इसके अलावे भूमि मापी, दाखिल-खारिज, पेंशन से जुड़े आवेदन आये। इस तरह कुल 12,885 आवेदन प्राप्त किये गये। इसमें से दो हजार से अधिक आवेदनों का ऑनस्पॉट निष्पादन कर दिया गया। शेष आवेदनों का वेरिफिकेशन के पश्चात स्वीकृति प्रदान की जायेगी। दस्तावेजों में त्रुटि रहने के कारण 35 आवेदनों को रिजेक्ट कर दिया गया। सबसे कम आवेदन मोहम्मदगंज, वहीं सबसे अधिक आवेदन हुसैनाबाद से प्राप्त किये गये।

सेवा का अधिकार सप्ताह कार्यक्रम के तहत आगामी मंगलवार को मोहम्मदगंज के भजनिया, हैदरनगर के बभंडीह, बरडंडा, हुसैनाबाद के उपरिकला, बेनी कलां और पथरा, हरिहरगंज के खड़गपुर, पिपरा के पिपरा, नौडीहाबाजार के तरीडीह एवं खैरादोहर, छतरपुर के कउवल, सिलदाग और डाली, पांडु के सीलदिली, ऊंटरीरोड के मुरमाखुर्द, विश्रामपुर के लालगढ़, नवाबाजार के तुकबेरा, पड़वा के पड़वा, चैनपुर के नरसिंहपुर पथरा, कोशियारा और मझिआंव, रामगढ़ के चोरहट, सदर मेदिनीनगर के कौड़िया और सरजा पंचायत समेत कई पंचायत में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# सड़क दुर्घटना में चार युवक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**सतबरवा/ पलामू।** सतबरवा थाना क्षेत्र के कसिया डीह एन एच 39 पर सोमवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। जिसमें काले रंग की क्रेटा कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक बड़े पेड़ से जा टकरायी, जिससे कार में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया।

हादसा सुबह करीब 9 बजे की है। घायलों में हनी कुमार, रवि कुमार, भूजी और कृष्णा सोनी का बेटा सभी सतबरवा महावीर चौक निवासी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार कसिया डीह के पास एक मोड़ पर अचानक बेकाबू हो गयी और सड़क छोड़कर सीधे पेड़ से भिड़ गयी। टक्कर की जोरदार आवाज सुनते ही आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गयी और लोग तुरंत मौके पर दौड़ पड़े।

हालांकि कार में लगे एयरबैग खुल जाने के कारण चारों युवकों की जान बच गयी, लेकिन उनके सिर, हाथ और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आयी हैं। स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से तुरंत सभी घायलों को नवजीवन अस्पताल, तंबागाड़ा पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चारों को रिम्स रांची रेफर कर दिया है।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही सतबरवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया है और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर सड़क हादसे होते रहते हैं और प्रशासन को सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

# देवघर में छह साल बाद भी नहीं हुआ पीएम आवास योजना से बने फ्लैटों का आवंटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर गरीब को पक्का घर देने का संकल्प लिया था। इसी सपने को साकार करने के लिए देशभर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करोड़ों रुपये खर्च कर लाखों घर बनाये गये। झारखंड के कई जिलों में लोग अब फ्लैट में रह भी रहे हैं। लेकिन देवघर जिले के रामपुर में बन रहे 665 फ्लैट आज भी अधूरे और बदहाल हालत में पड़े हैं। 2018 में भूमि पूजन हुआ, 18 महीने में निर्माण पूरा करने का वादा था, लेकिन 6 साल बाद भी गरीबों को चाबी नहीं मिली। फ्लैट बने मगर रहने वाला कोई नहीं रामपुर स्थित इन फ्लैट्स का 80% काम तीन साल में पूरा हो गया था। गरीब और मध्यम वर्गीय लाभुकों को उम्मीद थी कि अब उनका अपना घर बस कुछ ही दिनों में मिलेगा। लेकिन आज भी फ्लैटों में ताले झूल रहे हैं, कमरे धूल से पटे हैं और सपने फाइलों में कैद पड़े हैं। फ्लैटों की हालत– टॉयलेट उखड़े, ग्रील गायब, शराबियों का अड्डा ग्राउंड रिपोर्ट में फ्लैट्स की जो तस्वीरें सामने आयी, वह सरकारी व्यवस्था पर सवाल खड़ा करती हैं। 42 करोड़ की परियोजना में लापरवाही का पहाड़ 665 फ्लैट 42 करोड़ की लागत से बनाये गये। 3,000 से अधिक लोगों ने आवेदन किया, 665 लाभुकों को आवंटन पत्र भी दे दिये गये। लोग बैंक से कर्ज लेकर किस्त भर रहे हैं और दूसरी तरफ किराया भी दे रहे हैं। दोहरी मार से गरीबों की कमर टूट रही है। सवाल यह है–जब घर तैयार हैं तो चाबी क्यों नहीं?

**नगर निगम ने ठेकेदार के सिर फोड़ा ठीकरा :** विभाग से बात करने पर अधिकारियों ने कहा ठेकेदार ने फ्लैटों को हैंडओवर नहीं किया है कुछ काम बचे हुए हैं, इसलिए चाबी नहीं दी जा सकती। जिम्मेदारी अभी ठेकेदार की है। जल्दी समाधान कर देंगे। यह वही पुराना वादा है जो 2024 में भी किया गया था सावन 2024 में अधिकारियों ने कहा था कि सावन के बाद गृह प्रवेश करा दिया जायेगा। सभी अखबारों ने खबर भी छापी थी। अब 2025 खत्म होने को है, लेकिन हालात जस के तस हैं।

लाभुकों का सब्र टूट रहा– किस्त भी, किराया भी लाभुकों की पीड़ा अब बाहर आने लगी है। सोमवार को दर्जनों लाभुक नगर आयुक्त से मिलने पहुंचे और गृह प्रवेश की मांग की। आयुक्त ने मंगलवार को फिर से लाभुकों को बुलाया है।

# महिला मंडल ने वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का किया आयोजन

- आज के परिवेश में बुजुर्गों के मार्गदर्शन एवं उनके अनुभवों से हमें बहुत कुछ सीखने की जरूरत है : नमिता अवस्थी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** ग्रासिम इंडस्ट्रीज के महिला मंडल रेहला द्वारा अध्यक्षा नमिता अवस्थी के नेतृत्व में ग्रासिम इंडस्ट्रीज, रेहला के आवासीय परिसर स्थित सुरभि केंद्र में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 20 वरिष्ठ महिलाओं एवं 10 वरिष्ठ पुरुषों को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया। इस मौके पर महिला मंडल की अध्यक्षा नमिता अवस्थी ने कहा कि आज के इस परिवेश में जहां हम बदलाव के बहुत बड़े दौर से गुजर रहे हैं, ऐसे परिवेश में बुजुर्गों के मार्गदर्शन एवं उनके अनुभवों से हमें बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। अभिभावक गण परिवार एवं समाज में अच्छे संस्कार की भावना को जागृत करते हैं एवं हमारी संस्कृति के उत्तरोत्तर विकास हेतु हमारा मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता का साया घर के छत की तरह होता है जो हमें हर पल दुख तकलीफ से बचाता है एवं सही राह दिखाता है। जिनके सर पर माता-पिता का साया है वे लोग बहुत ही खुशनसीब होते हैं। महिला मंडल की सदस्याओं ने सभी वरिष्ठ जनों का गायन एवं नृत्य के साथ स्वागत किया तथा कई तरह के रोचक गेम्स के द्वारा उनका मनोरंजन किया।


कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों ने अपने अनुभव को सभी के साथ साझा किया एवं बेहतर परिवार एवं समाज निर्माण हेतु मार्गदर्शन किया। सभी वरिष्ठ जनों ने महिला मंडल को इस अविस्मरणीय एवं पुनीत कार्य हेतु अपना आभार प्रकट किया। अध्यक्षा नमिता अवस्थी के नेतृत्व में महिला मंडल की उपाध्यक्ष वंदना कोहली, सचिव अनुपम मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रीति दास, माधवी सचान, वंदना झा, रंजना सिंह, किरण सिंह, सोनाली महतो, डां सुतापा राय बोस, तोजिन शेख, लक्ष्मीना देवी, पूनम चौबे ने कार्यक्रम में अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**देवघर (आजाद सिपाही)।** आपकी–योजना आपकी–सरकार आपके–द्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत सेवा का अधिकार सप्ताह के चौथे दिन में देवघर प्रखंड के सरसा, शंकरी व गिधनी पंचायत, मोहनपुर प्रखंड के चकरमा, बाघमारी कीताखरवा, बंका और बल्थर, सारवां प्रखंड के भंडारो व दोन्दिया, सोनारायठाढ़ी प्रखंड अंतर्गत महापुर व जरका–2 पंचायत, देवीपुर प्रखण्ड के टटकियो नावाडीह, झुण्डी व राजपुरा पंचायत, सारठ प्रखण्ड सबैजोर, बगडबरा व झिलुवा पंचायत, पालोजोरी प्रखण्ड के बांधडीह, सगराजोर, मटिया एवं महुआडाबर पंचायत, मधुपुर प्रखण्ड के सिकटिया, दर्वे, धमनी पंचायत, करौं प्रखंड के सिरसा व करौं पंचायत भवन, मारगोमुण्डा प्रखण्ड के चेतनारी व कानो पंचायत के अलावा देवघर नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड नंबर 10 व 18 के लिए पुराना नगर निगम परिसर में शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान वरीय अधिकारियों के साथ प्रतिनियुक्त नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सुरक्षा से जुड़े हुए पेंशन, कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, आपूर्ति, पंचायती राज, मनरेगा, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कृषि सहकारिता, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग, समाज कल्याण, राजस्व, ऊर्जा, स्वास्थ्य, जेएसएलपीएस विभागों द्वारा अपना–अपना स्टॉल लगाकर आमजनों को योजनाओं की जानकारी व लाभ से लाभान्वित किया गया। साथ ही आमजनों के समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया।

# पतरिया खुर्द में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ



**चैनपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड की पतरिया खुर्द पंचायत में सोमवार को 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। पंचायत भवन में लगे इस शिविर में सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दिनभर चले इस कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया, जिससे ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। शिविर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार दास, जिला परिषद सदस्य फैयजाल अहमद,प्रभारी प्रमुख सुनील सिंह,मुखिया रानी सिंह, पंचायत समिति पति अमरेश सिंह,पूर्व मुखिया विवेक सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। बीडीओ प्रदीप कुमार दास ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीणों के द्वार तक सरकारी सेवायें पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पहले आमजन छोटे–छोटे कार्यों के लिए प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का चक्कर काटते थे, परंतु अब सरकार एक ही मंच पर सभी विभागों के कर्मियों को जुटा कर योजनाओं का लाभ सीधे लाभुकों तक पहुंचा रही है। मुखिया रानी सिंह ने कहा कि सरकार चाहती है कि ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ सरलता से मिले और किसी तरह की दिक्कत न हो। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से ऐसे शिविरों का लाभ उठाने की अपील की।

## शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 8, 9 और 10 में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# शिविर में महिलाओं के बीच सामाजिक पेंशन योजना कार्ड का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**मधुपुर।** शहरी क्षेत्र अंतर्गत चांदमारी मोहल्ला स्थित रुक्मिणी देवी गुट कगुटिया सरस्वती शिशु मंदिर में शहरी क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 8, 9 एवं 10 में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर स्थल पर भारी भीड़ उमड़ी और बड़ी संख्या में लोगों ने विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन फार्म जमा किये। शिविर में नगर प्रशासन की ओर से कई विभागों के स्टॉल लगाये गये थे, जिनमें स्वास्थ्य संबंधित चांज, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आवास योजना, नगर परिषद टैक्स से संबंधित स्टॉल,मैंया सम्मान योजना, सामाजिक पेंशन योजना कार्ड, विधुत संबंधी जानकारी सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित काउंटर शामिल थे। अधिकारियों ने लाभुकों को हर योजना की जानकारी देते हुए आवेदन की प्रक्रिया पूरी करायी गयी। कार्यक्रम के दौरान सीओ यामुन रविदास ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर नागरिक अपने क्षेत्र में ही सरलता से योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सके ताकि किसी तरह की परेशानी ना हो। वहीं नगर प्रशासक सुरेंद्र किस्कु ने बताया कि बाकी शहर के वार्डों में भी इसी तरह के शिविर आयोजित किए जायेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके।

शिविर में कार्यपालक दंडाधिकारी विनय कुमार पांडे, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता फैय्याज कैसर, नगर प्रबंधक सुभाष हैंब्रम, नगर मिशन प्रबंधक विजय सिंह, राजस्व निरीक्षक शिव स्नेही राजस्व निरीक्षक इंद्रदेव महतो, सीएलटी राजेंद्र प्रसाद, सेनेटरी सुपरवाइजर आनंद पासवान, पूर्व वार्ड पार्षद शबाना परवीन, के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

# शिविर में कई विभागों के स्टॉल लगाये गये



**मनातू / पलामू (आजाद सिपाही)।** मनातू प्रखंड के मंझौली पंचायत सचिवालय परिसर में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर योजनाओं से जुड़ी समस्याओं, शिकायतों और नये आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर का उद्घाटन मुखिया किरन देवी, बीडीओ मदन कुमार सुमन, जिला उद्यान पदाधिकारी सावन कुमार, बीपीओ रणधीर प्रकाश ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में आवास योजना, मनरेगा, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विकास, पेयजल, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राजस्व, कृषि,आपूर्ति, समेत विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये गये। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने योजनाओं से जुड़ी परेशानियों के समाधान हेतु आवेदन दिया। अधिकारियों ने सभी मामलों की सुनवाई की और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। शिविर में पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष उमेश प्रसाद साहू, एमओ देव प्रिय, नाजिर अमरेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता विकाश कुमार कनीय अभियंता नवीन कुमार नीरज समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आक्सीब्रिज स्कूल की मान्यता पर संशय नियमों की अनदेखी पर चार वाहन जब्त

## जिला शिक्षा अधीक्षक नाराज, प्रिंसिपल और स्कूल प्रबंधन पर भी होगी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में सोमवार को आक्सीब्रिज स्कूल में बच्चों को ढोने वाले वाहनों के खिलाफ कठोर और सघन जांच अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आयी है। डीसी के स्पष्ट निर्देश के अनुसार यह अभियान सड़क सुरक्षा प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए चलाया गया था।


स्कूल के वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते अधिकारी।

### अवैध परिचालन और कागजात फेल

जांच के दौरान कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। बच्चों ने खुद शिकायत की कि उन्हें क्षमता से ज्यादा संख्या में बिठाकर ओवरलोडिंग की जा रही थी। जब्त किए गए वाहनों की स्थिति भी दयनीय थी। अभियान में शामिल मोटर यान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह और प्रदीप तिर्की के अनुसार, वाहनों के आवश्यक दस्तावेज फिटनेस, इंश्योरेंस, टैक्स, और पॉल्यूशन सभी फेल पाए गए। सबसे गंभीर बात यह थी कि स्कूल में बच्चों की सुरक्षा के नाम पर कोई भी व्यवस्था या कार्रवाई नहीं की गई थी। स्कूल प्रबंधन के पास वाहनों से संबंधित कोई भी वैध कागजात प्रदर्शित नहीं किए जाने के कारण एक विंगर, एक ओमनी और दो टेंपो को मौके पर ही जब्त कर लिया गया।

### डीटीओ का कड़ा संदेश: कमर्शियल नंबर अनिवार्य

**जिला परिवहन पदाधिकारी ने ऑटो जब्त करते हुए सभी स्कूलों को कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना ऑथराइजेशन लेटर के किसी भी वाहन को स्कूली बच्चों को लाने ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऑथोराइजेशन लेने के लिए वाहन के सभी दस्तावेज, चालक का चरित्र प्रमाण पत्र, चालक का ड्राइविंग लाइसेंस, स्कूल प्रबंधन के पास जमा करना होगा।**

### प्रिंसिपल पर कार्रवाई तय

गड़बड़ी की सूचना मिलने पर जिला शिक्षा अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्कूल प्रबंधन द्वारा मान्यता और अनेक नियमों को ताक पर रखकर स्कूल चलाने को लेकर प्रिंसिपल पर सख्त लहजे में नाराजगी जताई। शिक्षा अधीक्षक ने प्रिंसिपल से सभी कागजातों को तुरंत मंगवाया। माना जा रहा है कि उनके खिलाफ कार्रवाई होनी तय है।

# कड़ी मशक्कत के बाद बच्ची की हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## गांव वालों के हवाले करने की मांग करते हुए ग्रामीणों ने थाना घेरा

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** बसिया थाना क्षेत्र में छह साल की वर्षीय बच्ची की हत्या में लिप्त कथित आरोपित को पकड़ने के लिए रविवार की रातभर फिल्मी अंदाज में ड्रामा चलता है। एक तरह पुलिस, तो दूसरी तरफ ग्रामीण आरोपी शशि पहान को पकड़ने के लिए रातभर तलाश करते रहे। हालात बिगड़ता देख डीएसपी नाजिर अख्तर खुद घटनास्थल जाकर पूरे मामले को देखा और जरूरी निर्देश दिया। हालांकि पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर शशि पहान को सोमवार की सुबह जोलो गांव के समीप खदेड़कर पकड़ लिया और लोगों को चंगुल में फंसने से बचा लिया। दूसरी ओर, मृतक के परिजन और स्थानीय ग्रामीण भी गुस्सा में शशि को पकड़ने के लिए जोलो पहुंचे हुए थे। वे इतने क्रोधित थे कि शशि को पकड़ कर कानून हाथ में लेते उसकी जान तक लेने पर आमादा थे। हालांकि बसिया पुलिस ने सूझ बूझ दिखाते हुए ग्रामीणों से पहले ही जोलो गांव के समीप शशि को पकड़ लिया और उसे अपने साथ थाना लेकर आयी। दूसरी ओर, आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना पाकर सैकड़ो ग्रामीण बसिया थाना पहुंच गये और पुलिस से अपराधी को थाना से बाहर निकाल कर ग्रामीणों को सौंपने की मांग करने लगे। इस दौरान लोगों का आक्रोश देख पुलिस इंस्पेक्टर गुलशन भेंगरा एवमं बसिया थाना प्रभारी कृष्णा कुमार के काफी समझाने और अपराधी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए और थाना से लौट गये। बसिया पुलिस ने आरोपी शशि पहान को न्यायिक हिरासत में गुमला जेल भेज दिया।

# धान व्यापारी पर जानलेवा हमले का मास्टरमाइंट गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**रायडीह।** थाना क्षेत्र के कांसीर बाजार में विगत 13 जून को धान व्यापारी राजकुमार साहू पर हुए जानलेवा हमला और लूटपाट कांड का पुलिस ने उद्‌भेदन करते हुए मास्टरमाइंड को रविवार को बसिया से गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान बिमल बा (29) के रूप में हुई है। उससे पूछताछ के बाद पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया। इस बाबत सोमवार को चैनपुर एसडीपीओ ललित मीना ने रायडीह थाना में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर घटना की जानकारी दी। बताया कि विगत 13 जून को थाना क्षेत्र के कांसीर बाजार में धान व्यापारी राजकुमार साहू को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर घायल करने के बाद उससे लूटपाट की थी। इसे लेकर रायडीह थाना में मामला दर्ज कराया गया था। जिसके बाद मामले का खुलासा करने के लिए गुमला एसपी के निर्देश पर चैनपुर एसडीपीओ के नेतृत्व में तत्काल छापामारी दल का गठन किया। जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए लूट की घटना को अंजाम देने में शामिल चार अपराधियों में से दीपक मुंडा उर्फ बुतुल मुंडा (32) और महेंद्र उरांव उर्फ गुड्डू (27) को पहले ही रायडीह के मांझाटोली ग्राम छेरहा बगीचा से गिरफ्तार कर लिया था। जबकि एक अपराधी पालकोट के टेंगरिया ग्राम संजय उरांव को रिमांड पर लिया था। हालांकि उक्त घटना का मास्टरमाइंड बिमल बा फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापामारी कर रही थी। उसके कई संभावित ठिकानों पर छापामारी की, लेकिन हर बार बच निकल रहा था। उसके घर रांची के लालपुर, बसिया और अन्य जगहों पर तलाश की जा रही ही। इसी बीच रविवार को गुप्त सूचना मिली कि बिमल बा अपने घर बसिया आया हुआ है। इस सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में तुरंत छापामारी कर बिमल बा को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की मानें तो उसका पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। वह कई लूट और हत्या जैसी घटनाओं को अंजाम दे चुका है। बिमल के विरुद्ध रायडीह और पालकोट थाना में भी अपराधिक मामले दर्ज है। उधर, छापामारी दल में रायडीह थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव, एसआई विनय कुमार साव एंव रायडीह थाना के पुलिस जवान शामिल थे।

# खबर का दिखा असर : टोल प्लाजा की धांधली की खबर प्रकाशित होते ही जांच करने पहुंचे डीटीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** नागफेनी टोल प्लाजा में धांधली की खबर **आजाद सिपाही** में प्रमुखता से प्रकाशित होते ही डीटीओ ज्ञान शंकर जायसवाल सोमवार को नागफेनी टोल प्लाजा पहुंचे। वहां कार्यरत मैनेजर सतीश कुमार से मामले की पूछताछ की। टोल प्लाजा से ही आजाद सिपाही से वार्ता करते हुए टोल प्लाजा कर्मियों की धांधली पर अंकुश लगाने संबंधी जानकारी दी। इस संबंध में डीटीओ ने बताया कि टोल प्लाजा में सख्त निर्देश दिया गया है कि एनएचआई के नियमानुसार 20 किमी की दूरी वाले वाहन चालकों से टोल टैक्स की वसूली नहीं करनी है। ना ही उन्हें कोई शुल्क देना अनिवार्य है। डीटीओ ने टोल प्लाजा से पूछा कि स्थानीय लोगो को किसी प्रकार का पास निर्गत करना है या नहीं? अगर नहीं तो फिर 340 रुपया का पास निर्गत क्यों किया जा रहा है। इस पर टोल प्लाजा के मैनेजर ने बताया कि वैसे लोग जो आधार कार्ड में दूसरे का फोटो चिपका कर खुद को स्थानीय बताते हैं वैसे लोगों पर सख्ती की जा रही है। मैनेजर सतीश कुमार ने बताया कि वैसे स्थानीय लोग जो समय की बचत करने को लेकर टोल प्लाजा के सभी लाइनों से वाहन ले जाना चाहते हैं वैसे स्थानीय लोग 340 रुपए का मासिक पास बनवा लें। ताकि समय की बचत हो सके।

# चाकू की नोक पर दुष्कर्म, दोषी को 12 साल कारावास की सजा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** एडीजे-1 प्रेम शंकर की अदालत ने दुष्कर्म कांड में सिसई थाना क्षेत्र के बरगांव निवासी सुबोध कुमार को दोषी करार देते हुए 12 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। बताते चलें कि यह वही मामला है जिसने 2023 में पूरे इलाके को हिला कर रख दिया था। जिसकी न्याय यात्रा पीड़िता को सुप्रीम कोर्ट तक ले गई। घटना सिसई थाना क्षेत्र की है। यहां की पीड़िता के मुताबिक आरोपी सुबोध की पहले उसके पति से पहचान थी। पति के माध्यम से ही दोनों के बीच जान-पहचान बढ़ी। वह अक्सर घर आने-जाने लगा। लेकिन 17-18 जनवरी की रात पीड़िता का पति घर पर नहीं था। इसी का फायदा उठाते हुए सुबोध दीवार फांदकर आधी रात को घर में घुस गया और तेज चाकू पीड़िता की गर्दन पर सटाकर धमकी देते हुए उसे कमरे में ले गया। जहां उसने भय से कांप रही महिला का दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं, घटना के बाद उसने फोटो, वीडियो और सेल्फी खींचकर धमकी दी। कहा कि किसी को बताया तो वीडियो वायरल कर दूंगा और पति-बच्चे को भी जान से मार देगा। डरी-सहमी पीड़िता कई दिनों तक खामोश रही। इससे आरोपी का मन बढ़ गया और वह लगातार फोन कर फिर से शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालने लगा। मना करने पर वह फोटो-वीडियो वायरल करने और पूरे परिवार की हत्या की धमकी देने लगा। लगातार उत्पीड़न और डर से पीड़िता मानसिक रूप से टूट गई थी और हिम्मत जुटाकर सिसई थाना पहुंच कर मामले की प्राथमिकी दर्ज कराई। मामले की सुनवाई के दौरान पुलिस अधिकारी, डॉक्टर समेत सात गवाहों की गवाही हुई। सभी साक्ष्य और बयान आरोपी के खिलाफ गए। अदालत ने स्पष्ट कहा कि अपराध अत्यंत जघन्य है और समाज में दहशत फैलाने वाला है। सरकार की ओर से मामले की पैरवी लोक अभियोजक अजय रजक ने की, जिन्होंने ठोस दलीलों के आधार पर आरोपी को दोषी सिद्ध कर दिया। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद सोमवार को अदालत ने फैसला सुनाया।

# गुमला नप ने चलाया अतिक्रमण मुक्ति अभियान

**- जुर्माना लगाने के साथ ही प्रतिबंधित प्लास्टिक किया जब्त**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** डीसी के निर्देश पर सोमवार को गुमला नगर परिषद की ओर से शहरी क्षेत्र में अतिक्रमण मुक्ति अभियान चलाया गया। विशेष रूप से पालकोट रोड क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान ऐसे सभी दुकानदारों एवं फुटपाथ पर व्यवसाय करने वालों पर कार्रवाई की गई जिन्होंने दुकान की निर्धारित सीमा से बाहर सामान रखा था। अतिक्रमण पाए जाने पर मौके पर ही जुर्माना वसूलते हुए अतिक्रमण हटाया गया। साथ ही दुकान में प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री रखने वाले एवं निर्धारित अनुसार डस्टबिन नहीं रखने वाले दुकानदारों पर भी जुर्माना लगाया गया। शहर के कई स्थानों पर कंस्ट्रक्शन एवं डिमोलिशन वेस्ट पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया एवं नोटिस जारी किया गया। इस दौरान कुल 11 दुकानदारों से मौके पर ही जुर्माना वसूल के साथ ही 147 पैकेट प्रतिबंधित प्लास्टिक ग्लास एवं कप एवं एक किलो प्लास्टिक कैरीबैग जब्त किया गया। दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि शहर को अतिक्रमण मुक्त एवं स्वच्छ रखने में सहयोग करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

### नि:शुल्क नेत्र जांच और मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आज

**गुमला (आजाद सिपाही)। लायंस क्लब की ओर से मंगलवार को नि:शुल्क आंख जांच और मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित होगा। उक्त आयोजन रांची के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ नवल की टीम की ओर से किया जा रहा है। जिन मरीजों की जांच हो चुकी है, वे ऑपरेशन के लिए मंगलवार को अपने साथ मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी) और आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ लेकर पहुंचे। यहां ऑपरेशन मुफ्त होगा। जिसमें दवा, चश्मा, रहने और खाने की सुविधा शामिल है।**

### डीडीसी ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर की घटिया निर्माण पर जतायी नाराजगी

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** गुमला के डीडीसी दिलेश्वर महतो ने घाघरा प्रखंड के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों का सोमवार को निरीक्षण किया। इस दौरान चूंदरी पंचायत में निर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर की प्लिंथ प्रोटेक्शन टूट जाने की शिकायत ग्रामीणों ने डीडीसी से की। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग छह महीने पहले ठेकेदार द्वारा बनाई गई इस भवन की प्लिंथ लेवल टूट चुकी है। शौचालय की सेप्टिक टैंक की पाइप भी घटिया गुणवत्ता के कारण टूट गई है। भवन में दरार भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। डीडीसी ने खुद स्थल का निरीक्षण कर टूटे हुए प्लिंथ प्रोटेक्शन को देखा और नाराजगी जताई। कहा कि संबंधित विभागीय पदाधिकारियों और कर्मियों को निर्देशित कर संवेदक से निर्माण कार्य पुनः गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उधर, डीडीसी ने नवडीहा और चूंदरी पंचायत के अन्य आंगनवाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनवाड़ी सेविका और सहायिका से आवश्यक जानकारी ली। जर्जर भवन को देख उन्होंने कहा कि जल्द मरम्मत कार्य कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान डीडीसी ने बच्चों को टॉफी भी वितरित की और नियमित रूप से आंगनवाड़ी केंद्र आने के लिए प्रेरित किया। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार, सीओ खाखा सुशील कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जोलो में रविवार की रात नौ बजे सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान रवि सिंह (28) के रूप में हुई है। वह समसेरा ग्राम का रहने वाला था। जानकारी के मुताबिक रवि रविवार को अपनी बाइक से घर जा रहा था। तभी बसिया थाना क्षेत्र के जोलो ग्राम के पास अनियंत्रित होकर बाइस से गिर गया। इसकी सूचना ग्रामीणों ने बसिया पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर अवस्था में उसे बसिया रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया गया।

### मतदान शांतिपूर्ण संपन्न, 237 अधिवक्ताओं ने किया मतदान

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला बार एसोसिएशन चुनाव 2025 का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। सोमवार की सुबह 10 बजे से शुरू हुआ मतदान शाम 4 बजे तक चला। इस दौरान कुल 253 मतदाताओं में से 237 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अधिवक्ताओं की भारी उपस्थिति ने पूरे चुनाव माहौल को उत्सव जैसा बना दिया। मतदान प्रक्रिया राज्य से आए पर्यवेक्षक राधेश्याम गोस्वामी और संजय विद्रोही की देखरेख में संपन्न हुई। उनके साथ चुनाव प्रभारी हीरा ओहदार और तापस कुमार लाल पूरी मुस्तैदी से चुनाव कार्य में लगे रहे। सभी सुरक्षा एवं प्रक्रिया संबंधी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से लागू की गईं, जिससे पूरे दिन मतदान बिना किसी बाधा के संपन्न हुई। उधर, शाम चार बजे मतदान समाप्त होते ही मतपेटियां सील कर दी गईं और चुनाव अधिकारियों की उपस्थिति में मतगणना की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। देर शाम तक मतगणना जारी रही। सभी प्रमुख उम्मीदवार अपने समर्थकों के साथ मतगणना स्थल के बाहर जमे रहे और परिणामों को लेकर उत्सुकता साफ झलक रही थी। बतातें चलें कि अध्यक्ष पद पर नंदलाल, श्रवण साहू और रविंद्र सिंह के बीच त्रिकोणीय मुकाबला इस बार बेहद दिलचस्प बना हुआ है। तीनों उम्मीदवारों का पूरा जोर अंतिम चरण तक बना रहा और अब नतीजों का इंतजार है। बार परिसर में मतदाताओं और प्रत्याशियों में उत्सुकता चरम पर है। देर शाम तक होने वाली मतगणना के बाद रात में परिणाम आने की संभावना है। अधिवक्ताओं की निगाहें अब सिर्फ अंतिम फैसले पर टिकी हुई हैं।

# सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे दे रहे बड़े हादसे को न्योता, ग्रामीणों में नाराजगी

## बेंदोरा गांव में बिना 'जाम' किये छोड़े गये पोल, जान जोखिम में डालकर आवागमन करने को मजबूर राहगीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** सरकार की हर घर बिजली पहुंचाने की महत्त्वाकांक्षी योजना चैनपुर प्रखंड के बेंदोरा गांव में ठेकेदार की लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। यहां बिजली के पोल लगाने के नाम पर घोर अनियमितता बरती गई है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों की मानें, तो गांव में बिजली के खंभे लगाने के लिए गड्ढे खोदे गए और पोल खड़े भी कर दिए गए। लेकिन, एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इन खंभों को जमीन में कंक्रीट से जाम (फिक्स) नहीं किया गया है। हालात यह है कि भारी-भरकम पोल महज मिट्टी के सहारे अस्थिर खड़े हैं और कभी भी गिर सकते हैं। इससे भी बड़े परेशानी का कारण यह है कि ये अस्थिर पोल सड़क से बिल्कुल सटाकर लगाए गए हैं। यह गुमला-चैनपुर का मुख्य रास्ता है जहां से दिन-भर वाहनों और पैदल यात्रियों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में किसी वाहन के गुजरने या थोड़ी सी आंधी आने पर इनके सड़क पर गिरने का खतरा बना हुआ है। यही नहीं, बिजली के खंभे को सड़क से बहुत ज्यादा सटकर लगा दिया गया है। इसे लेकर भी ग्रामीण काफी नाराज है। उनका कहना है कि सड़क से इतना सटकर बिजली पोल गाड़ने से वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है। दोनों ओर से बड़े वाहन आने पर पार करने में भी काफी दिक्कत होती है। ऐसे में सड़क दुर्घटना की आशंका काफी बढ़ जाती है। बेंदोरा गांव के धर्मदेव महतो, प्रफ्फुल उरांव, अमासी देवी, अविनाश तुरी, शिव शंकर तुरी, राजेश उरांव, रोहित तुरी, पुष्पा तिग्गा और मंगल महतो सहित कई ग्रामीणों ने मौके पर विरोध जताया। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की कि इस जानलेवा लापरवाही पर तुरंत संज्ञान लिया जाए। ठेकेदार को पोल सड़क से सुरक्षित दूरी पर लगाने और उन्हें मजबूती से जाम करने का निर्देश दिया जाए। उधर, इस मुद्दे पर बेन्दोरा के मुखिया सुशील दीपक मिंज ने कहा कि सड़क से सटाकर बिजली का पोल लगाना सीधे तौर पर दुर्घटना को आमंत्रित करना है। ग्रामीणों ने कई बार मुझसे इसकी शिकायत की है। विभाग को इस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।


**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)**

**Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132** Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**Corrigendum-1**

कार्यालय नगर परिष्द्, बिश्रामपुर अंतर्गत प्रकाशित निविदा **PR 366873 (District) 25-26 (D)** में **E-PROCURMENT** को **PROCURMENT** पढ़ा जाय तथा अधिक जानकारी के लिए बेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep / app के स्थान पर https://udhd.jharkhand.gov.in/ULB/Bishram pur/ Bishram pur.aspx देखा जाय।

प्रशासक,
नगर परिषद बिश्रामपुर

PR.NO.366927 District(25-26):D

**Jharkhand BijliVitran Nigam Limited**
(CIN : U40108JH2013SGC001702)
Regd. Office : Engineering Building, H.E.C., Dhurwa, Ranchi-834004,
Telephone :-0651-2400799 & Fax : 0651-2400799
https://www.jbvnl.co.in

**1st Extension Notice**

**NIT No. 241/PR/JBVNL/2025-26has been extended.**
A revised Date and Time for Bid Submission and Technical Bid Opening is as follows:

| Sl. No. | Name of Work | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | RFP for selection of system integrator for providing managed wifi services and internet lease line along with hardware for 3 years at JBVNL, Nigam Hq. Ranchi. |
| 2 | Last Date / Time for receipt of bids | 11.12.2025 04:00 PM |
| 3 | Date and Time for Opening of Technical bid | 12.12.202501:00 AM |


स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

**PR No. 365495**

Sd/-
General Manager (IT)

PR 366934 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)25-26*D

## हॉन्ग कांग इंटरनेशनल क्लासिक लॉन बॉल चैंपियनशिप में रेशमा कुमारी ने जीता कांस्य



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** हांगकांग में 15 से 23 नवंबर तक आयोजित प्रतिष्ठित हॉन्ग कोंग इंटरनेशनल क्लासिक लॉन बॉल चैंपियनशिप 2025 में भारत की ओर से प्रतिनिधित्व कर रहीं झारखंड की उभरती लॉन बॉल खिलाड़ी रेशमा कुमारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला पेयर्स वर्ग में कांस्य पदक हासिल की है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर मिली इस सफलता ने भारत, झारखंड और विशेष रूप से बोकारो जिले का गौरव बढ़ाया है। उपायुक्त अजय नाथ झा ने इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि रेशमा की लगन, मेहनत और श्रेष्ठ प्रदर्शन ने जिले और राज्य का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन ने भी रेशमा को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि उनकी सफलता से जिले के युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी तथा लॉन बॉल खेल को नयी दिशा मिलेगी।

## रेड क्रॉस सोसाइटी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलियापुर ने रक्तदान शिविर लगाया



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सोमवार 24 नवंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलियापुर एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटीज धनबाद के संयुक्त तत्वाधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन राज्यपाल सचिवालय के द्वारा निर्गत पत्र पत्रांक संख्या 2316 दिनांक 22.08.2025 एवं झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद के द्वारा निर्गत पत्र पत्रांक संख्या एमइ 01/1348/2025/3978 दिनांक 16.10.2025 एवं असैनिक शल्य चिकित्सा पदाधिकारी धनबाद के पत्रांक संख्या 2911 दिनांक 10/1125 के आलोक में झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष में भारतीय रेडक्रॉस समिति, धनबाद एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलियापुर में किया गया। रक्तदान शिविर संयुक्त सचिव भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटीज, धनबाद दिलीप सिंह, नोडल पदाधिकारी ब्लड डोनेशन प्रोग्राम भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटीज बेनजीर परवीन एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलियापुर डॉ राहुल, बीटीटी बिपाशा महतो के नेतृत्व में किया गया। संग्रहीत रक्त सदर अस्पताल धनबाद के ब्लड सेंटर को सुपुर्द कर दिया गया। सदर अस्पताल से उदय कुमार, आशीष कुमार, शत्रुघ्न आदि ने रक्त संग्रह किया। सभी डोनर को सर्टिफिकेट और कार्ड दिया गया है।

## बीएसएल में कर्मियों के लिए सड़क एवं कार्य-सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट के सुरक्षा अभियंत्रण विभाग द्वारा मेसर्स एफएसएनएल में कार्यरत कर्मचारियों के लिए सड़क एवं कार्य-संबंधित सुरक्षा पर एक विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाप्रबंधक (एमआरडी) तापस सहाना, सहायक महाप्रबंधक (एमआरडी) पी कल्बेंडे, सहायक महाप्रबंधक (एसइडी) नेहाल पासवान, सहायक प्रबंधक (एसइडी) हिमांशु शर्मा सहित एफएसएनएल एवं एमआरडी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में संविदा कर्मी उपस्थित रहे। कार्यशाला की शुरूआत एफएसएनएल के वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन) अतुल कुमार सिंह द्वारा सुरक्षा शपथ के साथ हुई। इसके उपरांत सुरक्षा अभियंत्रण विभाग के सहायक महाप्रबंधक नेहाल पासवान तथा सहायक प्रबंधक हिमांशु शर्मा ने सड़क सुरक्षा, कार्यस्थल सुरक्षा तथा संबंधित नियमों और प्रक्रियाओं पर विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने प्रतिभागियों को सुरक्षित कार्य व्यवहार, संभावित जोखिमों की समय पर पहचान तथा जिम्मेदार कार्य-संस्कृति अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीएसएल के एमआरडी विभाग के महाप्रबंधक तापस सहाना और सहायक महाप्रबंधक पी कल्बेंडे ने कर्मियों से सुरक्षा के प्रति ₹जीरो-टॉलरेंस₹ की नीति अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बीएसएल में स्थापित सुरक्षा मानकों एवं दिशानिर्देशों का पालन प्रत्येक परिस्थिति में अनिवार्य है, क्योंकि यही सुरक्षित, स्वस्थ और उत्पादक कार्य परिवेश का आधार है। कार्यक्रम के अंत में एफएसएनएल के वरीय प्रबंधक श्री सोमनाथ भद्रा ने बीएसएल और एफएसएनएल के बीच सहयोगात्मक प्रयासों की सराहना की।

## 29 को कतरास स्टेशन रोड में आजसू का मिलन समारोह



**कतरास (आजाद सिपाही)।** आपनी ढाणी भोजनालय कतरास में सोमवार को आजसू पार्टी ने प्रेस कांफ्रेंस कर 29 नवंबर को कतरास स्टेशन रोड में आयोजित मिलन समारोह की तैयारी की जानकारी दी। आजसू के पूर्व विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि 29 तारीख को कतरास स्टेशन में होने वाले मिलन समारोह की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। मिलन समारोह में आजसू के सुप्रीमो सुदेश महतो, गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी भाग लेंगे। समारोह में जेएलकेएम के पूर्व केंद्रीय सचिव प्रदीप महतो एवं महिला नेत्री रजनी रवानी अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ आजसू पार्टी में शामिल होंगे। श्री महतो ने कहा कि झारखंड सरकार पूरी तरह फेल है। राज्य में कोयला और लोहे की लूट चल रही है। मंईया सम्मान योजना का लाभ पूरे राज्य के महिलाओं को नहीं मिल रहा है। मंईया सम्मान योजना के कारण राज्य के सारे विकास के कार्य ठप है। पिछले 6 वर्षों के कार्यकाल में सरकार की कोई उपलब्धि नहीं है। आजसू के जिलाध्यक्ष मंटू महतो ने कहा कि सरकार अपनी जिम्मेवारी से भाग रहा है। राज्य में बेरोजगारी बड़ी है। भ्रष्टाचार बड़ा है सरकार मुकदर्शक है। जेएलकेएम के पूर्व केंद्रीय सचिव प्रदीप महतो ने कहा कि जेएलकेएम अपनी नीति और सिद्धांतों से भटक गयी है। मौके पर नगर अध्यक्ष नवदीप गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि आशीष तिवारी, जेएलकेएम के पूर्व केंद्रीय सचिव प्रदीप महतो, मारकंडेय सिंह, बिट्टू शर्मा, सुभाष कुमार, शुभम सिंह, जावेद खान, एहसान खान, राजा अकबर, रमेश रजक, अश्विनी महतो आदि उपस्थित थे।

# गांव-गांव पहुंची योजनाएं, सरकार बनी लोक सेवा का सेतु : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** झारखंड राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष और सेवा का अधिकार सप्ताह के उपलक्ष्य में बाघमारा प्रखंड के कांडरा में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगा विशाल जन-सुविधा शिविर सोमवार को जनभागीदारी और उत्साह का केंद्र बना रहा। शिविर में धनबाद के उपायुक्त आदित्य रंजन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और विभिन्न विभागीय सेवाओं का प्रत्यक्ष निरीक्षण करते हुए लाभुकों से संवाद स्थापित किया। मुख्य अतिथि उपायुक्त श्री रंजन, विशिष्ट अतिथि डीआरडीए अधिकारियों तथा पंचायत मुखिया रिंकू देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके साथ ही शिविर में आये लोगों को कई योजनाओं की परिसंपत्तियाँ वितरित की गयी। शिविर में राशन कार्ड, जॉब कार्ड, आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, मईया सम्मान योजना, सावित्रीबाई फुले योजना, दीदी बाड़ी योजना समेत विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गये थे, जहां ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कराने के लिए अधिकारियों और कर्मियों की तैनाती की गयी थी। मौक पर उपायुक्त आदित्य रंजन के कहा कि मुख्यमंत्री की दूरदृष्टि यही है कि राज्य सरकार की प्रत्येक कल्याणकारी योजना का लाभ गांव-गांव के अंतिम व्यक्ति तक बिना किसी बाधा के पहुंच सके। झारखंड के अधिकतर गांव भौगोलिक जटिलताओं और सुविधाओं से कटे हुए दुर्गम क्षेत्रों में बसे हैं, जहां से प्रखंड मुख्यालय की दूरी प्रायः 30 किलोमीटर या उससे अधिक होती है। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने पंचायत एवं ग्राम स्तर पर सरकार आपके द्वारद्व जैसे जन-उन्मुख कार्यक्रमों की शुरूआत की है, ताकि किसी भी योजना के लिए आमजन को अफसरों, कर्मचारियों या बिचौलियों के चक्कर न लगाने पड़ें। वहीं कांडरा पंचायत की मुखिया रिंकू देवी ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से हमारे गांव के लोगों को वही सुविधा मिली है जो पहले प्रखंड कार्यालय के कई चक्कर लगाने पर मिलती थी। मुख्यमंत्री की यह पहल ग्रामीणों के लिए अत्यंत लाभकारी है।

## दि पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल में युवा संसद का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** दि पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल में सोमवार को यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय संविधान दिवस के आगमन के मद्देनजर यह कार्यक्रम विशेष रूप से आयोजित था। इससे विद्यार्थियों को संसद की कार्यप्रणाली, विधिनिर्माण प्रक्रिया तथा लोकतांत्रिक प्रणाली के विभिन्न पहलुओं को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर प्राप्त हुआ। आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सम्मान, राजनीतिक जागरूकता तथा सक्रिय नागरिकता की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने न केवल संवाद एवं वाद-विवाद कौशल को विकसित किया, बल्कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को भी गहराई से समझा। कार्यक्रम के तहत कला संकाय के छात्रों को संसदीय शैली में बहस करने हेतु मंच प्रदान किया गया। बहस का विषय था– क्या हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाया जाना चाहिए?

इस विषय पर छात्रों ने सारगर्भित और तर्कपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। सत्र के दौरान बच्चों ने लोकतंत्र, संविधान और भाषायी विविधता से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण जानकारियों को साझा किया। यह अनुभव उनके भीतर लोकतांत्रिक मूल्यों के महत्व को समझने में अत्यंत उपयोगी साबित हुआ। इस यूथ पार्लियामेंट ने छात्रों को समसामयिक भू-राजनीतिक मुद्दों, विविध दृष्टिकोणों तथा आलोचनात्मक चिंतन की गहराइयों को समझने का उत्कृष्ट अवसर दिया। इस आयोजन को सफल बनाने में शीला रॉय शर्मा और संकाय की शिक्षिकाओं का मार्गदर्शन उल्लेखनीय रहा। प्राचार्या डॉ. करुणा प्रसाद ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि 'यूथ पार्लियामेंट' विद्यालय की लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक जागरूकता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से अभिव्यक्त करता है। ऐसे आयोजन न केवल भविष्य के नेताओं को तैयार करते हैं, बल्कि राजनीतिक रूप से जागरूक, जिम्मेदार और सक्रिय नागरिक समुदाय के निर्माण में भी सहायक होते हैं।

## कांग्रेस छोड़ झामुमो में शामिल हुए गौतम हरि



**जोड़ापोखर/ झरिया (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के धनबाद महानगर उपाध्यक्ष मदन राम के आवासीय कार्यालय डिगवाडीह में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के सदस्यता से इस्तीफा देकर पाथरडीह निवासी गौतम हरि ने झारखंड मुक्ति मोर्चा में आस्था जताते हुए सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल करने में मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता अशेष सिन्हा, महानगर उपाध्यक्ष मदन राम, इम्तियाज अंसारी, अनवर अंसारी, भगवान सिंह, भोलाराम, किशन रवानी, मोहम्मद जियाउल, सनोज तिवारी आदि लोग उपस्थित थे। श्री राम ने कहा कि गौतम हरि से उम्मीद है कि पार्टी का गाइडलाइन का पालन करते हुए संगठन को मजबूत करेंगे।

## बोलेरो और बाइक के टक्कर में एक गंभीर

**गांधीनगर/ बेरमो।** कथारा-फुसरो मुख्य मार्ग पर गांधीनगर थाना क्षेत्र के जारंगडीह रेलवे स्टेशन के समीप रविवार शाम बोलेरो संख्या जेएच 02एजेड - 7538 व बाइक के बीच सीधी टक्कर में बाइक सवार मनोज मोदी गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को निजी जनता अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने बताया कि मोदी का दाहिना हाथ व दाहिना पैर टूट गया है। जरीडीह बाजार के मनोज मोदी ने बताया कि शाम को घर जरीडीह बाजार से निजी क्लिनिक जारंगडीह जा रहे थे कि स्टेशन के समीप विपरीत दिशा से आ रही बोलेरो ने धक्का मार दिया। घटना की सूचना मिलते ही गांधीनगर थाना की पुलिस एसआइ रवि नारायण झा सदलबल घटना स्थल पहुंचे और दोनों वाहनों को जब्त कर लिया। श्री झा अस्पताल पहुंचकर धायल मोदी से मुलाकात कर पूछताछ किया।

## बीएसएल में मंथली सेफ्टी चैंपियन पुरस्कार शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के रिफ्रैक्टरी मटेरियल प्लांट (आरएमपी) विभाग ने संयंत्र की सुरक्षा संस्कृति को और मजबूत बनाने एवं श्रमिकों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मंथली सेफ्टी चैंपियन ऑफ आरएमपी पुरस्कार की शुरूआत की है। यह पहल विशेष रूप से संविदा श्रमिकों को सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने, सुरक्षित कार्य व्यवहार को प्रोत्साहित करने और कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शुरू की गयी है। आरएमपी विभाग के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अक्टूबर 2025 माह के लिए यह पुरस्कार संविदा श्रमिक देव शरण पाल को प्रदान किया गया। सुरक्षित कार्य प्रणालियों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, अनुशासित कार्यशैली तथा कार्य के दौरान सतत सतर्कता को देखते हुए उन्हें यह सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (रिफ्रैक्टरी) नागराजन श्रीकांत, महाप्रबंधक (आरएमपी) मुकेश कुमार सिंह सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं संविदा श्रमिक उपस्थित थे। पुरस्कार प्रदान करते हुए मुख्य महाप्रबंधक (रिफ्रैक्टरी) नागराजन श्रीकांत ने श्री देव शरण पाल के सुरक्षित कार्य दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार केवल सम्मान नहीं, बल्कि इस विश्वास का प्रतीक है कि संविदा श्रमिक हमारी सुरक्षा व्यवस्था के अभिन्न अंग हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है, और ऐसे प्रोत्साहन कार्यक्रम शून्य-दुर्घटना लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। पुरस्कार प्राप्तकर्ता देव शरण पाल ने अपने कार्य में अपनायी जाने वाली सुरक्षा सावधानियों तथा सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया और उपयोगी सुझाव भी दिये। उपस्थित अधिकारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मंथली सेफ्टी चैंपियन जैसे कार्यक्रम श्रमिकों में उत्साह और सहभागिता बढ़ाने के साथ-साथ कार्यस्थल पर सुरक्षा-अनुशासन और सतर्कता को और मजबूती प्रदान करते हैं।

# सरकार आपके द्वार सेवा अधिकार सप्ताह शिविर में कई मामलों का तुरंत समाधान

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** जिले के सभी प्रखंडों में सोमवार को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार सेवा अधिकार सप्ताह के अंतर्गत लगे शिविरों में जनसहभागिता अपने चरम पर रही। सुबह से ही विभिन्न पंचायतों में आम जनों का तांता लगा रहा। सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभ को घर-घर पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस विशेष अभियान को ग्रामीणों ने बड़ी उत्सुकता और भरोसे के साथ अपनाया। शिविरों में उपस्थित जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनकर कई मामलों का स्थल पर ही निष्पादन किया। वहीं, जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव नहीं था, उनके लिए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि इस अभियान का लक्ष्य सरकार और जनता के बीच दूरी को खत्म कर सेवा वितरण को पारदर्शी और सुलभ बनाना है। जिले के प्रत्येक प्रखंड में शिविरों की मॉनिटरिंग के लिए वरीय नोडल पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया था, जिन्होंने दिनभर शिविरों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान विभिन्न पंचायतों/वार्डों में लगे विभागीय स्टॉलों की समीक्षा की गई और लाभुकों से सीधे संवाद भी किया गया। वरीय नोडल पदाधिकारियों उप विकास आयुक्त शताब्दी मजुमदार, डीपीएलआर निदेशक मेनका, एसडीओ चास प्रांजल ढांडा, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज, एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालको, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा तथा जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. शफीक आलम शामिल रहे।

अभियान के दौरान विभिन्न योजनाओं एवं प्रमाण पत्रों से जुड़ी सेवाओं के लिए व्यापक स्तर पर आवेदन प्राप्त हुए।

## अंतरराष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलन में कतरास के युवा कवि सचिन सिन्हा सम्मानित



**कतरास (आजाद सिपाही)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 110वीं जयंती के उपलक्ष्य में देश की राजधानी नयी दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में विश्व हिन्दी परिषद एवं भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय (21-22 नवंबर) अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलन-2025 का आयोजन हुआ। जिसमे धनबाद जिला के कतरास निवासी सचिन सिन्हा जो भारत सरकार के बीत मंत्रालय में कार्यरत है। उन्होंने 'स्वर्णिम भारत' शीर्षक नामक कविता सुनाकर काव्य पाठ के श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान इथियोपिया के राजदूत डेब्रु टेकले एवं विश्व हिंदी परिषद् के राष्ट्रीय महासचिव डॉ विपिन कुमार ने प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) प्रदान कर इन्हें सम्मानित किया। छह सत्रों में संपन्न इस द्वि-दिवसीय भव्य और दिव्य आयोजन में लद्दाख के महामहिम उप-राज्यपाल कवीन्द्र गुप्ता, निवर्तमान केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी, राज्य सभा सांसद केसी त्यागी, पूर्व मुख्य सचिव (उत्तर प्रदेश प्रशासन) दुर्गा प्रसाद मिश्र, सुदर्शन न्यूज के अध्यक्ष और प्रधान संपादक सुरेश चव्हाण अमेरिका, फिजी, सूरीनाम, गुयाना, ऑस्ट्रेलिया, जापान, इथियोपिया के हिन्दी प्रेमी, लेखक और विद्वान सहित भारत के विभिन्न प्रांतों के कवियों, लेखकों और शोधकर्ता मौजूद थे।

## बीसीसीयल माइंस क्षेत्र में संदिग्ध वाहन के खिलाफ सीआइएसएफ ने दिया आवेदन




**कतरास (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल बरोरा एरिया-1 में एक संदिग्ध वाहन को लेकर सीआइएसएफ द्वारा उठाया गया मुद्दा क्षेत्र में अब चर्चा का विषय बन गया है। सीआइएसएफ ने इस संबंध में स्थानीय बीसीसीएल प्रबंधन को लिखित शिकायत सौंपी थी, लेकिन फिर भी अधिकारियों की ओर से बरोरा थाना में अब तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं करायी गयी। सूत्रों के अनुसार, माइंस परिसर में संजय उद्योग कंपनी का एक वाहन (हाइवा) संदिग्ध अवस्था में खड़ा मिला था। वाहन के पास जरूरी कागजात नहीं थे और न ही उसमें जीपीएस सिस्टम लगा हुआ था, जो सुरक्षा मानकों का गंभीर उल्लंघन माना जाता है। सीआइएसएफ ने इसे सुरक्षा से जुड़ा संवेदनशील मामला बताते हुए इसकी जानकारी बीसीसीएल प्रबंधन को लिखित आवेदन देकर की थी। लेकिन अब तक केस दर्ज न होने को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि खदान क्षेत्र में बिना अनुमति और बिना दस्तावेज वाहन का पाया जाना गंभीर विषय है, जिसका प्रभाव उत्पादन और सुरक्षा दोनों पर पड़ सकता है।

## भगाबांध बस्ती पाठशाला स्कूल में 65 बच्चों के बीच साइकिल का वितरण



**कतरास (आजाद सिपाही)।** भागा बस्ती में पाठशाला स्कूल में सोमवार को धनबाद डीसी आदित्य रंजन के द्वारा 65 विद्यार्थियों को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन देसी आदित्य रंजन ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया सोमवार को कार्यक्रम दीप जलाकर उद्घाटन किया गया। डीसी आदित्य रंजन सुदूर गांव में शिक्षा का अलग जगाने वाले पाठशाला विद्यालय की प्रशंसा की। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई से संबंधित जानकारी बच्चों से ली। उन्होंने विद्यालय परिवार को हर संभव सहयोग करने का वादा किया। मौके पर स्कूल संस्थापक देव वर्मा, पप्पू दास, लक्ष्मण यादव, नीलकंठ महतो, लक्ष्मण कुमार, गौतम सोनार, भोलू रजवार, पूनम देवी, प्रभा सिंह आदि मौजूद थे .स्कूल में लड़का लड़की मिलकर 150 बच्चों अध्यनरत है। जिसमें 65 बच्चों को साइकिल वितरण किया गया है।

## सिंदरी भाकपा माले ने बैठक की



**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** भाकपा माले कार्यालय मार्शलिंग यार्ड मोड़ (श्री पति महतो भवन) में अहम बैठक किया गया इस बैठक का उद्देश्य आगामी 26 नवंबर 2025 को शहीद कामरेड श्रीपति महतो और शहीद कामरेड बीरबल महतो का श्रद्धांजलि सभा को कैसे सफल किया जाये उसको लेकर बैठक किया गया। इस बैठक के अध्यक्षता जगतु महतो जिसमें मुख्य रूप से परसबनिया पंचायत के मुखिया (राजा राम उर्फ भानू) ने बताया कि श्रीपति महतो और बीरबल महतो की उपलब्धि क्या थी कैसे उन्होंने संघर्ष किया कैसे लोगों को जागरूक किया पूरी जीवनी पर प्रकाश डालकर ग्रामीणों को बताया। इस बैठक में मुख्य रूप से मंगल महतो, मनोज रवानी,विक्की पंडित, जय प्रकाश सिंह, बसु रवानी,प्रमोद सिन्हा ,अरविंद महतो,राजा राम साव, रंजित माली, नंदी सिंह, भयो दास इत्यादि ग्रामीण मौजूद थे।

## शिविर में 281 आवेदन का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हुआ

**झरिया (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना आपके द्वार आपकी सरकार के कार्यक्रम आज झरिया वार्ड नंबर 35 में रखा गया। जिसका उद्घाटन नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त प्रतिभा रानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह था कि सरकार के योजना प्रत्येक जनता के बीच पहुंचे। सरकार की बड़ी योजना मंईयां समान योजना जिसमें काफी भारी भीड़ देखी गई सुबह से ही लंबी कतार महिलाओं का देखी गयी। जिसमे 281 ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पंजीकृत किया गया व लगभग 459 ऑफलाइन फार्म जमा किए गये। जिसमें आयुष्मान 50 आवेदन सड़क व नाली से संबंधित दो आवेदन राशन कार्ड 20 जमीन संबंधित रसीद म्यूटेशन एक विकलांग संबंधित एक कौशल विकास संबंधित 50 आवेदन होल्डिंग टैक्स जीरो बताया गया जिसमें प्रखंड कार्यालय से कई कर्मी मनीषा कुमारी विजय राम राहुल शर्मा आदि उपस्थित थे ।

# भारतीय नौसेना में स्वदेशी युद्धपोत आइएनएस माहे शामिल, समुद्र में दुश्मन की पनडुब्बियों को तलाशेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** स्वदेशी युद्धपोत आइएनएस माहे सोमवार को भारतीय नौसेना में कमीशन किया गया। यह माहे-क्लास का पहला पनडुब्बी रोधी (एंटी सबमरीन) और उथले पानी (जहां पानी की गहराई कम हो) में चलने वाला युद्धपोत है, जो तटीय इलाकों के लिए खास तौर पर डिजाइन किया गया है।

मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में हुए समारोह में आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी मुख्य अतिथि रहे। द्विवेदी ने तीनों सेनाओं की संयुक्त ताकत पर जोर दिया। उन्होंने कहा- सशस्त्र बलों की सबसे बड़ी शक्ति सिनर्जी है। ऑपरेशन सिंदूर इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह जहाज उथले पानी में ऑपरेशन, तटीय इलाकों में गश्त, समुद्री रास्तों की सुरक्षा और दुश्मन पनडुब्बियों की तलाश जैसे कामों में बड़ी भूमिका निभायेगा। ये काम बिना शोर के करने की काबिलियत के चलते इसे साइलेंट हंटर नाम दिया गया है।



**आइएनएस माहे का 80 प्रतिशत हिस्सा भारत में ही बना :** आइएनएस माहे को कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने तैयार किया है, जो नौसेना की आत्मनिर्भर भारत पहल का एक मजबूत कदम माना जा रहा है। नौसेना ने इसे नये दौर का तेज, फुतीर्ला और आधुनिक भारतीय युद्धपोत कहा है। आइएनएस माहे भारतीय नौसेना की नयी पीढ़ी का युद्धपोत है, जिसे विशेष रूप से एंटी-सबमरीन वॉरफेयर के लिए तैयार किया गया है। यह शैलो वॉटर यानी कम गहराई वाले समुद्री क्षेत्रों में भी उच्च सटीकता (हाई-प्रिसिजन) के साथ ऑपरेशन करने में सक्षम है। इसका 80 प्रतिशत हिस्सा भारत में ही बना है। यह एक मल्टी-रोल वॉरशिप है, जो कोस्टल डिफेंस, अंडरवॉटर सर्विलांस और सर्च-एंड-रेस्क्यू जैसे कई महत्वपूर्ण मिशन में तैनात किया जा सकता है। इसमें माइन ले-ड्रॉपिंग की क्षमता भी है, जिससे यह समुद्री मार्गों को सुरक्षित करने और दुश्मन की गतिविधियों को रोकने में सक्षम है।

### इसलिए कहा जाता है साइलेंट हंटर

आइएनएस माहे स्टेल्थ सक्षम पोत है, जो दुश्मन की निगरानी प्रणाली से छुपकर, चुपचाप ऑपरेशन कर सकता हैं। यह लो-नॉइज ऑपरेशन यानि बेहद कम शोर में काम करता है, जिससे दुश्मन को बिना पता चले पनडुब्बियों का पता लगाने और उन्हें ट्रैक करने में सक्षम होता है। स्टेल्थ डिजाइन और शांत इंजन के कारण इसे साइलेंट हंटर भी कहा जाता है।



### तेजी हो रहा रहा है बदलाव : सेना प्रमुख

समारोह के अंत में सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आइएनएस माहे और उसके क्रू को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा- जब यह जहाज आज अपना ध्वज फहराता है, तो यह केवल नौसेना ही नहीं, पूरे देश का विश्वास साथ लेकर चलता है। इसके हर मिशन में सफलता मिले और इसके नाविक राष्ट्र सेवा में सदैव तत्पर रहें।

**पुडुचेरी के माहे शहर से लिया गया है नाम :** आइएनएस माहे का नाम पुडुचेरी के माहे शहर से लिया गया है, जो केरल के मालाबार तट पर स्थित है। यह शहर समुद्री इतिहास, व्यापार और तटीय संस्कृति के लिए जाना जाता है। नौसेना ने इसका नाम इसलिए चुना, क्योंकि माहे समुद्री परंपरा और भारत के तटीय सामरिक महत्व का प्रतीक है।

जहाज के चिन्ह (क्रेस्ट) में उरूमी नाम की लचीली तलवार भी दिखाई देती है, जो केरल की कलारीपयट्टू मार्शल आर्ट से जुड़ी है। यह तलवार फुर्ती, लचीलापन और सटीक वार का प्रतीक है। इस तरह माहे शहर का इतिहास और समुद्री पहचान, दोनों मिलकर जहाज के नाम का सही अर्थ बताते हैं।

# दिल्ली में गलत रनवे पर उतर गया अफगानिस्तान का प्लेन

- उड़ान भरने वाले रनवे पर हो गयी लैंडिंग
- गनीमत रही इस पर कोई विमान नहीं था



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक बड़ा हादसा टल गया। यहां अफगानिस्तान का एक विमान उड़ान भरने वाले रनवे पर उतर गया। गनीमत रही कि इस रनवे पर कोई दूसरा विमान नहीं था। घटना रविवार दोपहर 12:06 बजे की है, लेकिन सोमवार सुबह मीडिया में आयी। अफगानिस्तान की एरियाना एयरलाइंस की यह फ्लाइट एफजी311 काबूल से आ रहा था। सूत्रों के मुताबिक विमान को रनवे 29 लेफ्ट (29एल) पर लैंडिंग की अनुमति दी गयी थी, लेकिन पायलट ने गलती से इसे रनवे 29 राइट (29आर) पर उतार दिया। यह रनवे आमतौर पर टेकऑफ के लिए इस्तेमाल होता है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, उस समय रनवे 29आर पर कोई विमान टेकऑफ के लिए मौजूद नहीं था, वरना गंभीर हादसा हो सकता था। एविएशन अथॉरिटीज ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उनका कहना है कि अफगानिस्तान के एविएशन अधिकारियों को इस गंभीर गलती को लेकर रिपोर्ट भेजी जायेगी।

### अधिकारी बोले- ये 'मिरेकल एस्केप'

दिल्ली एयरपोर्ट के अधिकारियों ने विमान के गलत रनवे पर उतरने की घटना को 'मिरेकल एस्केप' बताया है। यानी, जब बहुत बड़ा हादसा होने की संभावना हो, लेकिन किसी संयोग या किस्मत से वह टल जाए।

# कर्नाटक मुख्यमंत्री के बदलने की अटकलें

**नयी दिल्ली/चंडीगढ़।** कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलने की अटकलों के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को कहा कि इस मामले में निर्णय पार्टी हाईकमान ही करेगा और इस पर वह कुछ नहीं कहना चाहते। उन्होंने यह टिप्पणी मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से शनिवार को हुई उनकी एक घंटे से अधिक की बैठक के बाद की। खड़गे ने मीडिया के सवालों पर कहा- जो भी होगा, हाईकमान करेगा। आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। वहीं, खड़गे के बयान पर बीजेपी विधायक सुरेश कुमार ने  पर लिखा- अगर कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष हाईकमान नहीं है, तो कौन है? इधर, राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने संकेत दिया कि अगर राज्य में नेतृत्व परिवर्तन होता है तो वे भी सीएम पद की रेस में हैं।







VERMA PRESS ®
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |


मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

## बॉलीवुड के ही-मैन कहलाये, वीरू के किरदार में अमर हो गये

# शानदार रहा धर्मेंद्र का छह दशक का करियर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** धर्मेंद्र ने 60 के दशक में अपने अभिनय का सफर शुरू किया था। वह बॉलीवुड में सबसे ज्यादा हिट फिल्में देने वाले कलाकार हैं। पंजाब के एक गांव से निकलकर वह मायानगरी आये और अपने अभिनय से सबके दिलों में छा गये। 6 दशक तक फिल्मों में अभिनय करने वाले धर्मेंद्र ने अपने करियर में लगभग 300 से ज्यादा फिल्में कीं। इस दौरान उन्होंने हर तरह के किरदारों को बड़े पर्दे पर उतारा। फिल्मों की वजह से धर्मेंद्र की जितनी चर्चा रही, उतनी ही चर्चा उनके निजी जीवन को लेकर भी रही। धर्मेंद्र की भावी पीढ़ी ने भी उनकी अभिनय की विरासत को संजोकर रखा है और लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। यहां जानिए धर्मेंद्र के करियर, स्टारडम पाने की कहानी, निजी जीवन और उनसे जुड़े कुछ चर्चित किस्से, जिनके सहारे धर्मेंद्र हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे।




**धर्मेंद्र का शुरुआती जीवन :** पंजाब के लुधियाना जिले के एक गांव नासराली में धर्मेंद्र का जन्म 8 दिसंबर 1935 को हुआ था। धर्मेंद्र का पूरा नाम धर्मेंद्र केवल कृष्ण देओल था। पिता का नाम केवल कृष्ण और मां का सतवंत कौर था। धर्मेंद्र का शुरुआती जीवन सानेहवाल गांव में ही गुजरा, सरकारी स्कूल से पढ़ाई-लिखाई हुई थी। इसी स्कूल के हेडमास्टर उनके पिता थे। धर्मेंद्र ने पंजाब यूनिवर्सिटी से धर्मेंद्र से अपनी हायर एजुकेशन पूरी की थी। फिल्मफेयर मैगजीन ने एक न्यू टैलेंट कॉम्पिटिशन करवाया जिसके विजेता धर्मेंद्र बने थे। इसके बाद अभिनय करने वह मुंबई चले आये थे।

**अभिनय ने छोड़ी दर्शकों पर गहरी छाप :** 1960 में फिल्म दिल भी मेरा हम भी तेरे से बॉलीवुड में धर्मेंद्र ने डेब्यू किया था। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर सफलता नहीं मिली। इसके बाद वह फिल्म शोला और शबनम में नजर आये थे, इस फिल्म को मनचाही सफलता मिली। आगे चल कर धर्मेंद्र ने अनपढ़, बंदिनी, आई मिलन की बेला, हकीकत, फूल और पत्थर, ममता, अनुपमा, इज्जत, आंखें, शिखर, मंझली दीदी, चंदन का पालना, मेरे हमदम मेरे दोस्त, दो रास्ते, सत्यकाम, आदमी और इंसान जैसे हिट और उम्दा फिल्में दीं।

**हेमा मालिनी संग बनी हिट जोड़ी :** धर्मेंद्र ने करियर के शुरुआती दस वर्षों में खुद को उम्दा अभिनेता के तौर पर बॉलीवुड में स्थापित कर दिया था। 70 के दशक में आकर उन्हें स्टारडम मिला। इस दशक में वह सबसे ज्यादा हेमा मालिनी के साथ फिल्मों में नजर आए थे। उनकी जोड़ी को बड़े पर्दे पर दर्शकों को ने खूब पसंद किया था। इस दशक में ही उन्होंने कई हिट फिल्में दीं। हेमा मालिनी के साथ धर्मेंद्र सीता और गीता, तुम हसीन मैं जवान, शराफत, नया जमाना, राजा जानी, जुगनु, दोस्त, पत्थर के फूल, शोले, चरस, मां, चाचा भतीजा और आजाद जैसी फिल्मों में बतौर हीरो दिखे थे। इसी दशक में उन्होंने ह्यमेरा नाम जोकर और मेरा गांव मेरा देश जैसी फिल्मों में भी उम्दा किरदार निभाये थे। वह बॉलीवुड के सबसे बड़े सुपरस्टार में शामिल हो गये थे।

**80-90 के दशक में कैरेक्टर्स रोल में दिखे :** अपने करियर में धर्मेंद्र ने एक्शन फिल्में खूब की थीं, वह हिंदी सिनेमा के ही-मैन कहलाते थे। लेकिन जब बात कॉमेडी की आयी, तो उन्होंने दर्शकों को खूब हंसाया। चुपके चुपके (1975) प्रतिज्ञा (1975) से लेकर यमला पगला दीवाना (2011) तक कई कॉमेडी फिल्में भी की थीं। 80 और 90 के दशक में आकर धर्मेंद्र कैरेक्टर्स रोल में नजर आने लगे थे। इस दशक में भी वह बड़े पर्दे पर खूब सक्रिय रहे, उनकी फिल्मों की लिस्ट काफी लंबी है। इसमें ह्यप्यार किया तो डरना क्या? लाइफ इन ए मेट्रो, जॉनी गद्दार और अपने जैसी चर्चित फिल्में शामिल हैं। 88 साल की उम्र में साल 2023 में वह फिल्म रॉकी रानी की प्रेम कहानी में नजर आये थे, शबाना आजमी के साथ इस फिल्म में किसिंग सीन देकर उन्होंने हंगामा ही मचा दिया था। इसके बाद 89 साल में 2024 में आई शाहिद कपूर की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में भी वो दिखायी दिये थे। अब साल 2025 में उनकी एक फिल्म इक्कीस रिलीज होने वाली है। जो उनकी आखिरी फिल्म होगी।

**शोले में निभाया वीरू का आइकॉनिक किरदार :** धर्मेंद्र ने अपने करियर में लगभग 300 फिल्में की थीं लेकिन फिल्म ह्यशोलेह्न उनके करियर की सबसे यादगार फिल्म थी। इस फिल्म में उनका निभाया वीरू का किरदार अमर हो चुका है। धर्मेंद्र का नाम लेने पर सबसे पहले यही किरदार दर्शकों को याद आता है। हाल ही में इस फिल्म ने अपनी गोल्डन जुबली पूरी की है।

**धर्मेंद्र का निजी जीवन :** धर्मेंद्र अपनी फिल्मों के कारण ही नहीं अपने निजी जीवन के कारण भी काफी चर्चा में रहते थे। धर्मेंद्र ने दो शादी की थीं। पहली शादी कम उम्र में ही प्रकाश कौर से हुई थी। प्रकाश कौर और धर्मेंद्र के दो बेटे और दो बेटियां हैं, सनी देओल और बॉबी देओल। पिता की विरासत को बॉबी और सनी ने आगे बढ़ाया है, दोनों ही बॉलीवुड के चर्चित एक्टर्स हैं। धर्मेंद्र और प्रकाश कौर की बेटियों के नाम अजीता और विजीता हैं। साल 1980 में धर्मेंद्र ने एक्ट्रेस हेमा मालिनी से दूसरी शादी की थी। हेमा मालिनी और धर्मेंद्र की दो बेटियां हैं, एशा और अहाना।

### धर्मेंद्र से जुड़े किस्से

एक्टर बनने से पहले धर्मेंद्र रेलवे में क्लर्क की नौकरी किया करते थे, उन्हें 125 रुपये महीना सैलरी मिलती थी। धर्मेंद्र का शुरुआती एक्टिंग करियर संघर्ष से भरा था। उन्होंने कई रातें चने खाकर रेलवे स्टेशन पर गुजारी थीं। वह रोल पाने के लिए प्रोड्यूसर्स के यहां मीलों पैदल चलकर जाते थे, जिससे कुछ पैसे बचा सकें और वह खाना खा सकें। एक बार शशि कपूर उन्हें अपने घर लेकर गए थे और भरपेट खाना खिलाया था। इस बात का जिक्र उन्होंने अपने कई इंटरव्यूज में किया है। धर्मेंद्र अपनी एक्शन फिल्मों के लिए दर्शकों के बीच मशहूर थे। वह फिल्मों में अपने एक्शन सीन्स खुद किया करते थे। कभी भी धर्मेंद ने बॉडी डबल की मदद एक्शन सीन्स के लिए नहीं ली।


# पाकिस्तान आर्मी हेडक्वार्टर में आत्मघाती हमला

- चादर लपेट कर पहुंचे हमलावर ने खुद को उड़ाया
- धमाके के बीच 2 आतंकी और घुसे, कमांडो ऑपरेशन में मारे गये

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पेशावर में सोमवार सुबह फ्रंटियर कॉन्स्टेबुलरी (एफसी) मुख्यालय पर हुए आत्मघाती हमले में 6 लोग मारे गए, जिनमें 3 कमांडो और 3 हमलावर शामिल हैं। कई लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस की प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबिक हमलावर खुद को चादर से ढक कर पहुंचा था। उसने चौकी पर पहुंचते ही खुद को उड़ा लिया। इसमें 3 पुलिसकर्मी मारे गये। पेशावर कैपिटल सिटी के पुलिस अधिकारी डॉ. मियां सईद ने बताया कि विस्फोट के बाद मौके का फायदा उठाकर 2 और हमलावर कांस्टेबुलरी हेडक्वार्टर के कैंपस में घुसने में कामयाब हो गए। दोनों राइफलों और हथगोले से लैस थे। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने हमलावरों से मुठभेड़ की और उन्हें मार गिराया। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमले के समय परेड चल रही थी। सईद ने बताया कि समय पर हुई कार्रवाई से हमलावरों को बड़ी घटना करने से रोकने में मदद मिली।

**पाकिस्तान ने हमले के लिए टीटीपी को जिम्मेदार बताया :** पाकिस्तान फौज ने आरोप लगाया है कि इस हमले के पीछे भारतीय प्रॉक्सी फितना-उल-खवारिज जिम्मेदार है। यह शब्द पाकिस्तान तालिबान टीटीपी के लड़ाकों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। एफसी पाकिस्तान की एक सिविल मिलिट्री फोर्स है, जिसका मुख्यालय एक भीड़भाड़ वाले इलाके में स्थित है और सैन्य कैंटोनमेंट के करीब है। सेना और पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और हालात को संभाल रहे हैं, क्योंकि हमें शक है कि हेडक्वार्टर के अंदर कुछ हमलावर हैं।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**